

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791



वर्ष : 01 अंक : 143 रांची, मंगलवार, 07 मई, 2024 (वैशाख कृष्ण 14, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

# पुलिस कस्टडी में चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल हुए हेमंत सोरेन

- बेटे को देख भावुक हो गयीं मां रूपी सोरेन, दीं आशीर्वाद

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकले हैं। वह अपने चाचा के श्राद्ध कर्म में शामिल होने रामगढ़ के नेमरा गांव पहुंचे। इस दौरान पूर्व सीएम कुछ अलग अंदाज में दिखे। उनका नया लुक सामने आया, जो काफी हद तक उनके पिता शिबू सोरेन जैसा था। हेमंत सोरेन ने यहां पहुंचकर अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया। उन्हेंस देख उनकी मां रूपी सोरेन भावुक हो गईं। बताते चलें कि हाई कोर्ट ने उन्हें पुलिस कस्टडी में इस कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति प्रदान की है।



श्राद्ध कर्म में शामिल होने के बाद पुनः बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार लौट गए। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन की ओर से एक दिन की औपबंधिक जमानत मांगी गई थी, जिस पर हाई कोर्ट ने अनुमति नहीं प्रदान की। कोर्ट ने उन्हें पुलिस कस्ट डी में शामिल होने की छूट प्रदान की और इस दौरान मीडिया से दूर रहने का निर्देश दिया। बता दें कि रांची के बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन मामले के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी ने 31 जनवरी की रात को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

## झारखंड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हेमंत

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। ये याचिका उनके अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने डाली है। बीते दिनों हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उनकी गिरफ्तारी को सही ठहराते हुए याचिका को खारिज कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने इसी फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

**3 मई को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका :** कपिल सिब्बल ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए सीजेआई के समक्ष मामले का उल्लेख किया। सीजेआई ने कहा कि वह अनुरोध पर गौर करेंगे। 3 मई को झारखंड हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली सोरेन की रिट याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। अपनी याचिका में सोरेन ने दावा किया है कि उनकी गिरफ्तारी अनुचित थी और मामले में उनकी रिमांड मनमाना और अवैध थी।

**भूमि घोटाला मामले में गिरफ्तारी :** सोरेन को ईडी ने जनवरी में भूमि घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था। फिलहाल न्यायिक हिरासत में चल रहे सोरेन रांची की बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद हैं। रांची की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने भूमि घोटाला मामले में सोरेन की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत 10 मई को अपना फैसला सुनाएगी।

**किन-किन लोगों की हुई है गिरफ्तारी :** बता दें कि, हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में अब तक कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कुछ दिन पहले ईडी ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तर किया था। इसमें एक जेएमएम नेता भी शामिल थे। इससे पहले अंचल अधिकारी भानु प्रताप, आर्किटेक्ट विनोद सिंह, राजकुमार पाहन, अफसर अली खां, मो सद्दाम, प्रदीप बागची, इम्तियाज अहमद, फयाज, तल्हा खान की गिरफ्तारी हो चुकी है। बाद में जेएमएम नेता अंतु तिर्की, ठेकेदार बिपिन सिंह, जमीन कारोबारी प्रियरंजन सहाय, इरशाद की गिरफ्तारी हुई थी।

## सीआइएससीइ ने जारी किया 10वीं का रिजल्ट

- सिटी टॉपर उत्कर्ष, आद्या और श्रीया को मिले 99.6% अंक

**रांची।** सीआइएससीइ बोर्ड ने सोमवार को 10वीं का रिजल्ट जारी किया। रांची जोन के कुल 35 स्कूलों से 4859 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। सिटी टॉपर की सूची में तीन विद्यार्थी उत्कर्ष वैभव, आद्या श्री व श्रीया गाखर ने संयुक्त रूप से 99.6% अंक हासिल कर अपना स्थान बनाया है। वहीं, सिटी के टॉप-10 में 33 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनायी है। इसमें छात्राओं की संख्या सर्वाधिक 22 है। 10वीं के सिटी कोऑर्डिनेटर फादर मनोज कुल्लू ने बताया कि इस वर्ष भी छात्र की तुलना में छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय है। प्रायः स्कूल की टॉपर सूची में छात्राएं उपस्थिति दर्ज करने में सफल रही हैं।

## संक्षिप्त

### प्रधानमंत्री मोदी अब 11 को आएंगे सिमरिया

**रांची।** झारखंड की धरती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले 12 मई को झारखंड दौरे पर आने वाले थे। अब वे 11 मई को ही झारखंड आएंगे। अपने झारखंड दौरे के क्रम में प्रधानमंत्री मोदी चतरा लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा का आयोजन चतरा के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरुवे मैदान में अपराह्न 3 बजे किया गया है।

### 93 सीटों पर आज होगा मतदान

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मंगलवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 93 सीटों पर मतदान होगा। इसमें छह केंद्रीय मंत्रियों सहित विभिन्न दलों के कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला होना है। इस चरण में बिहार की पांच, पश्चिम बंगाल की चार, गोवा की दो, गुजरात की सूरत लोकसभा सीट को छोड़ कर बाकी सभी 25, छत्तीसगढ़ की सात और कर्नाटक की 14 सीटों पर मतदान होगा।

### धनबाद में अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो बहनों को रौंदा, मौत

**धनबाद।** शहर के बिरसा मुंडा पार्क स्थित आठ लाइन पर सोमवार को अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो बहनों को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो सवार प्रदीप मंडल और राजू मंडल को पकड़कर मौके पर पहुंची धनबाद थाना पुलिस के हवाले कर दिया। मृतकों में डिनोबली स्कूल भूली की नौवीं की छात्रा जिया और उसकी बड़ी बहन है। स्कॉर्पियो मेमको मोड़ की तरफ से विनोद बिहारी चौक की तरफ से काफी तेज गति से आ रही थी।

# मंत्री आलमगीर के करीबी के घर मिला नोटों का पहाड़

## ईडी ने 9 ठिकानों पर 16 घंटे तक की छापेमारी, 35 करोड़ बरामद, सियासत में उबाल

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की टीम ने सोमवार की सुबह झारखंड की राजधानी रांची में 9 ठिकानों पर दबिश डाली। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके सहायक (नौकर) जहांगीर आलम के ठिकानों पर भी ईडी ने छापेमारी की। उनके घर से करीब 35 करोड़ कैश मिले हैं। 16 घंटे रेड चली है। बार-बार गर्म होकर नोट गिनने की मशीन काम नहीं कर रही थी। 8 मशीनों से नोट गिने गए। 12 टिन के बक्सों में नोट भरकर रखे गए। मीडिया रिपोर्ट की मानें, तो रांची के 9 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की।

ईडी ने यह कार्रवाई बीते साल गिरफ्तार हुए झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से जुड़े मामलों में की है। उन पर कुछ योजनाओं के कार्यान्वयन में भारी अनियमितता का आरोप है। ईडी के मुताबिक इन सरकारी योजनाओं के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि इस संदर्भ



में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। रांची के जिन 9 ठिकानों पर ईडी ने छापे मारे हैं, उसमें पथ निर्माण विभाग में कार्यरत सेल सिटी के इंजीनियर विकास कुमार का आवास भी शामिल है। इसके अलावा मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के सहायक जहांगीर आलम, मुन्ना सिंह समेत बरियातू के ठिकानों पर छापेमारी की। बताया जा रहा है कि ठेकेदार मुन्ना सिंह, झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल का करीबी है। बताते चलें कि, ईडी ने बीते साल फरवरी माह में तत्कालीन मुख्य अभियंता बीरेंद्र राम के 24 ठिकानों छापे मारे थे। छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेजों के आधार पर उनसे पूछताछ शुरू हुई थी। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। झारखंड के इस मुख्य अभियंता के ठिकानों से 30 लाख रुपये के अलावा 1.50 करोड़ रुपये के जेवरात मिले थे। ईडी को उनके पास 100 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति का भी पता चला था।

### मंत्री को तुरंत बर्खास्त करे सरकार : बाबूलाल मरांडी

**गिरिडीह।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां ईडी के द्वारा की गयी छापेमारी और बड़े रकम की बरामदगी को लेकर अपनी प्रतिक्रिया में तत्काल आलमगीर आलम को सरकार से बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सभी मंत्री के यहां अगर छापेमारी की जाए तो बड़ा धन कुबेर का पता चलेगा। श्री मरांडी ने सोमवार को सीपी चौधरी के नामांकन में शामिल होने के लिए बोकारो पहुंचने पर पत्रकारों से बात करते हुए कही।

## बोले प्रधानमंत्री मोदीः देखिए झारखंड में ये क्या हो रहा...

**ओडिशा।** झारखंड की राजधानी रांची में चंपाई सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के घर मिले नोटों के ढेर पर अब राजनीति तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस मुद्दे को उठाने में पीछे नहीं रहे। उन्होंने ओडिशा के नबरंगपुर में एक रैली के दौरान कहा कि मैं रुपया एक भेजूंगा तो भी खाने नहीं दूंगा। जो खाएगा वो जेल जाकर खाना खाएगा। जेल की रोटी चबाएगा। पीएम ने कहा कि आज घर जाओगे तो टीवी पर देखना आज यहां पड़ोस में (झारखंड) नोटों के पहाड़ पाए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी माल पकड़ रहा है। उन्होंने लोगों से पूछा कि अब मुझे बताओ, क्या मैं उनकी चोरी बंद कर दूं, उनकी कमाई बंद कर दूं। उनकी लूट बंद कर दूं, वो मोदी को गाली देंगे कि नहीं देंगे? लेकिन मुझे ये काम करना चाहिए या नहीं? मुझे आपके हक का पैसा



बचाना चाहिए या नहीं।

**किसी को एक पैसा खाने नहीं दूंगा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 40 साल पहले एक प्रधानमंत्री ओडिशा आए थे। उन्होंने कहा था कि मैं दिल्ली से एक रुपया भेजता हूं, लेकिन गरीबों तक केवल 15 पैसे ही पहुंचते हैं। यानी 100 में से 15 पैसे, 85 पैसा कांग्रेस के पंजे ने लूट लिया। आपने इस गरीब मां के बेटे को मौका दिया और मैंने कहा कि मैं एक रुपया भेजूंगा और किसी को एक पैसा भी नहीं खाने दूंगा।

शेष पेज 08 पर

## एलजी ने की एनआईए जांच की सिफारिश

- देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई के लिए बड़ी रकम लेने का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से कथित तौर पर पोलिटिकल फंडिंग प्राप्त करने के लिए जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, उपराज्यपाल को शिकायत मिली थी कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करने और खालिस्तानी समर्थक भावनाओं को बढ़ावा देने के लिए

### बुरे फंसे केजरीवाल



चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से भारी मात्रा में रकम मिली। आरोप है कि आम आदमी पार्टी को चरमपंथी खालिस्तानी समूहों से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिले थे। एलजी वीके सक्सेना ने यह कार्रवाई एक शिकायत के आधार पर की है।

शेष पेज 08 पर

## रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने किया नामांकन

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष यशस्विनी ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान यशस्विनी सहाय के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्यसभा सांसद महुआ माजी सहित अन्य मौजूद थे। नामांकन कर बाहर निकालने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा कि उन्हें जनता का प्यार और समर्थन मिलेगा।

शेष पेज 08 पर



### अंतिम दिन गिरिडीह से आजसू के चन्द्र प्रकाश चौधरी व झामुमो के मथुरा महतो समेत 16 उम्मीदवारों ने किया नामांकन दाखिल

**बोकारो।** लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से राजग (आजसू) उम्मीदवार निवर्तमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी तथा इंडी गठबंधन (झामुमो) के उम्मीदवार मथुरा महतो समेत कुल 16 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।

विस्तृत पेज पांच पर

## पूर्व सांसद रामटहल चौधरी की भाजपा में दोबारा वापसी



रांची। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद रामटहल चौधरी सोमवार को दोबारा भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने रांची लोकसभा सीट से टिकट ना मिलने पर पिछले दिनों कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, रांची प्रत्याशी संजय सेठ और पूर्व सांसद महेश पोद्दार की मौजूदगी में उनके आवास पर उन्हें पार्टी में शामिल कराया। भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मैं पार्टी से बाहर गया ही नहीं था। मैंने रिजाइन किया फिर भी इसे एक्सेप्ट नहीं किया गया। तब मुझे लगा कि भाजपा मेरी कदर जानती है।

शेष पेज 08 पर

### मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बोकारो सेक्टर 5 स्थित पुस्तकालय मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया, कहा

# भाजपा ने 10 वर्षों तक जनता से झूठ बोल किया राज

प्रातः नागपुरी संवाददाता, बोकारो

- झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार का लगाया आरोप
- आरक्षण विरोधी केंद्र सरकार को जवाब देने का समय

सोमवार को बोकारो पहुंचे सीएम चंपाई सोरेन ने बीजेपी पर हमला बोला। कहा-भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 10 वर्षों तक जनता से झूठ बोलकर देश में राज किया है। बीजेपी के सांसद ने भी कोई काम नहीं किया है। कितने शर्म की बात है इनकी कोई काबिलियत नहीं, कभी सदन में जनता के मुद्दों को उठाया तक नहीं और प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर वोट मांगने निकले हैं। उक्त बातें झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहीं। वे गिरिडीह संसदीय सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो के समर्थन में बोकारो सेक्टर 5 स्थित पुस्तकालय मैदान



में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी झूठ बोलकर देश में महंगाई कम करने के नाम केंद्र में पहुंची थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद गैस सिलेंडर 400 से 1100 रुपए और पेट्रोल-डीजल के दाम 50 रुपए से 100 रुपए कर दिया। उन्होंने कहा था काला धन विदेशों से वापस लाएंगे और सभी देशवासियों के खाते में 15 लाख रुपए देंगे, लेकिन आजतक किसी के खाते में 15 पैसा भी नहीं डाला। भाजपा ने कहा था 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे, लेकिन रोजगार नहीं दिया। झारखंड में रघुवर सरकार के कार्यकाल में डबल इंजन की सरकार ने गरीबों के 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिए। लेकिन हेमंत बाबू को जनादेश मिला, तो महागठबंधन सरकार ने 20 लाख राशन कार्ड गरीबों के बीच बांट दिया। हर परिवार को हमलोगों ने एक हजार पेंशन देने का काम किया है। उन्होंने सभा के माध्यम से गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को भारी मतों से जिताने की अपील की।

**भाजपा ने बंद कराया था प्राथमिक विद्यालय :** मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा सरकार ने झारखंड में प्राईमरी स्कूल भी बंद कर दिया था, ताकि यहां के आदिवासी व दलित के बेटा-बेटी पढ़ाई नहीं कर सकें। लेकिन हमारी सरकार सभी गांवों में स्मार्ट मॉडल स्कूल खोलने की योजना पर काम कर रही है। इन स्कूलों में गरीब और किसान के बेटा-बेटी अब निजी स्कूल से बेहतर पढ़ाई करेंगे। उन्होंने कहा भाजपा ने कभी भी झारखंड के हित में काम नहीं किया। 1930 के खतियान के आधार पर स्थानीयता के मामले पर हेमंत सरकार ने विधानसभा से प्रस्ताव पारित कराया, लेकिन भाजपा के लोगों ने बड़ी चालाकी से इसे राजभवन में रुकवा दिया है।

शेष पेज 08 पर

## भाजपा हमारी सीता को चुरा ले गई और गीता को भी ईडी के दबाव में अपने झांसे में ले लिया : पप्पू यादव

एजेंसियां, धनबाद

बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पूर्व सांसद पप्पू यादव ने सोमवार को भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा हमारी सीता को चुरा ले गई और गीता को भी ईडी के दबाव में अपने झांसे में ले लिया। पप्पू यादव धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करने धनबाद पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा देकर अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रही भाजपा चुनाव हारेगी और इंडि राहुल गांधी के नेतृत्व में चार जून के बाद सरकार बनाएगी। सबसे पहले वह धनबाद के बारामुड़ी खटाल



पहुंचकर अपने चिरपरिचित अंदाज में खाट पर बैठकर दाल-भात-चोखा खाया। इसके बाद उन्होंने बच्चों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं, इसके साथ ही धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट मांगा।

उन्होंने कहा कि धनबाद के विकास के लिए स्वच्छ एवं अच्छे नेता का चुनाव करें, जो दागदार न हों। अनुपमा सिंह श्रेष्ठ प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि पूर्णिया सीट पर आज पूरे विश्व की निगाहें हैं। उनका किसी से कोई भेदभाव नहीं है। परिवार भी उनके साथ है।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### रजरप्पा मंदिर पहुंचे चंद्रप्रकाश चौधरी



**रामगढ़** । गिरिडीह लोकसभा से चंद्र प्रकाश चौधरी एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी हैं। वे सोमवार को आजसू की टिकट पर अपना नामांकन करेंगे। नामांकन से पहले वह रजरप्पा मंदिर पहुंचे और मां छिन्नमस्तिका से जीत का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर उनके साथ उनकी पत्नी रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी भी साथ थी। रजरप्पा मंदिर में विधिवत रूप से पूजा पाठ करने के बाद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि कोई भी शुभ काम करने से पहले वे माता दरबार पहुंचकर उनका आशीर्वाद लेते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई ऊंचाई दी है। क्षेत्र में विकास हुआ है और जनता विपक्षियों को सबक सिखाने के लिए कमर कस चुकी है। इस बार उनकी जीत एक बार फिर निश्चित होगी।

### लिमडा की मुखिया सोमारी देवी लौटीं भाजपा में



**खूंटी।** भाजपा के खूंटी लोकसभा संयोजक और विधायक कोचे मुंडा ने सोमवार को लिमड़ा पंचायत के डुमारी ग्राम में लोगों से मिलकर भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा को भारी मतों से बचाने की अपील की। विधायक ने मुखिया सोमारी उरांव के आवास में जाकर लोकसभा चुनाव में उनसे सहयोग मांगा। मौके पर विधायक ने कहा कि आप सिर्फ एक सांसद नहीं, बल्कि केंद्र सरकार में मंत्री चुन रहे हैं। मुखिया सोमारी उरांव विधायक के समक्ष पुनः भाजपा में शामिल हुई। मौके पर भाजपा नेता विनोद सिंह, भगीरथ राय सहित अन्य उपस्थित थे।

### भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**खूंटी।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के संयोजक कोच मुंडा ने सोमवार को गोविंदपुर में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन मंडल अध्यक्ष रामध्यान सिंह के साथ की। मौके पर विधानसभा संयोजक शशांक शेखर राय, विधानसभा सहसंयोजक विनोद भगत, विधानसभा प्रभारी अरुणचंद्र गुप्ता, प्रदेश काग्रसमिति सदस्य संतोष जायसवाल, शिव शंकर मिश्र, शिव कुमार केसरी, ब्रजेद्र हेमराम, राजन मुंडा आदि ने कार्यकताओं से अर्जुन मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए कार्यकताओं से घर-घर जाकर भाजपा प्रत्यशी के पक्ष में जनसंपर्क करने का आह्वान किया।

## लोकसभा चुनाव 2024 : रामगढ़ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शराब की अवैध बिक्री को लेकर छापेमारी

# भारी मात्रा में शराब जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता

**रामगढ़** । लोकसभा चुनाव के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध रामगढ़ पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। रामगढ़ पुलिस को एक बार फिर शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब, देसी महुआ शराब और जावा महुआ जप्त किया है। इस दौरान तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि चुनाव के दौरान नशीले पदार्थ एवं अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया गया था। पतरातू अनुमंडल क्षेत्र में अवैध



रूप से शराब की बिक्री चोरी छुपे करते हुए लोगों की सूचना भी पुलिस को मिल रही थी। इस अभियान में कुल 418 बोतल अंग्रेजी शराब पुलिस ने जप्त किया है। साथ ही 125 लीटर देसी महुआ शराब और 280 किलो जावा महुआ जप्त कर पुलिस ने नष्ट किया है।

### पतरातू एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस ने मारा छापा

पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। इस दौरान पतरातू थाना के कोतो गांव निवासी विक्रांत कुमार के घर से भारी मात्रा में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु रखे गए 228 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। बासल थाना निवासी रमेश साहू के दुकान से 47 बोतल अंग्रेजी शराब, भदानीनगर ओपी क्षेत्र के चिकोर गांव निवासी जितेंद्र प्रसाद कुशवाहा के पास से 20 लीटर अवैध देसी महुआ शराब और एक क्विंटल जावा महुआ जप्त किया गया। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सयाल अंबेडकर भवन रोड, मंगल बाजार निवासी नकुल साव के घर से 105 लीटर देसी महुआ शराब एवं 180 किलो जावा महुआ जप्त किया गया। बरकाकाना ओपी क्षेत्र के पीरी गांव निवासी देवानंद बेदिया पिता रामेश्वर बेदिया के दुकान एवं मकान से भारी मात्रा में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु भंडारण कर रखे गए 143 बोतल शराब बरामद किया गया। इस दौरान तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें जेल भेजा जा रहा है। पतरातू थाना क्षेत्र से विक्रांत कुमार, बरकाकाना क्षेत्र से देवानंद बेदिया और भुरकुंडा क्षेत्र से नकुल साहू को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी अभियान में पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बरकाकाना ओपी प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली शामिल थे।

## लेखा पंजी की हुई जांच




**खूंटी।** खूंटी (अजजा) लोकराभा निर्वाचन क्षेत्र 2024 से निर्वाचन के लिए उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की द्वितीय जांच सोमवार को विकास भवन स्थित सभागार से व्यय प्रेक्षक एसआर नेडुमारच और सहायक व्यय प्रेक्षकों के निर्देशन में की गयी।

जांच में उम्मीदवार अर्जुन मुण्डा, भारतीय जनता पार्टी, कालीचरण मुण्डा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, सावित्री देवी, बहुजन समाज पार्टी, अपर्णा हंस, झारखण्ड पार्टी, बबीता कच्छप, भारत आदिवासी पार्टी, पास्टर संजय कुमार तिर्की, निर्दलीग बसंत कुमार लोगा, निर्दलीय द्वारा स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा पंजी की जांच के लिए उपस्थित थे।

## संविधान और सीएनटी एक्ट बचाने के लिए है यह चुनाव : कालीचरण

संवाददाता

**खूंटी।** जनजातियो के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने सोमवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में छोटी-छोटी सभाओं और बैठकों के माध्यम से जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विभिन्न बैठकों में कालीचरण मुंडा ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने और सीएनटी को बचाने के लिए है।

उन्होंने तोरपा प्रखंड के सुंदारी, दियाकेल, कोरकोटोली, उकड़ीमाड़ी, टांटी, कसमार, भुसूर, कसमार, गोविंदपुर आदि क्षेत्रो में जनसंपर्क कर मतदाताओं से सहयोग, आशीर्वाद और समर्थन



मांगा। उन्होंने कहा कि नेता नहीं, बल्कि बेटा बनकर क्षेत्र की सेवा करने के लिए आपके बीच आया हूं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है। आप लोगों से मिल रहे अपार स्नेह और आशीर्वाद से मुझे हौसला मिल रहा है। इसके लिए मै आपका आभारी हू।

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। इसलिए देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है। आज अगर लोग जागरूक नहीं हुए तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा केवल नफरत की सियासत करती है, उसे देश के विकास से कोई मतलब नहीं है। हमारा देश नफरत से नहीं बल्कि मुहब्बत से आगे बढेगा। भाजपा की उल्टी गिनती प्रारम्भ हो गयी है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन 150 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पायेगी। नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार ने युवाओं को बेरोजगार बना दिया है। भाजपा ने दस वर्ष पहले युवाओं को रोजगार देने, महंगाई कम करने का वादा कर सरकार में आयी थी। लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। इस बार जनता लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण को बचाने के लिए हाथ छाप में बटन दबकर मतदान करे।

## राजनीतिक गठबंधन कभी भी जनता के हित के लिए नहीं होता है: बसंत कुमार लोंगा



संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी से लोकसभा के स्वतंत्र प्रत्याशी और झामुमो के पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को पिताय पाहन और प्रत्याशी द्वारा संयुक्त रूप से तोरपा के हिल चौक में किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान करते हुए प्रत्याशी बसंत कुमार लोंगा ने कहा कि राजनीतिक गठबंधन कभी भी जनता के हित के लिए नहीं होता है, सिर्फ सत्ता प्राप्ति के लिए किया जाता है और इस सत्ता संघर्ष में हम आदिवासियों एवं मूलवासियों का मुद्दा गौण हो जाता है। लोंगा ने कहा कि मैं झारखंडी सवालों को बल देने को लेकर इस आम चुनाव में खड़ा हुआ हूं।खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता को तय करना है कि झारखंडी सवाल निर्णायक होना चाहिए या सत्ता संघर्ष का हिस्सा बनना है। कार्यक्रम में मसीह गुड़िया, जुरसन गुड़िया, जीवन हेमरोम, सरोज टोपना, डेविड टोपनो, पेमजीत भेंगरा झारखण्ड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा, रतन सिंह मुंडा, मंगल देमता, नागई पाहन, मुण्डा उरांव, सुकरात होरो, आनन्दिनी होरो, हेलना बारला, ज्योति तिड़ू,मरियम तिड़ू, पुष्पा तिड़ू एवं ज्योति पूर्ती आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। झामुमो जो निष्कासित निष्कासित की बात पर उन्होंने कहा कि वह तो पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं, तभी तो नामांकन किया।

## बिरहोर परिवारों के बीच चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान



**खूंटी।** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर सोमवार को अड़की प्रखंड के तेलंगाडीह और सोसोकुटी के बिरहोर परिवारों के बीच विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं ने स्वयं ही सेल्फी प्वाइंट और एवं रंगोली बनाई। साथ ही गीत गाकर मतदाताओं से अपील की। नुक्कड नाटक के माध्यम से मतदान तिथि 13 मई को मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, खूंटी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, अड़की एवं जेएसएलपीएस के कर्मी उपस्थित थे। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने ग्रामीणों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ



संवाददाता

**बेड़ो** : प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में ग्रामीणों द्वारा नव निर्मित शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह महोत्सव सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा में लोहरदगा लोकसभा संयोजक सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, राजीव रंजन अधिकारी मारुति मंगल परिवार के सुमेश कुमार महतो व संजय कुमार शामिल हुए।मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और मन में अच्छे विचार आते हैं। धर्म की बात एक साथ मिल बैठकर सुनने से आपस में भाईचारा बढ़ता है और एक-दूसरे के प्रति दुर्भावना खत्म होती है। इस दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान यज्ञाचार्य पंडित सतीश की अगुवाई में बतौर यजमान बासुदेव महतो, गंदुर गोप, अनिल गोप, उमेश गोप, नंदलाल गोप, दीपक गोप, दिलीप गोप, मनोज गोप, अवध महतो, राजू, सुरेंद्र गोप, बबलू गोप, ईश्वर, रविंद्र रमेश महतो, प्रमोद महतो, बृजेश महतो, ओमप्रकाश गोप, प्रेम महतो, शिव गोप व राजकुमार गोप आदि ने पूरा किया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान वृंदावन के कथा व्यास निकुंज लाडली के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया गया। वहीं धार्मिक अनुष्ठान के दौरान हवन आरती, रामायण पाठ व हनुमान चालीसा पाठ आदि का आयोजन किया जाएगा। साथ ही यह महोत्सव आगामी दस मई तक चलेगा। इधर इस पांच दिनी धार्मिक अनुष्ठान के अनुष्ठान के आयोजन में श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रखंड व गांव के युवा, समाजसेवी व बुद्धिजीवी सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## सैकड़ों कार्यकर्ता व महिला समिति की सदस्य रांची के लिए रवाना

संवाददाता

**अनगड़ा** । रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडी महागठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के नामांकन सभा में भाग लेने अनगड़ा से सैकड़ों कार्यकर्ता व महिला समिति की सदस्य मोरहाबादी मैदान के लिए रवाना हुए। विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा व पुर्व अध्यक्ष एतवा उरांव के नेतृत्व में



कार्यकर्ता बाजा गाजा के साथ रवाना हुए। नामांकन के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बैठक कर सभी बुथों पर यशस्विनी सहाय को मजबूती प्रदान करने की रणनीति बनाई। मौके पर प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव, जिला महामंत्री कांग्रेस शिवदास गोस्वामी, छोटेलाल महतो, मकर सिंह मुंडा, अजय करमाली, सिद्दीकी अंसारी, शफीक अंसारी, जोन तिग्गा, सचिन नायक, अजय उरांव, दशरथ पहान, सरीता देवी, बिहारी मुण्डा, सहिल लोहरा, सोहन करमाली, संगीता कैथा, मंजु कुमारी, अनीता देवी, रेशमी देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

# गर्ल्स स्कूल मतदान केंद्र के समीप झारखंड सेवा समिति ने लगाया प्याऊ

संवाददाता

**रामगढ़** । झारखंड सेवा समिति के तत्वावधान में सोमवार की शाम शहर के सुभाष चौक मतदान केंद्र के समीप प्याऊ का शुभारंभ किया। इसका उदघाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार ने किया। वहीं उन्होंने राहगीरों व मतदाताओं की सुविधा के लिए प्याऊ की व्यवस्था पर झारखंड सेवा समिति के सदस्यों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि रामगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स और झारखंड सेवा समिति के द्वारा मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिससे जिले में मतदान में बढ़ोत्तरी होगी। प्याउ के आरंभ होने से बढ़ती गर्मी में यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में गुजरने वाले राहगीरों को शीतल




पेयजल मिलेगा। प्याऊ के शुभारंभ से पूर्व झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा और सह सचिव मनोज मंडल ने संयुक्त रूप से डीसी चंदन कुमार को फूलों का गुच्छा देकर स्वागत किया। प्याउ के आरंभ होने से बढ़ती गर्मी में यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में गुजरने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा की गर्मी के मौसम में हमारी संस्था आम लोगों के लिए प्याउ का उदघाटन प्रत्येक वर्ष करती है , जिससे राहगीरों को शीतल पेयजल मिल सके। उन्होंने कहा की इस वर्ष प्याउ उदघाटन का एक मुख्य उदेश्य मतदान के दिन 20 मई को मतदाताओं के लिए पेयजल की व्यवस्था करना। शत-प्रतिशत मतदान के लिए हमारी संस्था जिला प्रशासन के मतदाता जागरूकता अभियान में लगातार सहयोग दे रही है। साथ ही हम 20 मई को अधिक से अधिक लोगों से बूथों पर जाकर अपने मताधिकार के प्रयोग करने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जितने अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे हमारा लोकतंत्र उतना ही अधिक मजबूत होगा। मौके पर विनोद साव, राजेश प्रसाद, अजीत जायसवाल, अरविंद अग्रवाल, सरेंद्र ठाकुर, विजय मेवाड़, जीतू अग्रवाल, शिव नंदन प्रसाद, संजय दांगी, नवनीत कुमार, सलमान कादिर सहित कई लोग शामिल थे।

### 14 वर्षों से फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भुरकुंडा** । लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रामगढ़ पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार के निर्देश पर अपराधियों और फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस सतत अभियान चला रही है। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बासल पुलिस ने अभियान चलाकर केस संख्या 37362010 पत्रांक 141 दिनांक 04-03-2024 में 14 वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त छोटेलाल मुंडा (30 वर्ष) पिता लखन मुण्डा, ग्राम जराद (केंदुडीपा) निवासी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया जाता है कि अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा कुर्की अधिपत्र भी निर्गत किया गया है। छापेमारी दल में बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, पुअनि जॉनी कुमार सदबल शामिल थे।

## भुरकुंडा में ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दंपती घायल

संवाददाता

**भुरकुंड़ा** । क्षेत्र के सौंदा साइडिंग के निकट सोमवार की दोपहर एलपी ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार पति-पत्नी घायल हो गए। दुर्घटना में पत्नी को हल्की चोटें आई है जबकि पति गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार उरीमारी निवासी रंजन करमाली (41वर्ष) पिता सुखनाथ करमाली और उसकी पत्नी दशमी देवी (38वर्ष) होंडा साइन बाइक जेएच24 एच 6875 पर भुरकुंडा से उरीमारी की ओर लौट रहे थे। इस क्रम में सौंदा साइडिंग के निकट 12 चक्का एलपी ट्रक जेएच 02 छ 3775 ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि रंजन करमाली और दशमी देवी



घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल रंजन करमाली को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है। ट्रक चालक फरार बताया जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों के तेज रफ्तार ट्रक के अनियंत्रित होने के कारण दुर्घटना हुई है।

## संक्षिप्त

### झारखंड बालिका आवासीय स्कूल में डालसा का डोर-टू-डोर कार्यक्रम

**रांची :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा खलारी प्रखण्ड स्थित झारखंड बालिका स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा के कार्यरत पीएलवी, सत्यपाल शर्मा, शिक्षिका लालमनी कुमारी मुंडा, चांदनी कुमारी स्कूल के बच्चे व अन्य उपस्थित थे। सत्यपाल शर्म ने ने नालसा के 10 स्कीमों के बारें में जानकारी दी। बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में बताया गया। डालसा के तरफ से निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों के बारे में प्रकाश डाला। ज्ञात हो कि दिनांक 08 जून को आयोजित होनेवाली मोटर वाहन दुर्घटना वादों से संबंधित विशेष लोक की जानकारी पीएलवी के द्वारा दी गयी। उन्होंने कहा 03 जून से 07 जून तक प्री-लोक-अदालत की बैठके कर एमएसीटी से संबंधित वादों को माननीय न्यायालय में सुना जा रहा है। दिनांक 08 जून को उपस्थित होकर वादों को निश्तारण करा सकते है।

### रांची गोशाला न्यास के अध्यक्ष बने पुनीत पोद्दार

**रांची :** सोमवार को रांची गौशाला न्यास प्रांगण में सत्र 2023 26 की कार्यकारिणी पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष-पुनीत पोद्दार उपाध्यक्ष-रतन लाल जालान एवं एस एन राजगढ़िया, मंत्री -प्रदीप राजगढ़िया, उप मंत्री -सुरेश जैन एवं राजेंद्र बंसल, कोषाध्यक्ष-दीपक पोद्दार सहित 31 सदस्यों की कार्यकारिणी टीम चयनित की गई उसके पश्चात अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने सभा के समक्ष स्वागत भाषण दिया एवं आने वाले 3 वर्षों में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा सभा के समक्ष रखी तथा ट्रस्टी चेयरमैन एवं उपाध्यक्ष श्री रतन जालान ने सभा के समक्ष सभी से आग्रह किया यह 3 साल हम सबको मिलकर कार्य करना है और गौशाला को नई ऊंचाईयों पर पहुंचना है। धन्यवाद ज्ञापन सचिव प्रदीप राजगढ़िया ने दिया।

### कल्पना सोरेन को समर्थन देगा थर्ड फ्रंट : पंकज मिश्रा

**रांची :** थर्ड फ्रंट गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी श्रीमती कल्पना सोरेन को अपना समर्थन देगा। फ्रंट के मीडिया प्रमुख पंकज मिश्रा ने कहा कि कल्पना सोरेन और झामुमो का जनता के प्रति किऐ गये वायदों और सोच को देखते हुऐ उनको समर्थन देने का निर्णय लिया गया है। कल्पना सोरेन के समर्थन में तीसरा मोर्चा के नेता गाण्डेय विधानसभा का दौरा करेंगे और कल्पना सोरेन के पक्ष में प्रचार भी करेंगे। उन्होने कहा कि एनडीए गठबंधन जनता को किस बात की गारंटी दे रही, यह किसी के समझ से परे है। गारंटी तो 15 लाख देने और दो करोड़ रोजगार प्रति वर्ष देने का भी था। मगर वह खोखला साबित हुआ। यही वजह है कि एनडीए गठबंधन चार सौ पार का नारा अब छोड़ दी। उसको असलियत से सामना हुआ और जनता के मूड का भी पता चल गया। श्री मिश्रा के अनुसार समतामूलक समाज की स्थापना करना और संविधान की रक्षा करने की सोच रखने वालों के साथ थर्ड फ्रंट हमेशा खड़ा है और ऐसे उम्मीदवारों का समर्थन देने पर विचार कर सकता है।

### 13 कमल फूल और एक केला मां भारती के चरणों में समर्पित करने के लिए जनता तैयार

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व सांसद रामटहल चौधरी को विधिवत पार्टी में शामिल कराया। मरांडी ने उन्हें पार्टी का पटका और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मरांडी ने कहा कि चार जून को 13 कमल फूल और एक केला मां भारती के चरणों मे समर्पित करने के लिए झारखंड की जनता तैयार है। उन्होंने कहा कि चौधरी भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्य रहे हैं, उनकी पार्टी में पुनः वापसी से पार्टी को ऊर्जा मिलेगी।

# हाई कोर्ट ने वाटर हार्वेस्टिंग के मामले में की गई कार्रवाई पर रांची नगर निगम से मांगे जवाब

**संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण एवं रांची शहर के बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रांची नगर निगम से पूछा कि रांची में जिन बहुमंजिले भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग नहीं हैं उन पर क्या कार्रवाई हो रही है? साथ ही रांची नगर निगम से मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग एवं अन्य भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर की गई कार्रवाई के संबंध में बताने को कहा है।

हाई कोर्ट ने कहा कि तीनों डैम की सफाई को लेकर निगम और सरकार संवेदनशील रहे। साथ ही निगम और सरकार से मौखिक कहा कि गर्मी में रांची शहर में पेयजल की समस्या ना हो इसका ध्यान रखा जाए। जरूरत पड़े तो टैंकरों से भी पानी उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने रांची नगर निगम और राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है।




इससे पहले रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि 710 मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में 648 मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में वाटर हार्वेस्टिंग किया जा चुका है। वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर एनजीओ, सेल्फ हेल्प ग्रुप से भी सहायता ली जा रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए 5000 पंफलेट और 3000 स्टीकर बांटे गए हैं। एफएम रेडियो में भी वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि रांची के तीनों डैम हटिया, कांके एवं गेतलसूद डैम से छह माह तक पानी आपूर्ति की कोई समस्या नहीं है। इसलिए गर्मी में पेयजल की समस्या नहीं होगी। भविष्य में रांची में पेयजल का संकट ना आए इसके लिए निगम और सरकार योजनाएं बना रही है। कोर्ट को यह भी बताया गया था कि कांके डैम, हटिया डैम एवं गेतलसूद डैम का झारखंड स्टेट स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के माध्यम से सेटेलाइट मैपिंग किया जाएगा ताकि इन तीन डैम का जल स्त्रोत, कैचमेंट एरिया, डैम के आसपास के अतिक्रमण आदि की जानकारी हो सके।

## झारखंड हाई कोर्ट में जेएनएसी में अवैध निर्माण को लेकर दाखिल याचिका पर हुई सुनवाई

झारखंड हाई कोर्ट में जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर दाखिल राकेश कुमार झा की जनहित याचिका पर सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी (जेएनएसी) के स्पेशल ऑफिसर कृष्ण कुमार कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए।

जेएनएसी के स्पेशल ऑफिसर की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जेएनएसी क्षेत्र में बिल्डिंग के बेसमेंट या पार्किंग में कब्जा के मामले में 46 बिल्डिंग को चिह्नित किया गया। इनमें 31 बिल्डिंग पर कार्रवाई कर उसके बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था बहाल कराई गई। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से आपत्ति जताते हुए कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2017 में जेएनएसी ने आवासीय बिल्डिंग का व्यवसायिक उपयोग, नक्शा विचलन आदि से संबंधित 535 अवैध भवनों को नोटिस जारी किया था लेकिन अब तक के आंकड़े के अनुसार जेएनएसी क्षेत्र में 1257 अवैध बिल्डिंग बने हैं। इस पर कोर्ट ने जेएनएसी को निर्देश दिया कि वह कमेटी बनाकर अवैध बिल्डिंग को चिह्नित करे और उन पर हुई कार्रवाई के संबंध में रिपोर्ट दाखिल करे। कोर्ट के मामले में अगली सुनवाई 27 जून निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित सिन्हा एवं अखिलेश श्रीवास्तव ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में जेएनएसी क्षेत्र में अवैध निर्माण की जांच को लेकर हाई कोर्ट द्वारा बनाई गई अधिवक्ताओं की तीन सदस्यीय कमेटी ने जांच रिपोर्ट कोर्ट को दी थी। जांच का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने पाया था कि जेएनएसी क्षेत्र में बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन कर अवैध निर्माण हुआ है।

# झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र की सरकार चल रही है : संजय सेठ

**संवाददाता**

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा आज जिस प्रकार इंडिया गठबंधन के सरकार के एक मंत्री के अप्त सचिव के घर से जिस तरह रुपए बरामद हुए हैं यह झारखंड को फिर से शर्मसार किया है। झारखंड के लिए यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है झारखंड के मुख्यमंत्री जमीन घोटाले में जेल में है। उनके अधिकारी मनी लांड्री के केस में जेल में है। आज उनके मंत्री आलमगीर आलम के अप्त सचिव के यहां 30 करोड़ से अधिक नगदी बरामद होती है। श्री सेठ ने कहा झारखंड इकलौता राज्य है जहां भ्रष्टाचार की सालगिरह मनाई जाती है 2 साल पहले आज ही के दिन देश ने भ्रष्टाचार की पूजा देखा था आज देश भ्रष्टाचार का आलम देख रहा है। झारखंड में लूट तंत्र की सरकार चल रही है झारखंड की सरकार ने यहां की गरीब जनता की जमीन लूटी, उनका हक छीना, सेना की जमीन लूटी, यहां के खनिज संपदा को लूट और तो और यहां के बालू तक को लूट कर अपनी तिजोरी भर ली वही एक और नरेंद्र मोदी गरीब के मसीहा है जिन्होंने अभी तक 25 करोड़ लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया इसलिए झारखंड को बचाने के लिए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं झारखंड में लोकतंत्र के नाम पर लूट तंत्र चल रहा है इंडिया गठबंधन ने राज्य की ऐसी हालत कर दी है कि हम विकास, रोजगार ,और भ्रष्टाचार ,मिटाने की कल्पना भी नहीं कर सकते । सांसद सेठ ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इसकी निष्पक्ष जांच हो और मंत्री आलमगीर आलम को अभिलंब गिरफ्तार किया जाए। झारखंड की जनता ने इनके चाल चरित्र और चेहरा को देख लिया है।



# चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं : रवि कुमार

**संवाददाता**




- गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में 11 उम्मीदवार आजमाएंगे भाग्य
- नाम वापसी के बाद पांचवें चरण के चुनाव के लिए मैदान में बचे 54 प्रत्याशी

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि पांचवें चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी के बाद 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने नाम वापस लिया। यहां चुनाव मैदान में अब कुल 22 उम्मीदवार हैं। कोडरमा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से दो उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए हैं। अब यहां 15 प्रत्याशियों के बीच हार-जीत का फैसला होगा।

हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां कुल 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव में भी नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने उम्मीदवारी वापस नहीं ली। यहां से कुल 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। छठे चरण के चुनाव के लिए अब तक 118 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। उसमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 25, धनबाद से 28, रांची से 33 और जमशेदपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 32 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना के बाद से अब तक झारखंड में 74 करोड़ 38 लाख से अधिक के सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य के लिए वाहनों की कोई कमी नहीं है। आवश्यकतानुसार सहजता से वाहन मिल रहे हैं। चुनाव कार्य के लिए वाहन लेने में गाड़ी मालिकों के हित का भी ध्यान रखा जा रहा है। व्यवस्था ऐसी की गयी है कि एक जिले में जिस वाहन को लेने के लिए चिह्नित किया गया है, उसे दूसरे जिले में चिह्नित नहीं किया जाएगा। गाड़ी मालिकों को गाड़ी का भाड़ा भी ससमय मिले, इसकी भी डिजिटल व्यवस्था की गयी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत सात मई को संध्या छह से आठ बजे के बीच सोशल मीडिया हैंडल पर # मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट करें। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री पोस्ट करने की बात कही। साथ ही सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए हैशटैग लगाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें।

# पवन ने मनाई शादी की 25वीं सालगिरह

- पल को यादगार बनाने के लिए दी पार्टी

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

शादी किसी भी व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। जब शादी हो जाती है, उसके बाद हर साल उसी तारीख पर शादी की सालगिरह मनाई जाती है। यह पति-पत्नी को एक बार फिर उन खूबसूरत पलों की याद दिला देता है, जब उन्होंने एक-दूसरे को जीवनसाथी के रूप में स्वीकार किया था और जन्म-जन्मांतर तक साथ रहने का वादा किया था। राजधानी रांची के कोकर में पवन कुमार सिंह (पप्पू) ने पत्नी शकुंतला सिंह के साथ अपनी शादी की 25वीं सालगिरह मनाई। इसे यादगार बनाने के लिए उन्होंने एक शानदार पार्टी दी थी। डांस के बीच शादी के लिबास में स्टेज पर बैठा यह जोड़ा काफी खूबसूरत लग रहा था। मजेदार बात यह थी कि, इस पूरे आयोजन की कमान पवन कुमार सिंह के दोनों बच्चों ने संभाल रखी थी। बच्चे मम्मी-पापा की 25वीं सालगिरह को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। मंच पर बैठे बच्चों की दादी फूले नहीं समां रही थीं। अपने घुटनों के दर्द को भूलकर आगंतुकों से पूछ रही थीं कि, खाना खाए...।



# रांची संसदीय क्षेत्र से 33 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन

**संवाददाता**

**रांची :** रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 अभ्यर्थियों ने नाम-निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन आज दिनांक 06 मई 2024 को 16 अभ्यर्थियों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किये। सभी अभ्यर्थियों द्वारा जिला निवार्ची पदाधिकारी, रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत किया गया।

**सोमवार 06 मई को नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों के नाम निम्न हैं :**

- यशस्विनी सहाय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- प्रवीण चन्द्र महतो, निर्दलीय
- सोमा सिंह, जय महाभारत पार्टी

4. रंजना गिरि, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए)

- कोलेश्वर महतो, निर्दलीय
- विनोद उरांव, बहुजन मुक्ति पार्टी
- संतोष कुमार जायसवाल, निर्दलीय।
- अमरेंद्र कुमार, झारखंड जनक्रांति मोर्चा।
- ऐनुल अंसारी, निर्दलीय।
- संदीप उरांव, निर्दलीय।
- श्याम बिहारी प्रजापति, भागीदारी पार्टी (पी)।
- संजय कुमार महतो, निर्दलीय।
- हेमंती देवी, समता पार्टी
- प्रेमनाथ बड़ाई, निर्दलीय।
- मंजू देवी, निर्दलीय।
- सुशील कुमार, स्वराज एकता पार्टी।

**सोमवार 06 मई से पहले नामांकन करनेवाले अभ्यर्थियों के नाम निम्न हैं:**

- मिंटू पासवान
- रामहरि गोप
- अरशद अयूब, निर्दलीय
- पंकज कुमार रवि, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
- संजय सेठ, भारतीय जनता पार्टी
- हरिनाथ साहू, लोक अधिकार पार्टी (झा)
- अंजनी पांडे, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी।
- धनंजय भगत गांधी, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल।
- मनोरंजन भट्टाचार्य, निर्दलीय।
- मनोज कुमार, निर्दलीय।
- बिरेंद्र नाथ मांझी, अबुआ झारखंड पार्टी।
- धर्मेंद्र तिवारी, भारतीय जनतंत्र मोर्चा।
- निपु सिंह, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी।
- देवेंद्र नाथ महतो, निर्दलीय।
- प्रवीण कच्छप, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी।
- कामेश्वर प्रसाद साव, निर्दलीय।
- सर्वेश्वरी साहू, एकल सनातन भारत दल।

**07 मई को स्क्रूटनी, 09 मई तक अभ्यर्थी वापस ले सकेंगे नाम**

रांची संसदीय क्षेत्र के लिए अभ्यर्थियों द्वारा दाखिल किये गये नाम-निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी 07 मई 2024 को होगी। अभ्यर्थी 09 मई 2024 तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी, 25 मई को मतदान होगा और 04 जून पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

# सीएमओएआई के पदधारियों ने सीसीएल सीएमडी से की भेंट



**संवाददाता**

**रांची।** कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमओएआई) के रांची ब्रांच के पदधारियों ने 6 मई को सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह से मुख्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर संगठन के अध्यकक्ष डीएन सिंह, उपाध्यक्ष एसके सिंह और अशोक कुमार ने सीएमडी का स्वागत किया।

ज्ञात हो कि कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया लिमिटेड के आदेश पर 29 अप्रैल को को निलेंदु कुमार सिंह ने सीसीएल के सीएमडी के पद पर अपना योगदान दिया।

उल्लेखनीय है कि सीएमओएआई कंपनी की नीति निर्माण और अधिकारियों की समस्याओं एवं विषय वस्तु के समाधान के लिए संस्था है। यह कंपनी प्रबंधन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सीसीएल के विकास के लिए कृत संकल्प रहता है। चर्चा के दौरान परिचय एवं वातार्लाप हुआ।

# मुख्य सचिव के पत्र पर हो एफआईआर, मामले की सीबीआई जांच कराएं सीएम : बाबूलाल

**संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन की रैली में हेमंत सोरेन को ऐसे पेश किया गया कि भ्रष्टाचार से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। हेमंत सोरेन हों या राज्य सरकार सभी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। सोरेन यह बार-बार कहते हैं कि आदिवासी होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है। परेशान किया जा रहा है।

बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य सचिव ने ग्रामीण विकास सचिव को पत्र लिखा था। वह सारे पत्र नोटों के बंडल के साथ मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन उसे पत्र के आधार पर तुरंत एफआईआर कराएं। पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराएं। इसकी अनुशंसा करें। ऐसा न हो कि उनका बुढ़ापा भी जेल में कटे।




मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान-सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया। आदिवासियों की पहचान है कि वे सहज और सरल होते हैं। गड़बड़ी से कहीं भी उनका कोई नाता नहीं होता है लेकिन पिछले चार वर्षों में सत्ता में रहकर हेमंत सोरेन ने छल कपट किया है। प्राकृतिक संसाधन या खनिज संपदा को लुटवाया है। खुद लूट में शामिल रहे हैं और उनके संरक्षण में बिचौलिया, दलाल और भ्रष्ट अफसर ने मिलकर लुटा है। कोयला, लोहा, बालू यहां तक की सेवा की जमीन को भी उन लोगों ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जमीन का भी फर्जी कागजात बनाकर लूटा।

मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 350 सौ करोड़ नोटों का पहाड़ पकड़ा गया था। उसको भी दुनिया ने देखा। यहां से मिले नोटों की गिनती एक दिन में समाप्त नहीं हुई, कई दिनों तक चली। आदमी तो आदमी मशीन तक थक गए। ठीक से जांच होने पर पैसे में वर्तमान या पूर्व मुख्यमंत्री की संलिप्तता भी नजर आएगी। झारखंड में भ्रष्ट अफसर, दलाल, बिचौला के ठिकानों पर भी 20 करोड़ रुपये नकदी मिले थे। आज भी आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के यहां करोड़ों रुपये मिले हैं। इंडी गठबंधन के नेता राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि यह पैसा किसका है।

मरांडी ने कहा कि नौकर के घर में पैसों का इतना जखीरा मिला है, तो उनके सहायक, उनके सचिव या फिर मंत्री, सरकार से जुड़े दलाल-बिचौलियों के घर भी यदि छापेमारी हो जाए तो पता नहीं कितने करोड़ रुपये मिलेंगे। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इंडी गठबंधन के लोग पूरी तरह हताश और निराश हैं। वे पैसे के बल पर चुनाव जीतना चाह रहे हैं। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री का अपने नाम से खनिज पट्टा लेना, पत्नी के नाम से औद्योगिक क्षेत्र में जमीन लेना, पाकुड़ जिला में भाई के नाम से खनन का पट्टा लेना, प्रेस सलाहकार के नाम से खनन का पट्टा लेना, परिवार के नाम पर खनन का पट्टा लेना, यह सब सबके सामने है।

## संक्षिप्त

### गांडेय में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का जनसम्पर्क

**गिरीडीह :** गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में इंडी गठबंधन की कल्पना सोरेन और एनडीए के दिलीप वर्मा के बीच कांटे की टक्कर है। हालांकि, कई और अल्पसंख्यक चेहरे भी उप चुनाव में लड़ रहे हैं लेकिन जेएमएम की कल्पना सोरेन और भाजपा के दिलीप वर्मा पिछले कई दिनों से इलाके में लगातार भ्रमण कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने ताराटांड़, मोहलीडीह, भलपहरी, भूचादाह, जहानाबाद समेत करीब दर्जन भर पंचायतों के गांवों का दौरा किया। इस दौरान वे लोगों से मिले और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने की बात कही। साथ ही खुशी जताई कि पीएम आवास योजना उनके लिए बेहद जरूरी था, जो उन्हें मिल चुका है। भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने ग्रामीणों से संवाद कायम किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

### मोटर वाहन दुर्घटना को लेकर विशेष लोक अदालत की तैयारी

**गुमला :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सिविल कोर्ट परिसर में आगामी 8 जून को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। उक्त लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना (एमएसिटी) से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इसमें अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन को लेकर आज माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री ध्रुव चंद्र मिश्र की अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं के साथ बैठक हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री राम कुमार लाल गुप्ता ने यह बताया कि विशेष लोक अदालत में एमएससीटी को शामिल कर इसका निष्पादन करना सुनिश्चित कराया जाएगा ताकि न्यायालय से मुकदमे का बोझ काम हो सके। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से सक्रिय भूमिका अदा की जा रही है। वादों का निष्पादन को लेकर मध्यस्थों का भी सहयोग लिया जाएगा। पक्षकारों के साथ पूर्व लोक अदालत बैठक होगी।

### मनिका पुलिस ने 03 आरोपियों के घरों में चिपकाये इश्तेहार

**मनिका/लातेहार :** मनिका थाना अंतर्गत जन्हो पंचायत के पटना ग्राम निवासी ब्रह्मदेव सिंह, बिनोद सिंह तथा उपेंद्र सिंह इन तीनो आरोपी पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहे थे। हालांकि मनिका पुलिस द्वारा कई बार इन्हे गिरफ्तार करने की कोशिश किया गया परंतु लगातार फरार रहने के कारण इनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। वहीं कोर्ट से आदेश आने मिलने के बाद मनिका थाना के एस आई अनुराग कुमार पुलिस बल के साथ वर्षों से फरार चल रहे सभी नामदर्ज आरोपियों के घर पहुंचकर घर के बाहर दीवार पर इस्तेहार चिपका दिया तथा परिजनों को कहा कि नामदर्ज सभी आरोपियों को परिजन जल्द से जल्द प्रस्तुत करें।

### सड़क हादसे में पत्रकार के पिता की मौत

**बरकट्ठा :** गोरहर और बगोदर थाना के सीमाने पर स्थित तारा पंजाब होटल के समीप जीटी रोड पर हुई सड़क हादसे में पत्रकार साहेब सोरेन के पिता रामेश्वर मांझी 56 वर्ष पिता सोमर मांझी घंघरी निवासी की मौत अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घटना स्थल पर हो गई। वहीं मां सबिता देवी घायल हो गई। सुचना मिलते ही घटना स्थल पर गोरहर और बगोदर पुलिस पहुंच कर बगोदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं घायल महिला का इलाज अस्पताल में किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक अपनी पत्नी के साथ घंघरी से अटका स्थित महुआटांड जा रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया और रामेश्वर मांझी की घटना स्थल ही मौत हो गई।

# पकड़े जाने के डर से सारे चोर हुए इकट्ठे : अन्नपूर्णा



**संवाददाता**

**कोडरमा :** केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब जनता का हक लूटकर अपनी तिजोरी भरनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की तो पकड़े जाने के डर से सारे चोर इकट्ठे हो गए हैं और निराधार आरोपों से चौकीदार नरेंद्र मोदी पर हमले कर रहे हैं। झारखण्ड तो लूट का केंद्र बन गया है जहां कांग्रेस, झामुमो और राजद का मतलबपरस्त गठबंधन पिछले 5 साल से सत्ता में है। भाकपा माले जैसी पार्टियां लूट में हिस्सेदार बनने के लिए इस जनविरोधी सरकार का समर्थन कर रही हैं। अब जबकि जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं तो इनके यहां से रह रहकर नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। रकम इतनी बड़ी होती है कि नोट गिननेवाली मशीनें जवाब देती हैं। जनता सबकुछ देख और समझ रही है और इन्हें सबक सिखायेगी। मरकच्चो में जनसभा को संबोधित करने आई अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी पूरे देश में छाती पीटकर कह रहे हैं कि मोदी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। लेकिन पूरा देश देख रहा है कि जांच एजेंसियां जहां जहां हाथ डालती हैं, वहीं नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। आज तो हद हो गई, मंत्री के निजी सचिव के घरेलू नौकर के घर से 25 करोड़ से ज्यादा की रकम मिली है। इससे पहले एक राज्यसभा सांसद और इनसे जुड़े एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकानों से सैकड़ों करोड़ रुपए मिल चुके हैं। इसके बाद भी अगर ये कहते हैं कि मोदी जी विरोधियों को निशाना बना रहे हैं तो जनता कह रही है कि मोदी जी ठीक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाकपा माले का चरित्र भी उजागर हो गया है। भाकपा माले चोरी में हिस्सेदार है और इसीलिए अपनी परम्परा तोड़कर एक भ्रष्ट सरकार का समर्थन कर रही है। भाकपा माले को स्पष्ट करना चाहिए कि नोटों की बरामदगी पर उसका क्या स्टैंड है और अगर वह कोई स्टैंड नहीं लेती तो उसे बताना चाहिए कि इस संगठित लूट में उसका हिस्सा कितना है। मरकच्चो की जनसभा को झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी संबोधित करनेवाले थे। लेकिन खराब मौसम के कारण वे बोकारो से नहीं आ सके। हालांकि खराब मौसम के बावजूद स्थानीय जनता भारी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर डटी रही। जनसभा में कोडरमा की विधायक डॉ. नीरा यादव, कोडरमा लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, विधानसभा प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, नितेश चंद्रवंशी, शिवलाल सिंह, बेदु साव, महामंत्री राजकुमार यादव, मंडल अध्यक्ष बिजय यादव, मनोज कुमार झुन्नू, दिनेश सिंह, रमेश हर्षधर, सुनील सिन्हा, सुरेन्द्र यादव, अरशद खान, सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे।

### सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल ने किया मतदान केन्द्र का निरीक्षण

## मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए करें जागरूक




**संवाददाता**

**लातेहार :** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त सामान्य प्रेक्षक निखिल निर्मल के द्वारा सोमवार को को बूथ संख्या 211, 212, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, करकट, लातेहार का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया।निरीक्षण के क्रम में मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं- पेयजल, बिजली आपूर्ति, छाया हेतु शेड, महिला-पुरुष हेतु अलग अलग शौचालय, रैंप, आदि सुविधाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।इसके अलावे बूथ निरीक्षण के क्रम में सामान्य प्रेक्षक ने बीएलओ, सुपरवाईजर को निदेशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान उपायुक्त गरिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार मनोज तिवारी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने किया तूफानी दौरा



**संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी अधिवक्ता अनिरुद्ध प्रसाद के पक्ष में भाकपा के वरिष्ठ नेता सह हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने सदर प्रखंड के सिलवार, मेरू, हुटपा, दारु,बासोबार,दारुडीह, हरली, पेटो, रामदेव खरिका, नगवा, चुरचू,सिंदूर सहित कई गांवो का तूफानी दौरा किया।वही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा झूठा आश्वासन देकर जनता को ठगने का काम किया है। 2014 के चुनाव में इन्होंने वादा किया था, कि 2 करोड़ युवकों को नौकरी देंगे। लेकिन आज तक दो लोगों का भी नौकरी देने का काम नहीं किया। झारखंड राज्य गठन होने के बाद भाजपा की सरकार बनी। जिसके मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी थे । जो दलितों पिछड़ों की आरक्षण को काम कर दिया। पिछड़ों की आरक्षण 27% था जिसे घटकर 14% कर दिया गया। दलितों का 14% था जिसे 9% कर दिया गया और आज भाजपा कर रही है कि कांग्रेस की हुकूमत आने से देश का आरक्षण खत्म हो जाएगा। महंगाई चरम सीमा पर है । बेकरी की जखीरा देश में खड़ा है। 22 करोड लोग बेकार में बैठे हुए हैं। इंजीनियरिंग की डिप्लोमा लिए लोग भी चपरासी की नौकरी में आवेदन कर रहे हैं। लेकिन नौकरी नहीं मिलती है। भाजपा देश में नफरत की राजनीतिक फैला कर फिर अपना राज्य कायम करना चाहती है।

## कामरेड अतुल अंजान का निधन पार्टी की अपूर्णीय क्षति : तिवारी



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कचहरी प्रांगण में राष्ट्रीय सचिव एवं अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। एवं 2 मिनट का मौन रखकर कामरेड अतुल कुमार अंजान को श्रद्धांजलि दी गई एवं लाल सलाम पेश किया गया। कामरेड अतुल कुमार अंजन देश के किसान मजदूर के आंदोलन का हमेशा अगुवाई करते थे इनका निधन 2 मैं को लखनऊ के नानावटी हॉस्पिटल में कैंसर की कैंसर के बीमारी के चलते निधन हो गया वह एक माह से बीमार थे। उनके निधन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आंदोलन को भारी अपूर्णीय क्षति हुई है। यह छात्र आंदोलन से जुड़े हुए थे और लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र संघ के 4 बार अध्यक्ष भी रहे हैं और इसके बाद अखिल भारतीय नौजवान सभा के महासचिव भी रहे। जिला सचिव श्री रुचिर तिवारी ने कहा कि कामरेड अतुल अंजान विद्वान एवं किसान मजदूर एवं छात्र नौजवानों के भी लोकप्रिय नेता थे इसी का परिणाम है कि वह लखनऊ विश्वविद्यालय के चार बार अध्यक्ष रहें। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, कृष्ण मुरारी दुबे, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला सचिव अभय कुमार,ललन कुमार सिन्हा, गणेश राम, आलोक कुमार तिवारी, सोहेल अख्तर, रंजीत कुमार सिंह अजेश चौहान, चंद्रशेखर तिवारी।

## ट्रिगर्स के सम्पर्क में आना अस्थमा रोग बढ़ने के प्रमुख कारण : डॉ. जगदीश लोहिया

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विश्व अस्थमा दिवस 2024 की थीम अस्थमा शिक्षा सशक्तीकरण पर ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया जमशेदपुर के कंस्लटेंट इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. जगदीश लोहिया का कहना हैं कि उत्तेजक कारकों के संपर्क में आना, लंबे समय तक धुएं के संपर्क में रहना, चाहे वह बाहरी वाहन निकास/औद्योगिक से हो या फिर घर के अंदर जैव द्रव्यमान ईंधन जोखिम अस्थमा के लक्षणों को बढ़ा सकता है। डॉ. लोहिया के अनुसार ट्रिगर्स के संपर्क में आना, शहरीकरण और औद्योगीकरण अस्थमा बढ़ने के प्रमुख कारक हैं। सोमवार को जारी प्रेस विज्ञाप्ति मे डॉ. लोहिया न बताया कि अस्थमा से रक्त संबंधी होना, ऐटोपिक जिल्द की सूजन या हाई फीवर जैसी अन्य एलर्जी संबंधी स्थिति होना, अधिक वजन होना,



धूम्रपान करने वाला होना, रसायनों जैसे व्यावसायिक कारकों के संपर्क में आने वाले लोग जोखिम उठाते हैं। उन्होंने बताया कि सूखी खाँसी, सांस लेने में कठिनाई, सीने में जकड़न, घरघराहट होना दमा के लक्षण हैं। ट्रिगर की पहचानः- के कारण वायुजनित एलर्जी जैसे परागकण, घर की धूल के कण, फफूंद बीजाणु, पालतू जानवरों की रूसी, सांस संबंधी संक्रमण जैसे सामान्य सर्दी (वायरल), ठंडी हवा, वायु प्रदूषक, कुछ दवाएं, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी) हैं। डॉ. लोहिया के अनुसार यदि आपको अस्थमा है, तो आपको पता होना चाहिए कि आप अपने अस्थमा को नियंत्रित करने के लिए क्या कर सकते हैं और यदि आपका अस्थमा गंभीर है तो क्या करें। सबसे पहले, आपको अपने डॉक्टर की मदद से अपने अस्थमा ट्रिगर्स की पहचान करनी होगी और फिर एक अस्थमा एक्शन प्लान बनाना होगा। डॉ. लोहिया ने बताया कि इसमें अस्थमा ट्रिगर्स के संपर्क को हटाना या कम करना, अपने अस्थमा चेतावनी संकेतों को जानना, दवाएं न छोड़ना, नियमित रूप से इनहेलर लेना और सही तकनीक के साथ इसका उपयोग करना शामिल है।

मालूम हो कि एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार, सबसे आम इनडोर एलर्जी घरेलू धूल के कण, तिलचट्टे, धूल के कण और पराग कण हैं, जिसमें 63,000 अस्थमा रोगियों को कवर करते हुए पांच वर्षों में डेटा एकत्र किया गया था।

## उपायुक्त ने सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के भैया-बहनों को किया सम्मानित




**संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त गरिमा सिंह के द्वारा जैक बोर्ड में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी को पुष्प गुच्छ एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही झारखंड बोर्ड वार्षिक परीक्षा 2024 में राज्य स्तर पर टॉप टेन में स्थान बनाने वाले सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के चार भैया-बहन शांभवी सुहाना 98 प्रतिशत, नम्रता सेनगुप्ता 97.6 प्रतिशत, जयदीप कुमार 97.6 प्रतिशत, अनन्या कुमारी 97.2 प्रतिशत एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ये मेधावी छात्र-छात्राएं न केवल अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे लातेहार जिला को भी गौरवान्वित किया है। साथ ही सम्मान समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने भैया बहनों को बधाई देते हुए शुभकामना दी कहा कि आगे भी बेहतर प्रयास करते रहना है।

# पीने के पानी को लेकर विकास के दावे की पोल खोल रहा शहर



**संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विकास देखना है तो निमियां, बैरिया, आबादगंज, कांदू मोहल्ला के कुछ इलाकों की है। जानकारी के मुताबिक इस शहर में नगर निगम क्षेत्र कुल मे 35 वार्ड जहां पानी पीने के लिए आज भी जनता इस समस्या से जूझ रही है। लोग टैंकरों से अपनी प्यास बुझाते है। चाहे गर्मी बरसात ठंड हर मौसम में पेयजल की समस्या विकराल रूप ले रहा है। गर्मि आते ही निगम प्रशासन के निंद खुलते है। और इस समय अप्रैल माह से जलापूर्ति शुरू करायी गयी है। ड्राइजोन इलाके में स्थिति भयावह होने की वजह से लोगों की परेशानी अधिक बढ़ी है। इस इलाके में जब निगम का टैंकर पहुंचता है तो लोग पानी लेने के लिए दौड़ पड़ते है। कभी कभी तो पानी भरने के लिए आपस में लोग उलझ पड़ते हैं। इस वजह से लोगों की परेशानी कम नहीं हुई है। इधर गरमी व धूप में बढ़ोत्तरी होने के कारण पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। निगम सहित शहर के जन प्रतिनिधियों से लेकर जिला प्रशासन द्वारा इनकी पानी पीने के लिए आज तक काई ठोस कदम नहीं उठाया है। पलामू कथित विकास के नाम पर जलापूर्ति योजना यहां वर्षों से फेल नजर आ रहे है। वही इस समय लोकसभा चुनाव में एक बार सरकार बनाने का दावा करती नजर आ रही है।लेकिन इसकी जमीनी सच्चाई कुछ और ही व्या करती है। राज्य की राजनीतिक राजधानी के रूप में विख्यात पलामू और इसका मुख्यालय डालटनगंज विकास की कहानी बयां करने के लिए हर तरह से तैयार है।इसके लिए आपको डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करना होगा। डालटनगंज विस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले और जिला मुख्यालय से महज कुछ ही किलोमीटर दूरी के अन्दर पानी पीने के लिए समस्या से जूझ रहे लोग मिल जाएंगे। इस विधानसभा क्षेत्र के यह इलाके का चर्चित जहां पीने के पानी को लेकर विकास के दावे की पोल खोल रहा है। शहर वासियों का कहना है कि विकास अगर देखना है तो जनप्रतिनिधि जिन्हें हम वोट देकर कुर्सी पर बैठाए है वो इस इलाके में आकर देखिए तब जाके उन्हें पता चलेगा की हम पीने के पानी के लिए आज भी तरसना पड़ रहा है। साढे चार वर्षों के कार्यकाल में जनप्रतिनिधि इस क्षेत्र में एक बार भी दर्शन भी नहीं हुए, चुनाव तो जीत गए, परंतु उन्हें पानी की समस्या से कोई मतलब नहीं रहा।

यही वजह है कि क्षेत्र की बदहाली से उन्हें कोई लेना-देना नहीं रह गया है।लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि का कभी कभार इस क्षेत्र में भूलवश आगमन हो जाता भी है, तो वह लग्जरी गाड़ियों के साथ आते हैं।उन्हें क्या मालूम शहर में पानी पीने के लिए।पेयजल की समस्या क्षेत्र में गंभीर रुप ले चुका है, परंतु इससे कोई लेना देना नहीं,शहर वासियों ने बताया कि इस बार के चुनाव में झूठे दावे का पोल यहां की जनता खोलेगी।और ऐसे प्रत्याशी को यहां की जनता मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त

### पीएलसी बेस्ड हॉपर वेंईंग एण्ड बैचिंग सिस्टम का उद्घाटन

**बोकारो** । राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभारी - संकार्य) के द्वारा ब्लास्ट फर्नेस -5 में पीएलसी बेस्ड हॉपर वेंईंग एण्ड बैचिंग सिस्टम का उद्घाटन किया गया और इस सिस्टम को अन्य ब्लास्ट फर्नेस में भी अपनाने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण), एम पी सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) ए के देव, विभागाध्यक्ष एवं महाप्रबंधक (आई एण्ड ए) एस सरकार, महाप्रबंधक (आई एण्ड ए) विनय कुमार, महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस-इले) और हीरा लाल, सहायक महाप्रबंधक (आई एण्ड ए) के साथ वरीय अधिशासी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### छाई उड़ने से भुटकूरु के ग्रामीण परेशान

**बोकारो** । जरीडीह प्रखंड की खुंटरी पंचायत के भुटकूरु गांव स्थित पत्थर खदान में छाई फेंककर भर दिया गया है। लेकिन यह छाई अब गांव के लोगों के लिये आफत बन गई है, जहां हवा चलने से ही छाई भुटकूरु के लोगों के घरों में घुस रहा है। इतना ही नहीं, गांव के लोगों के घरों में खाने व पानी में भी छाई बैठ जा रही है, जिसके विरोध में गांव के लोगों ने प्रशासन का विरोध करते हुए नाराजगी जताई है। ग्रामीणों में सुखदेव महली, सूरज सिंह, सागर कुमार महली, प्रेम कुमार महली, भीम कुमार महली ने कहा कि कंपनी द्वारा खदान में छाई तो गिरा दिया गया है, लेकिन छाई के ऊपर अभी भी मिट्टी नहीं डाली गई है। जैसे ही इस गर्मी में तेज हवा चलती है, वैसे ही फ्लाई ऐश (छाई) लोगों के घरो में उड़कर आ रही है। इससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। लोगों को आंखों में जलन समेत कई तरह की बड़ी बीमारियां हो रही हैं। ग्रामीणों इलाकों का हाल बेहाल है। धूल और राख ने लोगों को बीमार कर दिया है। ग्रामीण इस समस्या से कई दिनों से जूझ रहे हैं।

### आदर्श विद्या आश्रम ने पौधों को लिया गोद

**तालगड़िया** । चंदनकियारी प्रखंड के पर्वतपुर स्थित आदर्श विद्या आश्रम का 22वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय के समीप सड़क किनारे वन विभाग द्वारा लगाए गए 20 पौधों को गोद लिया गया। निदेशक पीताम्बर रवानी ने कहा कि शिक्षा ही मानव जीवन के उन्नति का आधार है। इस सुदूर क्षेत्र में विद्यालय का स्थापना से क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार हो रहा है। विद्यालय गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देने के लिए प्रयासरत है। प्रधानाध्यापक जन्मेजय महतो ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से बीस पौधों को गोद लिया जा रहा है। अब से इन पौधों को हर परिस्थिति में बचाकर वृक्ष का रूप दिया जाएगा।
मौके पर तिलकधारी महतो,

# चन्द्र प्रकाश चौधरी व मथुरा महतो समेत 25 उम्मीदवारों का नामांकन दाखिल





संवाददाता

**बोकारो** । लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से राजग (आजसू) उम्मीदवार निवर्तमान सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी तथा इंडी गठबंधन (झामुमो) के उम्मीदवार मथुरा महतो सहित कुल 16 उम्मीदवारों नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।
इन लोगों ने गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह-बोकारो उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के समक्ष अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इसके साथ ही गिरिडीह लोकसभा सीट पर नामांकन दाखिल करने वाले उम्मीदवारों की संख्या 25 हो गई है। सोमवार को नामांकन दाखिल करने वालों में एनडीए के चन्द्र प्रकाश चौधरी व इंडी गठबंधन के मथुरा प्रसाद महतो के अलावा बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कमल प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशी राकेश रोशन घोष, श्रीमती उषा देवी, जयराम कुमार महतो के प्रस्तावक कुलदीप राम, सुश्री पूजा कुमारी, सर्व समाज पार्टी प्रत्याशी सुभाष कुमार ठाकुर, निर्दलीय प्रत्याशी तुलसी महतो, राजा हक, राष्ट्रीय मजदूर एकता पार्टी प्रत्याशी नारायण गिरि, निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती उषा सिंह, लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी ज्ञानेश्वर प्रसाद, निर्दलीय प्रत्याशी इमाम सफी, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक पार्टी प्रत्याशी जयराम महतो एवं बहुजन मुक्ति पार्टी प्रत्याशी मो. ऐनुल अंसारी के नाम शामिल हैं। इसमें चार उम्मीदवारों ने दूसरी बार नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है।

### क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता : चन्द्र प्रकाश चौधरी

**बोकारो** । गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए (आजसू) प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी के नामांकन के बाद जैनामोड़ स्थित बांधडीह में विशाल जनसभा आयोजित की गई, जिसमें भाजपा व आजसू पार्टी के दिग्गज नेताओं का जुटान हुआ। इस दौरान अपना नामांकन दाखिल करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए गिरिडीह के निवर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि पांच वर्ष तक मैंने सांसद रहकर लोकसभा क्षेत्र में विकास का काम किया है। उन्होंने कहा कि विकास ही मेरी प्राथमिकता रही है। उन्होंने केन्द्र में भाई नरेन्द्र मोदी की सरकार को बनाये रखने के लिए भाजपा समर्थित एवं आजसू प्रत्याशी के रूप में खुद को भारी मतों से जीत दिलाने का आग्रह लोगों से किया। इस अवसर पर बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र में पुनः भाजपा की सरकार बनाना है।देश को एक बेहतर स्थान में शामिल किया है। जबकि, बाघमारा विधायक सह– धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की। वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, बोकारो विधायक बिरंची नारायण, बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल आदि ने मंच से कार्यकताओं को संबोधित करते हुए केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए एनडीए उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील की।मंच का संचालन जरीडीह प्रखंड भाजपा अध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर व किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने किया। कार्यक्रम में विधायक निर्भय शाहावादी, ढुल्लू महतो, पूर्व विधायक उमाकांत रजक, गोमिया विधायक डॉ. लम्बोदर महतो, जदयू के प्रदेश महासचिव दीपक नारायण, अर्जुन सिंह, मनोज कुमार ठाकुर, नजरूल हाशमी, शंकर रजक, सचिन महतो सहित भारी संख्या में लोग शामिल थे।

### सम्राट चौधरी ने एनडीए की जीत का किया दावा




**बोकारो** । गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी के रूप में चन्द्र प्रकाश चौधरी के नामांकन में शामिल होने के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने झारखंड की सभी चौदह लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि नामांकन होने के बाद अभी से एनडीए का चुनाव अभियान यहां शुरू हो गया और बिहार और झारखंड, दोनों प्रदेश में जिस तरह पहले 54 में से 50 सीटें जीतने का काम एनडीए करती थी, वैसे ही इस बार भी झारखंड में 14 की 14 सीटें एनडीए जीतेगी। उन्होंने कांग्रेस–झामुमो को भ्रष्ट बताते हुए झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हुई छापामारी में 30 करोड़ रुपए मिलने पर सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों से पूछना चाहिए कि घर से पैसे कैसे निकल रहे हैं। पहले भी कांग्रेस के नेता के घर से 300 करोड़ रुपये से अधिक राशि प्राप्त हुई। आज भी 30 करोड़ से अधिक राशि मिल चुकी है। इस राशि का हिसाब देना चाहिए। आप मंत्री हैं तो आपके पीए के नौकर के घर में इतने पैसे कैसे आ गए। उन्होंने कहा कि ये भ्रष्टाचारी लोग हैं। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का परिवार हो, चाहे झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक शिबू सोरेन का परिवार, यह लोग भ्रष्टाचार में डूबे लोग हैं।

उल्लेखनीय है कि 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में अब तक कुल 26 लोगों ने नामांकन प्रपत्र लिया है, जबकि कुल 25 उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र दाखिल किया है। सोमवार को नामाकन दाखिल करने के दौरान आजसू के चन्द्र प्रकाश चौधरी के साथ बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो व विधायक डॉ लम्बोदर महतो भी उपस्थित थे। जबकि, झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के साथ झारखंड सरकार में मंत्री श्रीमती बेबी देवी, झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य आदि उपस्थित थे।

## बीएसएल में इन हाउस प्रोसेस ऑप्टिमाइजेशन ने की उत्पाद की गुणवत्ता में वृद्धि



संवाददाता

**बोकारो** । बोकारो स्टील प्लांट में कोल्ड रोल्ड कॉइल्स के उत्पादन के लिए सीआरएम 1 और 2 में डीसीआर मिल की सुविधा है, जहां कॉइल्स को वांछित मैकेनिकल गुण प्रदान करने के लिए फोर हाई ट्विन स्टैंड रोल द्वारा पास कराया जाता है। इससे पहले सीआरएम-3 से प्राप्त इनपुट कॉइल्स को सीसीएएल लाइन के माध्यम से पार किया जाता है, जिसमें स्ट्रिप्स को इलेक्ट्रोलाइटिक रूप से साफ किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पाद में बेहतर चमक प्राप्त होती है और फिर निरंतर एनीलिंग द्वारा बेहतर एज और कम वेविनेस्स के साथ बेहतर उत्पाद गुणवत्ता होती है।
उत्पाद आयाम में मोटाईः 0.35-0.80 मिमी और चौड़ाईः 876-1000 मिमी शामिल है।
अब तक डीसीआर उत्पाद की आपूर्ति आईएस 513 सीआर1 के रूप में की जाती थी। ग्राहकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण कोल्ड रोल्ड स्टील आईएस 513 सीआर 2 के की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बीएसएल के आर एंड सी और सीआरएम 1 व 2 की टीम के प्रयासों से डीसीआर उत्पादों के गुणों में महत्वपूर्ण सुधार लाया गया है। इसके तहत फर्नेस के विभिन्न जोन के तापमान और लाइन गति जैसे प्रक्रिया मापदंडों का ऑप्टिमाइजेशन शामिल है। फर्नेस के अलग-अलग जोन में तापमान के ऑप्टिमाइजेशन के लिए मुख्यतः हीटिंग जोन 1, 2 और 3 में बर्नर का मॉडिफिकेशन तथा सोकिंग जोन 4, 5 और 6 में विद्युत ताप तत्वों का मॉडिफिकेशन किया गया, जिससे मैकेनिकल गुणों में वांछित सुधार व अभिवृद्धि लाई जा सकी। इसके अलावा, रेफ्लेक्टेन्स टेस्ट द्वारा सतह की चमक में हुई वृद्धि की पुष्टि भी हुई। इन प्रयासों में मिली सफलता की बदौलत अब बीएसएल सीसीएएल-डीसीआर रूट से पतले गेज (0.35-0.80 मिमी) में आईएस 513 सीआर2के ग्रेड स्टील की आपूर्ति करने में सक्षम है, जिसकी बाजार में काफी मांग है।
यह उन्नयन न केवल बोकारो स्टील के उत्पाद की गुणवत्ता को बेहतर बना रहा है, बल्कि बेहतर सेल्स रियलाइजेशन की दृष्टिकोण से भी उपयोगी है। उल्लेखनीय है कि आईएस 513 सीआर2के कोल्ड रोल्ड ड्राइंग क्वालिटी स्टील का उपयोग कई अलग-अलग उद्योगों जैसे व्हाइटगुड्स, ऑटोमोटिव, ड्रम और बैरल, हैंड और पावर टूल्स, लाइटिंग फिक्स्चर, ट्यूबिंग और रोल फॉर्मेड सेक्शन आदि में विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों के लिए किया जाता है।
उत्पाद की गुणवत्ता में वृद्धि का यह इन-हाउस पहल निदेशक प्रभारी बी के तिवारी के दिशा-निर्देश में अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन, अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, मुख्य महाप्रबंधक (क्वालिटी) मनोहर लाल एवं महाप्रबंधक प्रभारी (सीआरएम- 1 एंड 2) विश्वजीत मिश्रा के मार्गदर्शन में आर एंड सी लैब के सदस्य महाप्रबंधक रतन मल्लिक, उप महाप्रबंधक डॉ. गदाधर साहू, वरिष्ठ प्रबंधक अरिजीत बनर्जी, प्रबंधक प्रिया पाठक, प्रबंधक जितेंद्र कुमार, प्रबंधक एसके घोष और उप प्रबंधक पीके रॉय की टीम ने कार्यान्वित किया। इस कार्य में सीआरएम 1 और 2 की और से महाप्रबंधक अरुण कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक दिनेश कुमार, सहायक प्रबंधक राज अभिषेक और विकास कुमार, ऑपरेटिव मोहम्मद अशाइक आदि का भी अहम योगदान रहा।

## ब्लड शुगर और उच्च रक्तचाप ने लिया महामारी का रूप : डॉ श्रवण




संवाददाता


**बोकारो** । रोटरी क्लब चास द्वारा सांई कंप्यूटर सेंटर, जोधाड़ीह मोड में पीपीएच स्वास्थ्य अभियान के तहत शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, हाईट एवं पल्स जांच शिविर का आयोजन कराया गया। रोटरी चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि स्वास्थ्य ही हमारी असली पूंजी है। पूजा ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे जीवन शैली में इतना परिवर्तन आ गया है कि जीवन क्रिया में बदलाव के कारण हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ श्रवण ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हमारा कर्तव्य है। डॉ श्रवण ने कहा कि भारत में बड़ी संख्या में व्यक्ति शुगर अथवा उच्च रक्तचाप से ग्रसित होता है, पर उन्हें पता नहीं होता। क्योंकि, वह समय पर जांच नहीं करवाते हैं। डॉ श्रवण ने यह भी कहा 40 वर्ष और ऊपर के सभी व्यक्तियों को अनिवार्य रूप से साल में काम से कम दो बार रेगुलर बीपी और शुगर की जांच करवाते रहना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चेंबर के पूर्व अध्यक्ष अशोक तनेजा ने कहा कि शुगर और ब्लड प्रेशर की बीमारी महामारी की तरह फैल रही है। अशोक तनेजा ने कहा कि यदि लंबा और सुखी जीवन जीना है तो दोनों बीमारियों पर कंट्रोल करना होगा। डॉ रविकांत ने कहा कि मधुमेह और उच्च रक्तचाप को कभी जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। डॉ रवि ने कहा कि नियमित रूप से दवाइयां लेकर हम इन्हें कंट्रोल में कर सकते हैं। चास रोटरी की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति हमें सजग रहना होगा। डिंपल ने यह भी कहा कि चास रोटरी का यह स्वास्थ्य अभियान आगे भी जारी रहेगा। डिंपल ने बताया की स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 42 लोगों के शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन एवं पल्स की जांच की गई और इनमें से कई लोगों को शुगर एवं ब्लड प्रेशर पाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनोद चोपड़ा, संजय रस्तोगी, शिवानी तनेजा, शैल रस्तोगी, जेड खान, शाहिद अंसारी का खास योगदान रहा।

## आईसीएसई बोर्ड में बोकारो के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

- 10वीं में संत जेवियर्स का आयुष 98% अंक के साथ बना जिला टॉपर
- 12वीं साइंस में आदित्य को सर्वाधिक 97.5, तो कॉमर्स में अनुष्का को 94.7 फीसद मिले अंक







संवाददाता

**बोकारो** । इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईसीएसई) का 10वीं और 12वीं की परीक्षा का रिजल्ट सोमवार को जारी किया गया। इसमें बोकारो जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मेधाविता का कुशल परिचय दिया। संत जेवियर्स बोकारो का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। क्लास 10वीं में सभी 203 विद्यार्थियों को सफलता मिली। वहीं 12वीं साइंस में सभी 145, कॉमर्स में 101 और आर्टस में सभी 9 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसी स्कूल के छात्र आयुष सुमन 98% के साथ जिला टॉपर बना। वहीं 12वीं साइंस में आदित्य अपूर्वा 97.5, कॉमर्स में अनुष्का कौर पोपली 94.7%, आर्टस में वेदांत प्रियदर्शी को 90% अंकों के साथ जिला टॉपर होने का गौरव प्राप्त हुआ। जिले में तीन आईसीएसई बोर्ड के स्कूल हैं। इसमें 10वीं और 12वीं के सभी संकाय में संत जेवियर्स बोकारो के विद्यार्थियों को जिला टॉपर होने का गौरव प्राप्त हुआ। वहीं 10वीं में बीटीपीएस स्थित कार्मेल स्कूल के सभी 64 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जबकि साइंस और आर्टस मिलाकर कुल पांच बच्चे थे। वे सभी उत्तीर्ण हो गए। 10वीं बोर्ड परीक्षा में चंद्रपुरा डिनोबली का रिजल्ट संतोषजनक रहा। परीक्षा में सम्मिलित सभी 112 परीक्षार्थी पास हुए हैं।
आईसीएसई 10वीं में संत जेवियर्स के छात्र आयुष सुमन को 98% अंक के साथ जिला टॉपर होने का गौरव प्राप्त हुआ। उसे अंग्रेजी में 95, मैथ्स में 98, हिंदी में 99, इतिहास, भूगोल व नागरिक शास्त्र में 99, साइंस में 98, कम्प्यूटर एप्लीकेशन में 99 अंक प्राप्त हुआ। आयुष ने कहा कि वह परीक्षा के समय 12-16 घंटे पढ़ाई करता था। उसके पिता डॉ. श्रीनाथ चिकित्सक हैं और माता संभावना देवी गृहिणी हैं। उसे बुक पढ़ने, क्रिकेट आदि में भी रूचि है। वहीं, 97.2% अंक के साथ संत जेवियर्स के छात्र सक्षम अग्रवाल सेकेंड जिला टॉपर हुआ। उसे अंग्रेजी में 94, हिंदी 99, सोशल साइंस में 96, मैथ्स में 95, साइंस में 98 व कम्प्यूटर एप्लीकेशन में 99 अंक मिला। इसके पिता राजेश कुमार व्यवसायी हैं। जबकि माता अनिता अग्रवाल गृहिणी हैं। वह प्रतिदिन 4-5 घंटे पढ़ाई करता था। उसे ऑनलाइन गेम खेलने में रूचि है। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है।

### सेल के ईडी बीएस पोपली की पुत्री हैं कॉमर्स टॉपर

संत जेवियर्स की छात्रा अनुष्का कौर पोपली 94.7 प्रतिशत अंक के साथ कॉमर्स में जिला टॉपर होने का गौरव प्राप्त हुआ है। उसे अंग्रेजी में 96, इकोनॉमिक्स में 97, कॉमर्स में 95, एकाउंट्स में 91, मैथ्स में 84 अंक मिला है। पिता भूपिंदर सिंह पोपली सेल में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। जबकि माता गुरजीत कौर पोपली संत जेवियर्स की शिक्षिका है। वह परीक्षा के समय 3 से 4 घंटे पढ़ाई करती थी। अनुष्का को खाना बनाना बहुत पसंद है। संत जेवियर्स के छात्र यश कुंडलिया को 12वीं कॉमर्स में 94.7 प्रतिशत अंक लाकर सेकेंड टॉपर होने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार संत जेवियर्स के छात्र वेदांत प्रियदर्शी 12वीं आर्टस में 90 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर होने का गौरव प्राप्त हुआ है। उसे सोशियोलॉजी में 93, इकोनॉमिक्स में 73, अंग्रेजी में 90, हिंदी में 90, इतिहास में 87 अंक प्राप्त हुआ है। जबकि, आर्टस में संत जेवियर्स की छात्रा अरुंधति चंदा को 88.25 प्रतिशत अंक के साथ 12वीं आर्टस में सेकेंड टॉपर होने का गौरव प्राप्त हुआ है। उसे सोशियोलॉजी में 95, हिंदी में 89, इतिहास में 83, अंग्रेजी में 86, इकोनॉमिक्स में 47 अंक प्राप्त हुआ।

### साइंस टॉपर को क्रिकेट खेलने का है शौक

संत जेवियर्स के छात्र आदित्य अपूर्वा को 12वीं साइंस में 97.5 प्रतिशत अंक के साथ जिला टॉपर होने का गौरव प्राप्त हुआ है। उसे अंग्रेजी में 93, मैथ्स में 100, फिजिक्स में 97, केमेस्ट्री में 93, कम्प्यूटर में 100 अंक प्राप्त हुए हैं। वह प्रतिदिन 6 से 7 घंटे पढ़ाई करता था। उसकी माता वंदना रानी व्यवसायी हैं। आदित्य को पढ़ाई के अलावा क्रिकेट खेलना, यू–ट्यूब देखना पसंद है। वह अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता, नानी व शिक्षकों को दिया है। 12वीं साइंस में भी संत जेवियर्स के छात्र इशान गुप्ता को 93.7 प्रतिशत अंक के साथ सेकेंड टॉपर होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

## बंद घर से चोर उड़ा ले गए पांच लाख की संपत्ति



संवाददाता

**बोकारो** । जिले के गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत खासमहल कॉलोनी में सीसीएल कर्मी योगेंद्र सिंह के आवास में ताला व दो अलमीरा तोड़कर लगभग 5 लाख रुपए के जेवरात सहित अन्य संपत्ति की चोरी कर ली गई। चोरी की घटना रविवार-सोमवार की रात लगभग एक बजे की बताई जा रही है। चोरों ने आवास का ताला तोड़कर आवास में प्रवेश किया, जहां आलमारी तोड़कर लगभग 5 लाख रुपए के जेवरात की चोरी कर ली। भुक्तभोगी की मां चिंता देवी ने बताया कि अलमीरा में रखे सोने के कान के झुमके दो सेट, कान की बाली दो सेट, मंगल सूत्र एक, एक सोने की चेन सहित चांदी के तीन जोड़े पायल, गले की चेन तीन और सीसीएल से उपहार में मिले तीन चांदी के मेडल चोरी हो गई है। उन्होंने बताया कि सिर्फ सोने-चांदी की ही चोरी हुई है। बताया जाता है कि गृह स्वामी अपने पूरे परिवार के साथ 15 दिन पहले अपने पैतृक घर कसमार प्रखंड के दांतु गए हुए थे। मकान मालिक ने बताया कि वे कॉलोनी के दूसरे व्यक्ति को घर की चाभी देकर गए थे। रात के लगभग 1.30 बजे बगल आवास के लोगों को तोड़-फोड़ की आवाज आई तो कॉलोनी के अन्य लोगों को मोबाइल ने सूचना दी। लेकिन लोगों के इक्कठा होते-होते चोरों ने अपना काम कर लिया तथा वे आराम से निकाल गए। लोगों ने बताया कि चोरों की संख्या लगभग 8 थी। चोरों द्वारा निर्धारित आवास के अगल-बगल के प्रत्येक आवास के दरवाजे पर रैकी की जा रही थी। चोरी की घटना की जानकारी रात को ही मकान मालिक को फोन पर दी गई थी।
घटना की सूचना मिलते ही अहले सुबह वे अपने आवास पर पहुंच गए तथा गांधीनगर थाना पुलिस को सूचना दी। जहां पुलिस पहुंची तथा मामले की छानबीन करने में लग गई है। इस संबंध में गांधीनगर थाना प्रभारी पिंटू महथा ने कहा कि चोरी की घटना की जानकारी पीड़ित ने दी है। पुलिस ने घटना स्थल पर जाकर जायजा लिया है।

### चंदनकियारी में साढ़े तीन लाख की चोरी, खेत में मिली टूटी आलमारी

चंदनकियारी बस्ती में भी चोरी का मामला सामने आया। चोर चोरी करने के दौरान पूरी की पूरी आलमारी ही उठाकर ले गए। करीब 50 मीटर दूर खेत में ले जाकर आलमारी को खाली किया और वहीं छोड़ दिया। ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह खेत में आलमारी देखा तो अन्य ग्रामीणों को जानकारी दिया। इस दौरान पता चला कि चंदनकियारी बस्ती के मोकिम अंसारी के बंद घर में चोरों ने चोरी की है। इसके बाद उन्हें फोन कर जानकारी दी गई तो नकद डेढ़ लाख समेत दो लाख के जेवरात की चोरी कर लिया है। अंसारी का पूरा परिवार भोजुडीह शादी समारोह में गया हुआ था। जानकारी के अनुसार चंदनकियारी पश्चिम पंचायत के बस्ती निवासी मोकिम अंसारी सपरिवार रविवार को भोजुडीह शादी समारोह में गया हुआ था। बैंड घर का फायदा उठाते हुए चोरों ने नगद देढ़ लख समेत लगभग दो लाख रुपया का जेवरात पर हाथ साफ किया हैं। जिमसें से सोने के हार, कंगन, मांगटिका, 12 जोड़ा बच्चा कंगन, बच्चा चैन, छपका, गाला सेट चांदी का चैन, कान का झूमक, पायल आदि शामिल हैं। पुलिस मामला दर्ज कर पड़ताल में जुट गई हैं।

# अरविंद केजरीवाल बाहर होंगे या अंदर ही रहेंगे?



विनोद कुमार सिंह

**वर्तमान में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति से उपजे शराब घोटाले के सिलसिले में जेल में हैं और सिसौदिया एक साल से अधिक समय से जेल में हैं।पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन भी पीएमएलए के मामले में दो साल से अधिक समय से तिहाड़ जेल में हैं।दूसरी बार राज्यसभा सांसद संजय सिंह करीब तीन महीने तक तिहाड़ जेल में रहे लेकिन अब जमानत पर बाहर हैं।**

अरविन्द केजरीवाल को राहत के लिए अभी इंतजार करना होगा देशवासियों के लिए बदलते हुए पर्यावरण के मियाज प्रचंड गर्मी के लोक सभा 2024 के साधारण चुनाव की सरगर्मी,राजनीति दलों के सिद्धान्त विहीन व दिशाहीन गतिविधियों से भारत राजनीति की चर्चा राजनीति के मनिषयों के संग अन्तराष्ट्रीय राजनीति पर पैनी नजर रखने चर्चा-चिन्तन व चिन्ता बन गई है* ।आज कल चहुँ दिशाओं एक चर्चा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को आखिर कब तक इंतजार करना पड़ेगा । क्या वह किसी राजनीतिक सुनियोजित षंडयत्र के तहत जेल में डाला गया है ।जैसा कि आप सभी को मालुम देश में लोकसभा 24 के साधारण चुनाव सात चरणों होने जा रहा है ।सात चरणों में दो चरणों चुनाव समपन्न हो गए तीसरे चरण 7 मई को होने वालि है ।चुनाव आयोग देश में निष्पक्ष चुनाव कराने की व्यस्त है ।तो वही दूसरी तरफ सरकारी जाँच ऐजेन्सियों द्वारा एक सुनियोजित तरीके विपक्षी राजनीति दलों व उसके कार्यकत्ताओं को जाँच छापा व जेल में बंद करनें का अभियान चलाया है*आज हम देश की राजधानी दिल्ली के बारे में चर्चा कर रहे है ।जैसा कि आप सभी को पता है देश की राजधानी दिल्ली है ।जो केन्द्र शासित प्रदेश है ,लैकिन दिल्ली की अपनी विधान सभा है ।जहाँ दिल्ली की जनता अपनी प्रतिनिधि को चुन कर भेजती है, वही दूसरी ओर केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप राज्यपाल की व्यवस्था की गई । ऐसे जनता के चुने हुए प्रतिनिधि व केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि में आप सी ठकराव की स्थिति देख ने को देखने की मिलती रहती है। लैकिन केन्द्र सरकार के रूप में एन डी ए की सरकार बनी - दिल्ली की जनता ने अरविन्द केजरीवाल को लगातार तीसरी अपना मुख्यमंत्री बनाया केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि वर्तमान राज्यपाल के ठकराव की ऐसी स्थिति बन गई दोनों की आपसी लड़ाई के मध्य दिल्ली की जनता परेशान है। ऐसे मामला इतना तुल पकड़ा कि मामला न्यायालय व जाँच ऐजेन्सी के चक्र बहू में फस गया है। जाँच ऐजेन्सी की आँच में मंत्री उप मुख्य मंत्री व मुख्य मंत्री को जेल की चारदीवारी तक पहुँच गये ।ऐसे ही दिल्ली की नई शराब नीति का मामला है।



दिल्ली के मुख्य मंत्री व राज्यपाल अपने अधिकार क्षेत्र के लेकर देश के न्याय मन्दिर में पहुंचा ।जाँच ऐजन्सी के जाल विछा कर जेल के अन्दर डाल दिया , वही अरविन्द केजरीवाल नें उनकी गिरफ्तारी को न्यायलय में चुनौती दे डाली ।इसी घटना में सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने अपना फैसला 7 मई के लिए सुरक्षित रख लिया है ।दिल्ली के सीएम केजरीवाल को जमानत दे सकते हैं या नहीं,लेकिन आचार संहिता लागू होने के दौरान उनकी गिरफ्तारी के तर्क पर सवाल उठाया ।दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की इस याचिका पर सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की दो जजों की बेंच ने कहा कि वे हो सकता है कि या तो 7 मई को उन्हें जमानत न दी जाएगी या न भी दी जा सकती है ,लेकिन प्रवर्तन निदेशालय को चुनाव आचार संहिता लागू होने के ठीक एक हफ्ते बाद,चुनाव के बीच में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के अपने कृत्य के पीछे के तर्क को सही ठहराना होगा। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता व न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि चाहे कुछ भी हो प्रवर्तन निदेशालय को चुनाव आचार संहिता लागू होने के ठीक एक सप्ताह बाद 21 मार्च को दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की अपनी कार्रवाई को उचित ठहराना होगा।

दो न्यायाधीशों की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को इस संभावना के लिए तैयार रहना होगा कि वास्तविक चुनावों के मद्देनजर दिल्ली के सीएम को जमानत मिल भी सकती है।

हालाँकि,उन्होंने यह भी कहा कि अरविंद केजरीवाल के वकील को यह निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि उन्हें जमानत मिल जाएगी क्योंकि हम उन्हें जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी दे सकते हैं। इस संदर्भ में

न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के वकील को यह सोचना चाहिए कि उन्हें जमानत मिल रही है,हालांकि अदालत इस संभावना पर खुली है ।हालाँकि,हम किसी भी तरह से कुछ नहीं कह रहे हैं,कि हम जमानत देंगे या नहीं, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा।

सर्वविदित रहे कि जनता द्वारा निर्वाचित दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को विगत 21 मार्च को दिल्ली सरकार की नई आबकारी पुलिस द्वारा किए गए शराब घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया था।

जाँच पहले दिल्ली के सीएम को किंगपिन बताया था, जबकि जेल में बंद दिल्ली के सीएम ने अपनी गिरफ्तारी को पूरी तरह से मनमाना और अवैध बताया है, जो पहली बार लोकतंत्र के सिद्धांतों को नष्ट करने वाला था।

वर्तमान में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति से उपजे शराब घोटाले के सिलसिले में जेल में हैं और सिसौदिया एक साल से अधिक समय से जेल में हैं ।पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन भी पीएमएलए के मामले में दो साल से अधिक समय से तिहाड़ जेल में हैं ।दूसरी बार राज्यसभा सांसद संजय सिंह करीब तीन महीने तक तिहाड़ जेल में रहे लेकिन अब जमानत पर बाहर हैं ।जमानत पर बाहर आने के बाद उनका जोरदार स्वागत किया गया ।संजय सिंह ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या का मामला है क्योंकि जिस मामले में वह तिहाड़ जेल के अंदर हैं,उनके खिलाफ एक भी सबूत नहीं मिला है ।फिलहाल देश की राजनीति के बदलते घटना क्रम में जिस तरह केन्द्र की सतारूढ़ सरकार अपने विरोधी राजनीति दलो के नेताओं पर दबाब बना कर , जाँच ऐजेन्सी का डर पद व पदोन्नति का प्रलोभन देकर भले उन पर किसी प्रकार आरोप लगा - विपक्षी नेताओ के खिलाफ दबाव व डर बनाकर सरकारी गवाह बनाकर -हथकड़ा बनाया यह किसी से भी नही छुपी है। 7 मई को माननीय सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आना वाला है तीसरे चरण का मतदान भी ऐसे अन्तिम फैसला देश की जनता जर्नादन को करना है। फिलहाल इसके लिए इंतजार आप को करना होगा।

## संपादकीय

### संदेह से परे सुरक्षा

सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में कनाडा पुलिस ने तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस ने कहा है कि वे निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता की जांच कर रहे हैं। 45 वर्षीय निज्जर की पिछले वर्ष कनाडा में नकाबपोश बंदूकधारियों द्वारा गुरुद्वारे के बाहर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी जिससे भारत और कनाडा के दरम्यान राजनयिक विवाद पैदा हो गया। पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है तथा उनके पास प्रमाण हैं, और इस मामले में भारत सरकार के तार जुड़े होने की बाबत इन्हें खंगाला जा रहा है। वैसे कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पहले ही भारत के खिलाफ पर्याप्त सबूत होने की बात कर चुके हैं। हालांकि भारतीय अधिकारियों ने इन आरापों का सिरे से खंडन किया था। साथ ही, कनाडा पर खालिस्तानी आतंकियों और चरमपंथियों को पनाह देने की भी बात कनाडा के समक्ष उठाई थी। गौरतलब है कि निज्जर भारत सरकार द्वारा पहले ही आतंकवादी घोषित किया जा चुका था जो ऐसे चरमपंथी अलगाव समूह का नेतृत्व कर रहा था, जो अलग खालिस्तान की मांग करता है। इस जांच में भारतीय अधिकारियों को शामिल कर कनाडाई सरकार ने अपनी निष्पक्षता दशार्नें के भी प्रयास किए हैं। कनाडा ही नहीं, बल्कि अमेरिका और इंग्लैंड जैसे देशों में रहने वाले सिखों में भी खालिस्तान के मुखर समर्थक हैं। भारत सरकार सिख अलगाववादी आंदोलन की इस चिंगारी के भड़कने को भारत के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप बताती रही है। इससे पहले भी ब्रिटेन में अवतार सिंह खांडा की रहस्यमय मौत और लाहौर में परमजीत सिंह पंजवाड की गोली मार कर की गई हत्या पर भारत सरकार पर संदेह किया गया था। कोई भी सरकार अपनी अखंडता, सुरक्षा और आंतरिक मामलों में बाहर का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं कर सकती। बहरहाल, जांच जारी है, इसलिए अभी अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। खासकर इस वक्त जब देश में लोक सभा के चुनाव चालू हैं, इस तरह के विवादों से समुदाय विशेष को प्रभावित करने की आशंका भी निराधार नहीं कही जा सकती। हालांकि मोदी सरकार वैश्विक पटल पर देश की छवि को लेकर न केवल सावधान रहती है, बल्कि कड़े संदेश देने में भी कदम पीछे नहीं खींचती। चरमपथियों/आतंकवादियों को लेकर किसी भी तरह की मुलायमियत देश की सुरक्षा के लिए उचित नहीं ठहराई जा सकती।



## चिंतन-मनन

### भय को निकालें

जब क्रियता का संवेदन होता है तो अक्रियता का संवेदन भी होगा। हमारे सारे तनाव इस परिघि में हो रहे हैं। क्रियता का संवेदन हो, क्रिय मिले, क्रिय को वियोग न हो और अप्रियता का योग न हो। बस, सारी तनाव की यह सीमा है। इसी सीमा में सारे तनाव प्रकट हो रहे हैं। पर मूल में जो छिपा हुआ कारण कार्य कर रहा है, वह मात्र एक ही है- प्रियता का संवेदन, अप्रियता का संवेदन। अब यह संवेदन है तो भय भी पैदा होगा।

एक छोटी सी कहनी है। एक आदमी बहुत डरता था। वह समझदार आदमी के पास गया जो मंत्र को जानता था। उसके पास जाकर बोला, मुझे डर बहुत लगता है। उसने ताबीज बना दिया और कहा, इसको बांध लो। तुम्हारा डर समाप्त हो जाएगा। ताबीज बांध लिया। डर लगना कम हो गया। पर मंत्र जानने वाला व्यक्ति कुछ दिन बाद ही आया और पूछा- भाई! अब डर तो नहीं लगता? उसने कहा, जो काल्पनिक था, वह तो नहीं लगता किन्तु एक डर और पैदा हो गया। निरन्तर मन में भय बना रहता है कि कहीं ताबीज गुम न हो जाए। एक भय तो समाप्त हुआ, दूसरा भय और आ गया।

जब यह दृष्टि मूल में बनी रहती है कि प्रिय का वियोग न हो जाए, अप्रिय का योग न हो जाए, तब भय अनिवार्य है। उस मूल कारण से तनाव पैदा होता है। जब प्रिय संवेदन की भावना है, उसका तनाव भी पैदा होता है। हमारे जीवन के संचालन के केन्द्र में जो तत्व है, वह है लोभ। मनोविज्ञान के अनुसार हर व्यक्ति में कुछ मौलिक मनोवृत्तियां होती हैं। जीने की इच्छा भी इसी में एक है।

## क्यों घट रहा है मतदान का प्रतिशत?



सनत जैन



साल 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए मतदान केंद्र तक ले जाने में सबसे बड़ी भूमिका, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुवांशिक संगठन और भाजपा संगठन की रही है। इस कारण 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में हर बार से ज्यादा मतदान हुआ। 2024 में यह स्थिति बदली हुई दिख रही है। इसका मुख्य कारण, भाजपा संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुवांशिक संगठन के कार्यकर्ता इस बार निष्क्रिय नजर आ रहे हैं। निष्क्रियता का एक बड़ा कारण भारतीय जनता पार्टी में अन्य दलों के नेताओं और कार्यकताओं को शामिल किया जाना है। दरअसल 2024 लोकसभा चुनाव के पहले ओर लोकसभा चुनाव के दौरान जिस तरह से अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं को भाजपा में प्रवेश दिया जा रहा है, उसके कारण भाजपा संगठन और आनुवंशिक संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हैरान हैं। अन्य दलों से आए नेताओं और कार्यकताओं का भाजपा की विचारधारा से कोई लगाव नहीं होता है। इसके बाद भी बाहर से आए हुए नेताओं को महत्वपूर्ण पदों से नवाजा जा रहा है। भाजपा के लिए अब सत्ता ही एक विचारधारा बनकर रह गई है। भाजपा में बाहर से आए हुए अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं पर आरोप है कि वो अपने साथ गंदगी लेकर आ रहे हैं। इस कारण संगठन के नेता और कार्यकर्ता मायूस होकर घर बैठ गए हैं। पिछले 10 वर्षों में भाजपा संगठन को पूरी तरह से प्रोफेशनल कंपनी की तरह संचालित किया जा रहा है। जो भाजपा के नेता सत्ता की कुर्सी पर विराजमान हैं। उनका भाजपा संगठन के साथ कोई लगाव नहीं रहा है। जब चुनाव आते हैं, तब पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं को एकत्रित कर रैली, जनसभाओं में भीड़ लाने की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। इसके लिए केंद्रीय स्तर पर बाकायदा भुगतान भी किया जाता है। दूसरी तरफ भाजपा संगठन और संघ के निष्ठावान कार्यकर्ता और प्रचारक हैं जो लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहे है। उनसे केवल बंधुआ मजदूर की तरह काम लिया जाता है। अपने ही संगठन में वह उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्हें ऐसा लगता है, कि जिस विचारधारा के साथ जुड़कर वह कई पीढियों से संघ और भाजपा को सेवाएं देते आ रहे हैं। उस पर अब प्रोफेशनल का कब्जा हो गया है। सत्ता का लाभ उन्हें ही मिल रहा है। ऐसी स्थिति में वह कोई विरोध तो नहीं कर रहे हैं, लेकिन मतदाताओं से संपर्क रखने और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के काम में अब उनकी कोई रुचि नहीं रह गई है।

देशभर में भाजपा के 10 लाख से अधिक पदाधिकारी, जिनमें संभागीय जिला, ब्लॉक के पदाधिकारी, पन्ना प्रमुख चुनाव कार्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। यही वर्ग सबसे ज्यादा इस बात से नाराज है, कि बाहर से इतने सारे नेताओं को उनके सिर पर लाकर क्यों बैठाया जा रहा है। इसी तरह से अनुवांशिक संगठनों से जुड़े हुए पदाधिकारी और प्रचारक भी शांत होकर इस चुनाव में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। पश्चिम बंगाल और केरल में कम्युनिस्ट पार्टी का एक संगठन काम करता है। कांग्रेस का संगठन देशभर में निष्प्रभावी होकर रह गया है। जिन राज्यों में क्षेत्रीय दलों की सरकारें हैं, उनका नेटवर्क जरूर मजबूत है। देश के सभी राज्यों में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका भाजपा संगठन और संघ के अनुवांशिक संगठनों की रही है। उसमें निराशा का भाव आ गया है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई का जवाब कार्यकताओं के पास नहीं है। मतदान कम होने से सबसे ज्यादा नुकसान भाजपा को ही होता हुआ दिख रहा है। हाल ही में लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कार्यकताओं की इस व्यथा को खुलकर बताया है। उनका कहना था, इंदौर में जिस तरह से कांग्रेस उम्मीदवार को भाजपा में प्रवेश दिया गया है। उसकी कोई जरूरत नहीं थी। इंदौर में भाजपा उम्मीदवार आसानी से चुनाव जीत रहा था। भाजपा और संघ से जुड़े अनुवांशिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकताओं के फोन उनके पास आ रहे हैं। वह कह रहे हैं, हमारे पास नोटा को वोट देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। भाजपा संगठन में जिस तरह से कांग्रेस के लोगों को लाया जा रहा है। इसका विरोध करने के लिए नोटा के अलावा और किसी को वोट तो दे नहीं सकते हैं। भाजपा संगठन को ताई की बात को समझना होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दौहरा नुकसान होने जा रहा है। भाजपा से जुड़े निष्ठावान कार्यकर्ता यदि नोटा में वोट देते हैं, तो भाजपा के उम्मीदवार का नुकसान है। आसपास के जो वोट निकालकर मतदान केंद्रो तक ले जाते थे, निराशा में होने के लिए वह खुद तो वोट डाल रहे हैं। मतदाता को मतदान केंद्र तक ले जाने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। गर्मी और खेती किसानी के कारण मतदाता अपने घरों से नहीं निकल रहा है। भाजपा के कार्यकर्ता भी चुप्पी साधकर बैठ गए हैं। अभी तीसरे चरण के चुनाव होने जा रहे हैं। चार चरणों के चुनाव और बाकी हैं। भाजपा नेताओं और संगठन को समय रहते ध्यान देना बहुत जरूरी है। इस तथ्य को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणाम इंडिया शाइनिंग जैसे हो सकते हैं।

## भारत 2047 तक ऐसे बनेगा विकसित देश

इन दिनों पूरे देश में ही नहीं पूरी दुनिया में अर्थ विशेषज्ञ एकमत से टिप्पणी कर रहे हैं कि यदि भारत अपने विकास मॉडल में तेज विकास के साथ समावेशी विकास तथा रोजगार एवं साझी समृद्धि की रणनीति पर तेजी से आगे बढ़ेगा, तो भारत वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के सपने को साकार कर सकेगा। गौरतलब है कि इस समय दुनिया में कोई 40 ही देश विकसित हैं, जिनमें प्रमुख रूप से विकसित यूरोपीय देश हैं। भारत इस समय विकासशील देश है। अब भारत के विकसित राष्ट्र बनने की महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने की संभावनाओं के कई आधार हैं। भारत दुनिया में वैश्विक सुस्ती की चुनौतियों के बीच आर्थिक विकास की डगर पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 अप्रैल को प्रकाशित वैश्विक परामर्श एजेंसी डेलॉयट इंडिया की नई रिपोर्ट के तहत वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)की वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.6 से 7.8 प्रतिशत कर दिया है। कहा गया है कि भारत में मध्यम आय वर्ग के लोगों की संख्या में तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 2 साल से वृद्धि के मजबूत आंकड़ों ने अर्थव्यवस्था को कोविड के पहले के स्तर में आने में मदद की है। बुनियादी ढांचे पर सरकार के व्यय में तेजी से निवेश को समर्थन मिला है। इससे भारत को वृद्धि की रफ्तार तेज रखने में मदद मिली है। निस्संदेह यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत घरेलू मांग और कामकाज करने वाली आबादी को देखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही विश्व बैंक ने भी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। निश्चित रूप से विकसित भारत बनने के लिए भारत की मुठ्ठियों में कई महत्त्वपूर्ण संभावनाएं हैं। भारत में पिछले वर्ष 2023 में आयोजित जी-20 के शानदार सफल आयोजन से भारत के पास विकास के नए सूत्र आए हैं। भारत के पास पिछले 10 वर्षों की शानदार विरासत है। यह भारत का ऐसा समय है जब हमारी आर्थिक वृद्धि लगातार बढ़ रही है। भारत में स्थिति मैन्युफेक्चरिंग, निवेश और निर्यात के मद्देनजर उपयुक्त है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान से देश तेजी से आगे बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में गिरावट के रुझान के बीच भारत दुनिया के सर्वाधिक एफडीआई प्राप्त करने वाले प्रमुख देशों में शामिल है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी से बढ़ा है। वैश्विक सुस्ती के बीच भारत का शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर है। पिछले एक दशक में हुए रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफार्म देश के विकास के लिए गेमचेंजर रहे हैं।

भारत में अहम आर्थिक सुधार हुए और इन सुधारों में जन धन, आधार और मोबाइल आधारित सब्सिडी सुधार (जेएएम) वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) प्रमुख हैं। निस्संदेह इस समय भारत के पास टिकाऊ विकास के अभूतपूर्व अवसर हैं। वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत दी जा रही है। भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ का स्थाई सदस्य देश बनाने के लिए अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का समर्थन रेखांकित हो रहा है और भारत वैश्विक मंच पर बड़ी भूमिका के लिए तैयार है। भारत के तेजी से बढ़े कृषि क्षेत्र से दुनिया की उम्मीदें बढ़ गई हैं। तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) बढ़ रहे हैं। प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार भारत की ओर अधिक रेमिटेंस भेजा जा रहा है। इस समय देश के वैज्ञानिकों के द्वारा अंतरिक्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा तथा नए तकनीकी विकास के कारण आर्थिक विकास को गति मिल रही है चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में उभरकर सामने आया है। अब भारत में लॉजिस्टिक लागत में कमी आने लगी है।

इतना ही नहीं भारत दुनिया के 85 देशों को हथियार व सैन्य सामग्रियों का निर्यात भी कर रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से देश में आर्थिक विकास की रफ्तार बढ़ी है। इसके साथ-साथ दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान, स्टार्टअप का दुनिया में सबसे तेजी से बढ ?ा, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के लिए बढ़ते हुए नए दौर के कौशल निर्माण कार्यक्रम, बड़े पैमाने पर पूंजीगत खर्च, गैर जरूरी आयात में कटौती, खेलों के क्षेत्र में भारत की लंबी छलांगों से लाभान्वित होती भारतीय अर्थव्यवस्था और बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता देश के टिकाऊ विकास की बुनियाद बन गई है। निश्चित रूप से भारत को विकसित देश बनाने के लिए वर्तमान विकास मॉडल में सुधार करना होगा। विकास मॉडल में समृद्ध भारत के साथ समावेशी भारत की तस्वीर को हरदम सामने रखना होगा। जहां देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ाते रहना होगा, वहीं रोजगार वृद्धि व आम आदमी के सशक्तिकरण के अधिक प्रयास करने होंगे। यद्यपि पिछले 10 वर्षों में बहुआयामी गरीबों में बड़ी कमी आई है। लेकिन अब बकाया 15 करोड़ से अधिक गरीबों को नई मुस्कराहट देने का जोरदार अभियान आगे बढ़ाना होगा। इस बात को भी ध्यान में रखना होगा कि देश के आम आदमी के कमजोर जीवन स्तर को अच्छे जीवन स्तर में बदला जाए। देश में 19 करोड़ से अधिक महिलाओं को पेड वर्कफोर्स में शामिल करने की रणनीति को अमलीजामा पहनाना होगा। हमें विकास के लिए चीन की कम कौशल वाले विनिर्माण की नीति को अपनाने की बजाय हमारे शक्तिशाली सर्विस सेक्टर के जरिए विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ ?ा होगा। कई अहम सुधारों को वैधानिक बनाते हुए उनका तेजी से क्रियान्वयन करना होगा। कृषि, श्रमिक, भूमि भ्रष्टाचार के उन्मूलन और अन्य सुधारों की डगर पर तेजी से बढ ?ा होगा। यद्यपि केंद्र सरकार 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में तबदील करने की महत्त्वाकांक्षी योजना को आकार देने में सफल रही है, लेकिन ये अब तक लागू नहीं हुई है। अब एक ऐसे समय में जब कई देशों की कंपनियां चीन से बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार स्थानांतरित करते हुए दिखाई दे रही हैं तब हम अच्छे श्रम कानूनों से इसका लाभ उठा सकते हैं। देश के तेज विकास के लिए उभरते क्षेत्रों में शोध एवं विकास क्षेत्र में जरूरी निवेश पर्याप्त नहीं है। शोध एवं विकास के क्षेत्र में भारत का प्रति व्यक्ति व्यय दुनिया में विभिन्न तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम है। निश्चित रूप से देश को विकसित देश बनाने की संभावनाओं को साकार करने के लिए इस लोकसभा चुनाव के माध्यम से जून 2024 में गठित होने वाली सरकार स्थिर और मजबूत होना जरूरी है। देश को एक ऐसी प्रभावी और त्वरित प्रशासनिक निर्णय लेकर उन्हें कार्यान्वित करने वाली क्षमतावान सरकार की जरूरत है, जो 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनाने के मद्देनजर 8.9 फीसदी सालाना विकास दर प्राप्त करने के लिए मौजूदा प्रति व्यक्ति आय को पांच गुना तक करके 12 हजार डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाने, मजबूत आर्थिक सुधारों, अधिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं व राष्ट्रीय विकास के मूल्यों के साथ विकास का जज्बा पैदा करते हुए देश को रणनीतिक रूप से तेजी से आगे बढ़ाए।

**-डा. जयंतीलाल भंडारी-(विख्यात अर्थशास्त्री)**

# सुकून और सुंदरता
## का एक ही नाम सफेद

- विज्ञान ने भी साबित किया है कि गर्मियों में हल्के सुहाने रंग राहत और सुकून पहुंचाते हैं। और यदि तेज, चुभती धूप में कपड़ों का रंग सफेद हो तो... ये बिल्कुल जादू की तरह काम करता है। देखकर सुकून का आभास होता है।
- सफेद लिबास के साथ अवचेतन में इतनी शुभ्रता, शुचिता, सुकून के अहसास जुड़े हैं कि सफेद



गाउन में सजी कोई युवती पहली नजर में परियों-सी लगती है। हम जब भी खूबसूरती, मासूमियत और अलौकिकता की साझी कल्पना करते हैं तो दिलो-दिमाग में सफेद वस्त्रों में सजी परियां थिरक उठती हैं। बहरहाल, जिन देशों में मार्च के कदम रखते ही गर्मी भी दस्तक देने लगती है, वहां चिलचिलाती धूप और बेचैन करने वाली तपिश के दिनों में फैशन और सुकून का एक ही रंग दिखता है, सफेद।

- साल 2012 का प्रतिनिधि रंग कोई भी हो, दहलीज पर गर्मी के कदम पड़ते ही सफेद रंग की हुकूमत चारों तरफ दिखाई देने लगती है। यह महज संयोग नहीं है कि हर साल स्प्रिंग कलेक्शन यानी बसंत ऋतु में होने वाले फैशन सप्ताहों में सफेद रंग की बादशाहत दिखती है। गर्मियों में हल्का-फुल्का, ढीला-ढाला और कैजुअल कुछ भी पहन सकते हैं। चाहे बीच पार्टियां हों, चाहे किसी के जन्मदिन की पार्टी- सफेद हर जगह शानदार लगता है, गरिमामय लगता है। सफेद लिबास के साथ एक और सुविधा है। आप कई तरह की एक्सेसरीज पहन सकते हैं। बहुत कम ऐसे मौसम होते हैं जिनका कोई प्रतिनिधि रंग हो, लेकिन गर्मी का अपना प्रतिनिधि रंग है, सफेद। इन दिनों भड़कीले या बहुत धुंधले (डल) रंग न दिल को भाते हैं न आंखों को। सिर्फ अपने तन में ही नहीं, दूसरों पर भी इन दिनों सफेद रंग के कपड़े अच्छे लगते हैं।
- लड़कियों में सफेद कुर्ते, सफेद टॉप, सफेद गाउन कुछ इस तरह खिलते हैं, जैसे वाकई ये उजली-उजली परियां हों। एक फायदे की बात यह है कि आज सफेद रंग में हर तरह की एक्सेसरीज आसानी से मैच करती है।
- आप सफेद टॉप के साथ नीली जींस का क्लासिक कॉम्बिनेशन इस्तेमाल कर सकते हैं तो आमतौर पर काले को छोड़कर (...और वो भी इसलिए, क्योंकि काला रंग रोशनी को सोखता है, इसलिए इन दिनों बेचैन करता है) कोई भी रंग सफेद के साथ मैच कर जाता है यानी सफेद के साथ कॉम्बिनेशन बनाने में आपको कतई परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ती है।
- इसकी रसायनिक विशिष्टता तो यह है कि यह आंखों का सुकून और दिल को ठंडक पहुंचाता है। यह हमारी तमाम उग्रता को ठंडा कर देता है।
- सफेद महज रंग नहीं है, यह पूरी संस्कृति है। यह एक पूरी सभ्यता है इसलिए सफेद रंग जितना चिलचिलाती गर्मी से सुकून देता है, वैसे ही बेचैन करने वाली भावनाओं के मामले में भी सुकून पहुंचाता है। यही कारण है कि दुनियाभर में बच्चों की मासूमियत को उभारने के लिए उन्हें उसके साथ जोड़कर देखने के लिए ज्यादातर स्कूलों की यूनीफॉर्म सफेद होती है।
- सफेद रंग शांति और शुद्धता का प्रतीक है। जब फिजा में आतिशी हवा के झोंके हों, कपड़े बेचैन करते हों, भला उस समय भड़कीले रंग किसे अच्छे लगते हैं यही वजह है कि पश्चिम से लेकर पूरब तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक गर्मियों में सफेद लिबास का जलवा दिखता है।
- डॉक्टर सफेद कोट पहनते हैं, क्योंकि वे यह बताना चाहते हैं कि यह रंग ईमानदारी, पवित्रता और ईश्वरीयता का प्रतिनिधि है।
- सफेद रंग के साथ कई फायदे हैं- भावनात्मक, कुदरती और सामाजिक भी। इसकी सामाजिकता में भी समरसता है। यही कारण है कि सफेद रंग सबको भाता है, सब पर फबता है चाहे सेलिब्रिटीज पहन लें या फिर कोई आम आदमी। सबको यह रंग आकर्षित करता और सब पर यह रंग आकर्षक लगता है। ऐसा नहीं है कि हम सफेद कपड़े कभी भी पहन सकते हैं।
- वाकई सफेद सदाबहार रंग है और इसके इतने विस्तृत आयाम हैं कि अगर आपने कई जोड़ी यानी जरूरत से ज्यादा भी इन दिनों सफेद कपड़े खरीद लिए हैं तो आपको सर्दियों के कपड़ों की तरह संदूक में साल के बाकी महीनों के लिए नहीं रखने पड़ेंगे। आप इन्हें लगातार पहन भी सकते/ सकती हैं। सफेद रंग के साथ आप अपनी चाहतों के सभी रंगों की एक्सेसरीज पहन सकती हैं। सफेद रंग कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होता है। यह हमेशा खूबसूरत और ट्रेंडी लगता है।
- गर्मियों में सफेद टी-शर्ट और टॉप के जलवे देखते ही बनते हैं। मर्लिन मुनरो आज भी चेतन-अवचेतन में अगर किसी परी की तरह कैद हैं तो उसी सफेद ड्रेस में। गर्मियों में तमाम सेलिब्रिटीज सफेद रंग में ही नजर आते हैं तो आप क्यों न नजर आएं। इसलिए अगर सीजन की खरीदारी करने के लिए निकलना है तो अपनी सूची में सफेद कपड़ों के लिए जगह बना लीजिए, आखिर इन गर्मियों में परियों की तरह जो लगना है।

**जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है, अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।**

### कैसे शुरू करें बच्चों की
# बेड टाइम ट्रेनिंग





आज की लाइफ स्टाइल पहले की लाइफ स्टाइल से बहुत अलग है। मोबाइल, टीवी, इंटरनेट ने हमारी जिंदगी में जितनी चीजें आसान बना दी है, उतना ही हम व्यस्त भी हो गए हैं। अगर आपके बच्चे का प्री-स्कूल जाने का समय आ गया है और उसका अभी भी रात में सोने का कोई निर्धारित समय नहीं है तो यह आपके लिए एक समस्या का कारण हो सकता है।

जब तक बच्चा स्कूल न जाए तब तो ठीक है। अगर वह रात में देर से भी सोता है तो सुबह देर तक सोकर अपनी नींद पूरी कर सकता है, लेकिन जब वह स्कूल जाने लगता है तो उसकी नींद पूरी नहीं हो पाती और वह चिड़चिड़ाने लगता है...।

नींद पूरी न होने से बच्चे के मस्तिष्क का पूरा विकास नहीं हो पाता। क्या आप अपने बच्चे के स्कूल की शुरुआत ऐसे करना चाहेंगे? इसलिए शुरू से उसे बेड टाइम ट्रेनिंग की आदत डालनी चाहिए।

यह ठीक उसी तरह है जिस तरह हमारी मां हमें सोने से पहले अपनी लोरियां सुनाती थीं। आइए जानें कुछ ऐसी बातें जिससे हम अपने बच्चे को ट्रेंड कर सकते हैं बेड टाइम ट्रेनिंग के लिए-

1. बेड टाइम ट्रेनिंग आप 4 से 5 माह के बच्चे के साथ कर सकते हैं। शुरुआत में आपको थोड़ी समस्या जरूर होगी लेकिन बाद में यह बहुत मददगार साबित होगी। बच्चे को सुलाने से पहले आप उनकी हल्की-हल्की मालिश कीजिए। गुनगुने पानी से उनका मुंह-हाथ धोएं (स्पंज करना)।
2. उनके कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। एक समय पर कमरे की लाइट्स बंद कर दें। ऐसा करके आप उन्हें सिग्नल दे रहे हैं और बेड टाइम के लिए तैयार कर रहे हैं।
3. बच्चों को कोई गाना, सॉफ्ट म्यूजिक सुनाएं। लाइट बंद करने से पहले आप बच्चों को पिक्चर बुक्स भी दिखा सकती हैं। ऐसा करने से बच्चों को बुक्स पढ़ने की आदत पड़ती है।
4. सोने से पहले भगवान का कोई सा मंत्र भी सुना सकती हैं। कुछ बच्चों को अपना मनपसंद खिलौना लेकर सोना भी अच्छा लगता है। बच्चों को सोने से पहले सॉफ्ट म्यूजिक सुनना बहुत अच्छा लगता है और उसे सुनने से उनके दिमाग का विकास भी होता है इसीलिए तो बरसों से चलता आ रहा लोरी का एक अपना ही महत्व है।
5. छोटे बच्चे (6 माह से 1 साल के बीच) रात में दूध के लिए जरूर उठते हैं। धीरे-धीरे उसका भी एक समय बनाते जाएं जिससे बच्चा और आप दोनों अच्छे से अपनी नींद पूरी कर सकें।
6. जैसे-जैसे बच्चा धीरे-धीरे बड़ा होता है, आप उसे बेड में जाने से पहले मुंह-हाथ धुलाकर ब्रश करना सिखाएं। कपड़े बदलकर उन्हें बेड के लिए तैयार करें। सोने से पहले उन्हें दूध जरूर दें। उन्हें उनका मनपसंद खिलौना दें।
7. उन्हें किताब से कहानी सुनाएं। शुरुआत में तो बच्चे को टाइम देना आवश्यक है, लेकिन धीरे-धीरे बच्चे को जब इस टाइम टेबल की आदत हो जाएगी तो आपके और बच्चे दोनों के लिए ही बहुत लाभदायक होगा।
8. शाम को उसे कोई हॉबी क्लास या बगीचे में घूमने के लिए ले जाएं जिससे बच्चा अपना समय टीवी और लैपटॉप में न देकर खेले-कूदे और थक जाए। ऐसा करने से उसे नींद अच्छी आएगी और जल्दी आएगी।

कोशिश करें कि धीरे-धीरे उसे अपने आप टाइम से बेड पर जाने की आदत हो जाए ताकि आप भी अपने आपको कुछ समय दे सकें।

# ऐसे करें अपने बच्चे को प्री-स्कूल भेजने की तैयारी

**अपने बच्चे को प्री-स्कूल या आंगनवाड़ी भेजना बहुत बड़ा कदम है और यह टेंशन भी पैदा करता है। यहां गाइड आपको बताएंगे कि आप क्या उमीद रखें, जब आप अपने बच्चे को पहली बार स्कूल लेकर जाएं।**

1. अपने बच्चे से प्री-स्कूल या आंगनवाड़ी के बारे में बात करें, उन्हें समझाने की कोशिश करें कि आप उसे अपने से दूर नहीं भेज रही है। उनसे उनके व्यहवार के बारे में बात करें और मूल बातें सिखाएं।
2. स्कूल के पहले दिन के लिए क्या-क्या आवश्यक है, इस बारे में पता करें- जैसे पढ़ने का समय, नाश्ते का समय आदि ताकि आप उन्हें समझा सकें कि स्कूल से वे क्या उम्मीद रखें।
3. स्कूल की जरूरत की चीजें खरीदने में मजा लाए जैसे आपके बच्चे के पसंदीदा कार्टून की पेंसिल खरिदें, अपने बजट का ध्यान रखें।
4. एक रात पहले उनसे पूछे कि स्कूल को लेकर उनके मन में क्या सवाल है?
5. उन्हें स्कूल छोडने जाएं और जब स्कूल खत्म हो तब स्कूल के बाहर उनका इंतजार करें।
6. अपने बच्चे की टीचर से हर रोज बातचीत करते रहे, उनसे समय-समय पर मिलकर बच्चे के बारे में जानकारी लें। इससे आपके बच्चे को स्कूल में नई सफलता मिलने लगेंगी। पता करें कि आप ऐसा क्या कर सकती है, जिससे आपके बच्चे और उसकी टीचर को मदद मिले।
7. अपने बच्चे से रोज पूछे कि उसने स्कूल में क्या किया? आपके बच्चे को पता होना चाहिए की स्कूल कितना जरूरी है।



**लगभग 96 प्रतिशत महिलाएं दिन में एक बार किसी-न-किसी बात पर अपराध बोध महसूस करती हैं। वो कौन-सी बातें हैं, जिनके लिए हम खुद को दोषी ठहराती हैं और क्या है इस अपराध बोध से निकलने का तरीका।**

## पछताना छोड़ें
# खुश रहना सीखें

क्या दिन में कम-से-कम एक बार आप इस बात का अफसोस जताती हैं कि मेरा वजन जरूर बढ़ गया है या फिर आज फिर से घर की सफाई को अधूरा छोड़कर मैं ऑफिस आ गई। अगर इन सब सवालों का जवाब हां में है, तो घबराएं नहीं। अधिकांश महिलाओं का यह स्वभाव होता है। पर परेशानी की बात यह है कि हर चीज के लिए खुद को दोषी ठहराने की हमारी आदत धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित होती जाती है। हर बिगड़े हुए काम के लिए खुद को लगातार दोषी ठहराने की आपकी यह आदत आपको अवसाद के घेरे में भी ले सकती है। बेहतर तो यह होगा कि इन अवसादों से उबरने का तरीका आप सीख लें।

### बच्चों के साथ वक्त नहीं बिता पाती

अधिकांश काम-काजी मां का यह मानना होता है कि वे ऑफिस की अपनी जिम्मेदारियों और बच्चों की जिम्मेदारी के बीच सही संतुलन नहीं बना पाई हैं। पर सवाल यह है कि ऑफिस में रहकर बच्चों को वक्त न दे पाने का अफसोस जताने से न तो बच्चों के साथ आप वक्त बिता पा रही हैं और न ही ऑफिस की जिम्मेदारियों को पूरा करने में आप अपना 100 प्रतिशत दे पाएंगी। इस समस्या का एकमात्र हल यह है कि आप जो भी काम वर्तमान में कर रही हैं, उसे अपना 100 प्रतिशत दें। अगर ऑफिस में हैं तो वहां की जिम्मेदारियां पूरी तन्मयता से पूरी करें और अगर घर पर हैं तो बच्चों को पूरा वक्त दें।

### वजन कम ही नहीं कर पा रही

70 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं कभी-न-कभी डाइटिंग करती हैं, बावजूद इसके कि उन्हें वजन कम करने की जरूरत हो या नहीं। अगर आप वाकई स्लिम और खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो इस दिशा में आपको गंभीर प्रयास करना होगा। नियमित एक्सरसाइज करें या फिर जिम जाने के लिए वक्त निकालें। साथ ही इस बात को स्वीकारें कि वजन कम करना या फिर बढ़ाना आप पर पूरी तरह से निर्भर करता है, इसलिए खुद को दोष देने की जगह इस दिशा में प्रयास करें।

### शॉपिंग में कुछ ज्यादा ही पैसे खर्च कर दिए

हर महिला को शॉपिंग करने में मजा आता है, पर कई लोग ढेर सारे शॉपिंग बैग के साथ घर लौटने के बाद अपराध बोध से ग्रस्त हो जाते हैं। पर आपको यह समझना होगा कि जब परिवार के अन्य सदस्यों पर खर्च करने से आपको किसी तरह का अपराध बोध नहीं होता, तो फिर खुद पर खर्च करने के बाद पछतावा क्यों? दूसरी बात यह भी है कि अगर आप शॉपिंग के दौरान खरीदे गए सामानों पर गौर करेंगी, तो पाएंगी कि आप सिर्फ उन्हीं चीजों पर खर्च कर रही हैं, जिसकी आपको वाकई जरूरत है।

### कभी टाइम पर नहीं पहुंच पाती

कभी-कभार, स्थिति ऐसी पैदा हो जाती है कि लाख कोशिशों के बावजूद हम वक्त पर नहीं पहुंच पाते हैं। कभी-कभी हमारी इमेज ही लेट-लतीफ वाली बन जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि हम अपराधबोध से ग्रस्त हो जाती हैं। ऑटो या बस में बैठकर और जाम में घंटों फंसे रहकर इस बात का अफसोस करने से कोई फायदा नहीं है कि आप लेट पहुंचने वाली हैं। कभी-कभार अपनी गलती के बिना भी आप किसी मीटिंग में देर से पहुंच सकती हैं। ऐसी घटनाओं के लिए खुद को दोष देना बंद करें।

### खुद के लिए वक्त नहीं मिलता

सुपर वुमेन बनने की चाहत या मजबूरी के चलते महिलाओं को अक्सर खुद के लिए ही वक्त नहीं मिलता। फिर धीरे-धीरे शुरू होता है इस बात का अफसोस कि अपनी मनपसंद किताब पढ़े सालों बीत गए या फिर पार्लर जाने के लिए वक्त ही नहीं मिलता। पर आपको इस बात को समझना होगा कि कभी-कभार कुछ ना करना भी जरूरी है ताकि आप शारीरिक और मानसिक रूप से ऊर्जावान बन सकें।

# किशनगंज में खनन माफिया सक्रिय, सरकार को रोज लगा रहे है चूना

**किशनगंज।** जिले में अवैध खनन माफिया काफी सक्रिय है। यहां बालू घाटों की नीलामी जहां नहीं हो पाई है वहां से पूरी रात बिहार बंगाल बालू गिट्टी लदे डंपर लोगों की रात की नींद हराम कर रहे है। वही जिला प्रशासन के निर्देश के बाबजूद स्थानीय प्रशासन चैन की नींद सो रही है। बालू और अवैध खनन माफिया डंके के चोट पर कहते है की सैया भए कोतवाल अब डर काहे का..। इतना ही नहीं नेताओं का सर पर हाथ और स्थानीय प्रशासन का साथ जब मिले तो यह बात भले ही सुनने में अच्छा ना लगे पर यही सच है। बताया जाता है कि अवैध वाहन बालू गिट्टी के लिए प्रति वाहन मासिक वसूली होती है। इसके बदले इन माफिया की वाहन को अभयदान दिया जाता है। अवैध खनन का सीधा असर सरकारी राजस्व पर पड़ रहा है। कई जिले तो ऐसे हैं जहां 50 फीसद से काम वसूली हुई है। विभाग के अपर सचिव रवि परमार ने बांका, भागलपुर, जमुई, मुंगेर, किशनगंज और लखीसराय के खनन अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी थी। इतना ही नहीं अवैध खनन और परिवहन को रोकने के लिए विभाग द्वारा सख्त रवैया अपनाया जा रहा है, जिससे कि सरकारी राजस्व को क्षति होने से बचाया जा सके। इसके बावजूद भी कुछ ऐसे ही इलाके हैं, जहां पर चोरी छुपे अवैध खनन किया जा रहा है, जिसमें सुखानी थाना क्षेत्र सुरीभिट्टा, चेंगा, सखुआडाली, जमना, साबोडांगी, बारहपोठिया भी शामिल है।



यहां से अवैध खनन कर बालू माफिया सरकारी राजस्व में लाखों करोड़ों का चूना लगा रहे हैं। खनन कार्यालय में जिला खनन पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि जो भी लोग अवैध खनन कर रहे है उन सभी पर कार्रवाई होगी और अभी लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा। इस प्रकार के बयान चुनावी नेताओ जैसा लगता है। शराब बंदी के बावजूद शराब घर तक पहुंच रही है। उसी प्रकार बालू गिट्टी का खेल जारी है। मुख्यमंत्री सख्त कदम उठाने का दिया निर्देश हैं। बिहार की सबसे बड़ी समस्या पर सरकार सख्त हो गई है। बिहार सरकार ने सभी जिलों के अधिकारियों को आदेश जारी किया है कि रोज जांच की जाए और हर शाम मुख्यालय को रिपोर्ट भेजी जाए। 03 मई को हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि राज्य में बढ़ती बालू खनन की अवैध घटनाओं पर लगाम कसने के लिए प्रतिदिन जांच की जाएगी।

बिहार सरकार ने राज्य में बालू के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए सभी जिला खनन अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बालू घाटों का निरीक्षण करने और दैनिक आधार पर मुख्यालय को रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है। इस संबंध में निर्णय एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया जिसमें खान एवं भूतत्व विभाग और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। गौर करे कि बिहार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी बयान के अनुसार, राज्यभर के जिला खनन अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बालू घाटों का निरीक्षण करने और दैनिक आधार पर मुख्यालय को रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया गया है। नीलाम किए गए सभी बालू घाटों पर बोर्ड लगाने और बालू की ओवरलोडिंग से निपटने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) एकीकृत वजन मशीन स्थापित करने और अवैध परिवहन पर नजर रखने के लिए निर्देश भी जारी किए गए हैं। अधिकारियों को बालू खदान गतिविधि पर नजर रखने और खदान से डिपो और राज्य के अन्य निर्दिष्ट गंतव्यों तक बालू ले जाने वाले ट्रकों पर नजर रखने के लिए कहा गया है। जिन बालू घाटों की नीलामी नहीं हुई है, उन घाटों पर भी बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया है। इसका मकसद प्रदेश में बालू के अवैध खनन पर पूरी तरह लगाम कसना है।

राज्य में बालू माफिया द्वारा हमले किए जाने की घटनाएं देखी जा रही हैं, जिसमें पुलिसकर्मी और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी घायल हो चुके हैं। ऐसी घटनाएं मुख्य रूप से किशनगंज, पटना, भोजपुर, रोहतास, औरंगाबाद, सारण और वैशाली जिलों से सामने आती हैं। हालांकि, पूरे प्रदेश में ही अवैध बालू खनन एक बड़ी मुसीबत बन चुका है। जिस पर लगाम कसने के लिए खास तैयारी की गई है।

## संक्षिप्त

### गेहूं खेत में मिट्टी खुदाई के दौरान मिली भगवान सूर्य की दुर्लभ प्राचीन प्रतिमा



**हसनगंज (कटिहार)।** प्रखंड स्थित ढेरुआ पंचायत के वार्ड संख्या 13 पकड़िया गांव में अनिल दास के गेहूं खेत में मिट्टी खुदाई के दौरान भगवान सूर्य की दुर्लभ प्राचीन प्रतिमा मिली है। जमीन मालिक अनिल दास व उनके पुत्र संतोष कुमार दास ने बताया कि घर के समीप ही हमारी एक खेत है। जिसमें गेहूं लगाये थे। फसल उत्पादन नहीं के बराबर होने के कारण मिट्टी खुदाई कर मखाना की खेती करने का मन बनाया। जिसको लेकर मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान रविवार को भगवान सूर्य की तीन फीट ऊंची मूर्ति मिली है। जो हजारों साल पुरानी प्रतिमा प्रतीत हो रही है। प्रतिमा देखने को लेकर लोगों की भीड़ जुटने लगी। कुछ बुद्धिजीवियों ने गूगल पर सर्च कर देखा तो सूर्य भगवान की प्रतिमा प्रतीत हुई है। प्रतिमा के पैर में जूता होने से लोग इसे कई सदी पुरानी बता रहे हैं।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत

**गौड़ाबौराम (दरभंगा)।** सहरसा के जलई थाना क्षेत्र के भेलाही चौक पर ट्रक से बाइक की टक्कर में बीती रात मलई गांव के चाचा-भतीजे की दर्दनाक मौत हो गयी। उसी ट्रक में उसी समय दूसरी बाइक की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों बाइक सवार बरात से लौट रहे थे। मृतकों में बुच्ची साहु का पुत्र अमरजीत साहु तथा उनका भतीजा कुंदन कुमार शामिल है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। दूसरी बाइक पर सवार महेंद्र मुखिया का पुत्र संजय मुखिया व केदार मुखिया का पुत्र राजू मुखिया बुरी तरह से घायल हो गये। दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची जलई थाना की पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सहरसा भेज दिया।

### पुलिस टीम पर हमला कर शराब तस्करों को छुड़ाया, 21 लोगों पर पुलिस ने की प्राथमिकी

**नौतन (सीवान)।** यूपी से धड़ल्ले से शराब तस्करी के खेल के बीच रविवार की शाम नौतन पुलिस ही धंधेबाजों के हमले का शिकार हो गयी। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के मिश्रौली में शराब तस्करों को पकड़ने के दौरान कुछ लोगों ने हमला कर दिया।पुलिस के मुताबिक हमलावर शराब लूट लिये तथा तस्करों को भी छुड़ा लिये। इस दौरान पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।इस मामले में पुलिस 21 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी कर रही है।

### करेंट की चपेट में आने से एक की मौत, दो झुलसे

**बेगूसराय।** जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र के लडुआरा गांव में हाइटेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गये। दोनों घायलों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया है। बालू डीपो के पास आम का पेड़ है, जिसके नीचे तीनों युवक बैठे हुए थे। पेड़ के ऊपर से 33 हजार वोल्ट का तार गुजरा है।

# लालू यादव घोटाले में जेल जा चुके और उनके साथी भ्रष्टाचार कर रहे : अमित शाह

पटना। राज्य में समस्तीपुर जिले के उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के नरघोघी में नित्यानंद राय के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लालू प्रसाद यादव पर हमला करते हुए कहा कि सत्ता के स्वार्थ के कारण लालू यादव कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गए हैं। वो चारा घोटाले, अलकतरा घोटाले और जमीन के बदेल नौकरी देने के मामले में जेल जा चुके हैं जबकि उनके सभी साथी भी भ्रष्टाचार करने में लगे हुए हैं। अमित शाह ने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन के मंत्री के सचिव के नौकर के पास से 30 करोड़ रुपये मिले। इससे दो महीने पहले कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये मिले थे। इससे कुछ देर पहले ही ममता बनर्जी के मंत्री के घर से 51 करोड़ रुपये मिले थे। मैं लालू यादव को कहना चाहता हूं कि इसी कांग्रेस ने पिछड़ों का विरोध किया। मंडल कमीशन का विरोध किया। पिछड़ा समाज के विरोधी कांग्रेस की गोद में लालू व इनके बेटे बैठे हैं। भाजपा ने सबसे पहले पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग का प्रधानमंत्री बनाया है। गरीब चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री बनाया है। अमित शाह ने कहा कि लालू के लालटेन व पंजे के साथ अन्याय, भूखमरी, गरीबी तो एनडीए के साथ आने पर डबल इंजन सरकार मिलेगी जो बिहार को आगे बढ़ाएगी। आज केंद्र सरकार में 27 पिछड़े वर्ग के मंत्री हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछड़ा समाज की सबसे विरोधी पार्टी कांग्रेस पार्टी है। बिहार के वंचितों, पिछड़ों और दलितों के नेता कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें जननायक भारत रत्न बनाने का काम किया। मोदी ने नीट, मेडिकल और एम्स दाखिले में पिछड़े और अति पिछड़े समाज को आरक्षण दिया। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पिछड़े समाज के आरक्षण पर डाका डालने का काम किया है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनी और रातों-रात पूरे मुस्लिम समुदाय को बिना पिछड़ेपन का सर्वेक्षण कराए पिछड़ा घोषित कर दिया गया और पिछड़े समुदाय का पांच प्रतिशत आरक्षण काटकर मुसलमानों को दे दिया गया। हमारी सरकार कर्नाटक में बनी तो उसे समाप्त कर पिछड़ों को फिर से उसका लाभ दिया जाएगा। अमित शाह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने जीवन की अंतिम सांस तक गरीबों और पिछड़ों के लिए काम किया। कर्पूरी ठाकुर ने मैथिली भाषा को सम्मान देने की मांग की थी और अटल ने मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में जगह दी थी।



### एनडीए सरकार में बिहार का चहुंमुखी विकास : सीएम

बेनीपुर/तारडीह। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि एनडीए सरकार में बिहार का चहुंमुखी विकास हो रहा है। लोग अमनचैन की जिंदगी जी रहे हैं। 2005 से पूर्व की समय को याद कीजिए। विकास का कोई काम नहीं हुआ था। उस समय शाम होते ही लोग घर से निकल नहीं पाते थे। हमलोगों की सरकार बनी, तो प्रदेश में अमनचैन का राज स्थापित हुआ। मुख्यमंत्री तारडीह प्रखंड के पोखरभिंडा स्थित उग्र नारायण सिंह किसान उच्च विद्यालय स्टेडियम में चुनावी सभा में बोल रहे थे। भाजपा का नाम लिये बिना कहा कि हम लोगों का संबंध 1995 से है। बीच में हमने गलती की। इधर-उधर हो गये, लेकिन अब सदा भाजपा के साथ रहेंगे।

# पहले हमारे जवान शहीद होते हैं फिर चुनाव होते हैं: तेजप्रताप

**पटना।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एयर फोर्स के वाहन पर हुआ आतंकी हमले पर आरजेडी नेता तेज प्रताप यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है, हमारे जवान शहीद हो जाते हैं और फिर चुनाव आते हैं। ये मोदी जी उन्होंने सिर्फ लोगों को एक-दूसरे से लड़वाया है। आरजेडी नेता बिहार के दानापुर पहुंचे जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए पुंछ में हुए भारतीय वायु सेना के वाहन पर हुए आतंकवादी हमले पर बोलते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, हमारे जवान शहीद हो जाते हैं और फिर चुनाव आते हैं। उन्होंने सिर्फ लोगों को एक-दूसरे से लड़वाने का काम किया है, हिंदू-मुस्लिम किया है। शहीद किस की वजह से हुए, मोदी जी की वजह से हुए? पहले कहां कोई शहीद होता था?



शनिवार 4 मई को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एयरफोर्स के वाहनों के काफिले पर आंतकियों ने हमला कर दिया था। इस हमले में 5 जवान घायल हो गए थे। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान एक जवान शहीद हो गया, जबकि अन्य चार घायल जवानों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बता दें कि बिहार की 40 लोकसभा सीट में से तीसरे चरण में 5 अररिया, सुपौल, झंझारपुर, मधेपुरा और खगड़िया लोकसभा सीट पर वोटिंग होनी है। इन पांच सीटों में से तीन सुपौल, झंझारपुर और मधेपुरा अभी जेडीयू का कब्जा है। इससे पहले लोकसभा चरण के पहले और दूसरे चरण में 4-4 लोकसभा सीट पर मतदान हो चुका है।

### बिहिया : व्यक्ति की संदिग्ध मौत, ग्रामीणों का हंगामा

**बिहिया (आरा)।** बिहिया थाना क्षेत्र के घाघा गांव में रविवार की रात पुलिस पूर्व के एक केस में वारंटी को गिरफ्तार करने गयी थी। हालांकि पुलिस के आने की खबर मिलते ही वारंटी अपने घर से भाग निकला, जिससे उसकी गिरफ्तारी नहीं हो पायी और बिहिया पुलिस मौके से लौट गयी। इसी दौरान उक्त आरोपित की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। मृतक घाघा गांव निवासी स्व। ज्ञानचंद शाह के 65 वर्षीय पुत्र भीम शाह था। घटना से आक्रोशित परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए सोमवार की सुबह हंगामा करने लगे।

# पटना के हार्डवेयर व्यवसायी से लूट, युवक को मारी गोली

**बेतिया।** हथियारबंद अपराधियों ने बस रुकवाकर पटना के हार्डवेयर व्यवसायी मोहन तिवारी से 2।77 लाख रुपये लूट लिये। फिर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इससे अपराधियों का पीछा कर रहे मझौलिया थाने के थरेसरी निवासी मंजीत यादव को गोली लग गयी। मंजीत पीड़ित व्यवसायी मोहन तिवारी के अनुरोध पर बाइक से अपराधियों का पीछा कर रहे थे। वारदात बेतिया-मोतिहारी एनएच 727 स्थित नगर निगम के कचरा डंपिंग प्वाइंट के समीप सोमवार दोपहर की है। सूचना पर मुफस्सिल पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। मोहन तिवारी मोतिहारी से रुपये कलेक्शन के बाद बस से बेतिया आ रहे थे। श्रीपुर के समीप दो अपराधी बस में सवार हुए। बस नगर निगम के डंपिंग के समीप पहुंची, तो सुनसान देखकर अपराधियों ने बस रुकवायी। बस से उतरते समय अपराधियों ने हथियार दिखाकर व्यवसायी को नीचे उतार लिया। उनका रुपये भरा बैग छीनकर भागने लगे।

# पांच घरों में चोरी, गृह स्वामी व चोर के बीच हाथापाई, चली गोली, घायल चोर की मौत

प्रतिनिधि, मुरलीगंज (मधेपुरा)।

थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगयान पंचायत के धरहरा वार्ड संख्या तीन में सोमवार की रात चोरों ने कई घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरी कांड के दौरान एक गृह स्वामी एवं चोर का आमना सामना हो गया। चोर ने गृह स्वामी को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना से आक्रोशित लोगों ने चोरी के दौरान गोली कांड की से आक्रोशित चोर मो जमाल के साथ मारपीट किया। जख्मी मो जमाल को सीएचसी लाया। जहां डॉ मुकेश कुमार पांडे ने उसे मृत घोषित कर किया। वहीं घायल गृह स्वामी युवक की पहचान महादेव शाह के 25 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार उर्फ मिट्ठू के रूप में की गयी है। स्थानीय लोगों की मदद से आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरलीगंज लाया गया।



स्थिति को गंभीर बताते हुये आशीष कुमार उर्फ मिट्ठू को हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी गयी। फिलहाल घायल का इलाज सहरसा के निजी अस्पताल में चल रहा है। हथियार से लैस चोरों की संख्या चार बतायी गयी। जानकारी अनुसार सोमवार की रात सिंगियान में पांच घरों में चोरी की वारदात हुई। चारों ने रामलखन साह, मोहरिल साह, अक्षय लाल साह के घर में चोरी का प्रयास किया, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। जबकि धर्मदेव साह के घर में 25 हजार नगद एवं कुछ जेवर की चोरी की, लेकिन जब आशीष साह के घर में घुसा तो परिवार वाले जग गये। परिवारवालों ने चोर को पकड़ कर हल्ला कर दिया। पकड़े जाने पर चोरों ने गृहस्वामी के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। बाद में चोरों ने गृहस्वामी आशीष के ऊपर गोली चला दी गयी जबकि उसके पिता महादेव साह को चाकू मार कर घायल कर दिया।

## पेज एक का शेष

### भाजपा ने 10 वर्षों...

यही नहीं ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव भेजा गया है। इसे भी रोक दिया गया है।

पीएम आवास रोका, तो अबुआ आवास शुरू किया : सीएम चंपाई सोरेन ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार ने झारखंड के गरीबों को मिलनेवाली पीएम आवास की राशि रोक दी है। इसके लिए राज्य सरकार की ओर से 8 लाख आवासों की राशि को लेकर कई बार पत्रचार भी किया गया। लेकिन राशि नहीं मिलने की स्थिति में हेमंत सोरेन सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की, जिसके तहत राज्यभर में 20 लाख लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। यही नहीं जून माह तक 9 लाख लोगों को इस योजना के आवास का लाभ दिया जाएगा। जिसमें तीन कमरे का प्रावधान किया गया है। मौके पर मंत्री बेबी देवी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल सहित योगेन्द्र महतो, बेरमो विधायक अनूप सिंह सहित जिला अध्यक्ष हीरालाल महतो व अन्य मौजूद रहे।

### एलजी ने की...

इसमें कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी ने देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई और खालिस्तानी भावनाओं को बढ़ावा देने के लिए खालिस्तान समर्थक समूह से कथित तौर पर 16 मिलियन डॉलर की रकम प्राप्त की थी।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा है कि चूंकि आरोप सीधे मुख्यमंत्री के खिलाफ है। ये आरोप भारत में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से किसी राजनीतिक दल को लाखों डॉलर की कथित फंडिंग से संबंधित हैं। ऐसे में शिकायतकर्ता की ओर से प्रस्तुत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फोरेंसिक जांच कराए जाने की जरूरत है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश के अनुसार, यह शिकायत विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आशु मोंगिया की ओर से मिली थी। अपनी शिकायत में शिकायतकर्ता ने एक वीडियो की सामग्री का हवाला दिया है। वीडियो सबूत के तौर पर संलग्न पेन ड्राइव में है। इसमें कथित तौर पर खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को दिखाया गया है।

इस वीडियो में पन्नू ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को साल 2014 से 2022 के दौरान खालिस्तानी समूहों से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग मिली। एलजी की ओर से लिखे गए पत्र में 2014 में अरविंद केजरीवाल और खालिस्तानी समर्थक सिखों के बीच हुई एक गुप्त बैठक का भी उल्लेख है। यह बैठक न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल्स में हुई बताई जाती है। शिकायत में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने खालिस्तानी संगठनों से आम आदमी पार्टी को फंडिंग के बदले में देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई का वादा किया था। देवेंद्र पाल भुल्लर 1993 के दिल्ली बम विस्फोट मामले में दोषी है। उपराज्यपाल के इस फैसले पर सियासत गरमा गई है।

आम आदमी पार्टी ने उपराज्यपाल पर हमला बोलते हुए कहा है कि यह केजरीवाल के खिलाफ एक बड़ी साजिश है। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एक और बड़ी साजिश है। एलजी साहब भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। भाजपा दिल्ली की सभी सीटें हार रही है, इसलिए बौखलाहट में यह कदम उठाया गया है।

### बोले प्रधानमंत्री मोदी: देखिए...

लोगों को अवसर नहीं दी बीजेडी सरकारः नबरंगपुर में पीएम मोदी ने कहा कि नबरंगपुर से छत्तीसगढ़ की दूरी 50-60 किलोमीटर है। वहां, भाजपा सरकार 3,100 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदती है। जबकि यहां ओडिशा 2100 रुपये में धान खरीदा जाता है। ओडिशा बीजेपी ने घोषणा की है कि बीजेपी सरकार बनने के दूसरे ही दिन 3,100 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदा जाएगा।

पीएम ने आगे कहा कि ओडिशा के लोगों में ताकत और जुनून है, लेकिन मुझे यह देखकर दुख होता है कि बीजेडी सरकार ने आपको सही अवसर नहीं दिए। बीजेडी सरकार ने योजनाओं को अनुमति नहीं दी। मोदी की जो योजनाएं लागू की गईं उन पर बीजेडी ने भ्रष्टाचार की मुहर लगा दी।

ओडिशा के बेहरामपुर में भी की जनसभा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के बाद ओडिशा में भाजपा के सत्ता में आने पर भरोसा जताया। बेहरामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने भविष्यवाणी की कि ओडिशा में एक भाजपा मुख्यमंत्री 10 जून को शपथ लेगा और कहा कि आज मैं आप सभी को भाजपा के सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित करने के लिए यहां आया हूं। उन्होंने यह भी कहा कि 4 जून ओडिशा में बीजू जनता दल सरकार की विदाई का दिन है। पीएम ने कहा कि 4 जून को बीजेपी के मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा की जाएगी।

### भाजपा हमारी सीता...

पूर्णिया में हिंदू न मुसलमान न जाति न धर्म और न ही बाहुबल, इस पर मतदान नहीं हुआ, बल्कि उनके कार्यों को देखते हुए पूर्णिया की जनता ने उनके पक्ष में वोटिंग की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों का साथ और प्यार मिला। चार जून के बाद पूर्णिया इतिहास लिखेगा, जिसे पूरा विश्व देखेगा । पप्पू यादव ने कहा कि वो कम से कम तीन लाख वोट से जीतेंगे। इसके साथ ही धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह विजयी हो रही हैं। भाजपा की करारी हार होगी। इस दौरान पप्पू यादव ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने में भी कांग्रेस का योगदान है। महिलाएं भाजपा से अलग हो रही हैं। युवाओं में भी आक्रोश है, इस सरकार में किसानों की आवाज दबाई जा रही है। छोटे व्यापारी की हालत खराब है। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा के विरोध में लहर है और कांग्रेस ही इसका एकमात्र जवाब है।

### रांची लोकसभा सीट...

चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल करने की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सांसद संजय सेठ को महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य विषयों पर जनता को जवाब देना होगा। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि उनकी बेटी आज से नए जीवन की शुरुआत कर रही है। उनकी बेटी सोशल एक्टिविस्ट रही है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहली बार चुनाव मैदान में उतरी है । जनता उसे आशीर्वाद देगी। वह पेशे से अधिवक्ता है। झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि पूरे राज्य में इंडी गठबंधन की लहर है। सभी 14 सीटों पर गठबंधन की जीत होगी।

### पूर्व सांसद...

इस वजह से मैं पुनः पार्टी में शामिल हो गया। भाजपा को हमारे अनुभव का फायदा मिलेगा। हम लोगों ने साइकिल से पार्टी को यहां तक पहुंचा है। आज आप जो देख रहे हैं वह हम लोगों की मेहनत का नतीजा है।

साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं दिए जाने से खफा होकर उन्होंने पार्टी का दामन छोड़ दिया था। इस बार लोकसभा चुनाव में टिकट की उम्मीद लिए उन्होंने कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन की थी लेकिन पार्टी से उन्हें टिकट नहीं मिला। इससे नाराज रामटहल चौधरी ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। इसके बाद से कहा जाने लगा कि वे फिर से बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। गत रविवार को भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर उनसे मुलाकात भी की थी।

# आईपीएल में दिल्ली और राजस्थान के बीच आज होगा अहम मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स टीम आईपीएल में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला करेगी। दिल्ली के लिए ये मुकाबला बेहद अहम है। उसे प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने इस मैच को हर हाल में जीतना होगा। इस मैच में हार से वह मुकाबले से बाहर हो जाएगी। ऐसे में टीम की कड़ी परीक्षा होगी क्योंकि रॉयल्य की टीम अंत तालिका में नंबर एक पर होने के साथ ही शानदार लय में है। उसके पास बेहतरीन बल्लेबाज और गेंदबाज हैं। इस मैच में दिल्ली की संभावनाएं कप्तान कप्तान ऋषभ पंत और युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क की बल्लेबाजी पर आधारित रहेगी। इसका कारण है कि ये दोनो ही बल्लेबाज अभी तक जबरदस्त फार्म में हैं। वहीं उसके गेंदबाज अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं। अभी तक इस सत्र में दिल्ली ने 11 में से पांच मैच जीते और उसके 10 अंक हैं और वह छठे नंबर पर है। ऐसे में उसे अपने बचे हुए तीनों की मैच जीतने होंगे। तभी वह 16 अंक तक पहुंचेगी। इसके बाद भी उसे प्लेआफ में जगह मिले ये तय नहीं है। ऐसे में उसके अन्य टीमों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी।

वहीं दूसरी और रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक पर है। उसके पास कप्तान संजू सैमसन, के अलावा जोस बटलर , यशस्वी जायसवाल और रियान पराग जैसे बल्लेबाज हैं हालांकि इन्हें दिल्ली के गेंदबाजों खलील अहमद, ईशांत शर्मा और कुलदीप यादव से सतर्क रहना होगा। इसके अलावा अब तक तीन अर्धशतक समेत 380 रन बना चुके दिल्ली के कप्तान पर अंकुश लगाना रॉयल्स के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। रॉयल्स के पास अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , स्पिनर युजवेंद्र चहल और अनुभवी आर अश्विन जैसे गेंदबाज हैं। ,

चहल और रविचंद्रन अश्विन को खेलना आसान नहीं होगा। उनके अलावा संदीप शर्मा के रूप में रॉयल्स के पास एक और अच्छा है। राजस्थान के गेंदबाजों का इकॉनामी रेट भी अच्छा रहा है वहीं दिल्ली के पास अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ही ऐसे गेंदबाज हैं जिनका इकॉनॉमी अच्छा रहा है। खलील अहमद, मुकेश कुमार , लिजाड विलियम्स और एनरिच नॉर्किया ने अब तक काफी रन दिये हैं। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरा जोर लगा देंगी। ऐसे में ये मुकाबला रोमांचक रहेगा।




### टीम

**राजस्थान रॉयल्स-** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**दिल्ली कैपिटल्स-** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

# भारतीय महिला और पुरूष रिले टीमों ने किया पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई




**नासाउ (एजेंसी)।** भारतीय महिला और पुरूष चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने यहां सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया।

रूपल चौधरी, एम आर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका (3-28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया। भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी। बाद में पुरूष टीम (मोहम्मद अनस याहया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोल जैकब) तीन मिनट 3.23 सेकंड का समय निकालकर अमेरिका (2-59.95) के बाद दूसरे स्थान पर रही।

दूसरे दौर में तीनों हीट से शीर्ष दो टीमों ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया। पहले दौर में पुरूष टीम रेस पूरी नहीं कर सकी थी क्योंकि दूसरे चरण के धावक राजीव रमेश को मांसपेशी में खिंचाव के कारण बीच में ही बाहर होना पड़ा था। अब भारत के ट्रैक और फील्ड के 19 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुके हैं जिनमें भालाफेंक चैम्पियन नीरज चोपड़ा शामिल हैं। एथलेटिक्स की स्पर्धाएं एक अगस्त से शुरू होंगी।

# इस प्रकार प्लेऑफ में पहुंच सकती है आरसीबी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल के लीग मुकाबले अपने अंतिम चरण में पहुंच गये हैं। इस बार पांच बार की विजेता मुम्बई इंडियंस अंत तालिका में अंतिम स्थान पर होने के कारण जहां प्लेऑफ से बाहर हो गयी है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरीबी) शुरुआती हार के बाद लगातार तीन जीत के साथ ही प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। आरसीबी ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को 4 विकेट से हराकर प्लेऑफ के लिए हलकी सी संभावनाएं बनाये रखी हैं हालांकि अब भी आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना बेहद कठिन है, इसके लिए उसे अपने बचे हुए सभी मुकाबलों को बड़े अंतर से जीतने के साथ ही अन्य टीमों के परिणामों पर भी नजरें रखनी होंगी।

आरसीबी के फिलहाल 11 मैचों में आठ अंक हैं और उसका नेट-रनरेट अब भी माइनस (-0.049) में है। अगर आरसीबी अपने बाकी तीनों मैच जीत जाती है तो भी वह अधिकतम 14 अंकों तक पहुंच सकती है। आरसीबी को अभी पंजाब किंग्स , दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स से मुकाबले खेलने हैं।

प्लेऑफ में पहुंचने के लिए आरसीबी को बाकी के अपनी तीनों मैच जीतने होंगे। साथ ही उसे उम्मीद करनी होगी कि सनराइजर्स हैदराबाद या लखनऊ सुपर जाइंट्स में से कोई एक टीम अपने बचे हुए सभी मैच हार जाये। हैदराबाद के 10 मैचों से 12 और लखनऊ के 11 मैचों से 12 अंक हैं। इसके अलावा आरसीबी को भी ये उम्मीद करनी होगी कि चेन्नई सुपर किंग्स एक और दिल्ली कैपिटल्स दो से अधिक मैच नहीं जीतें। सीएसके के 11 मैचों से 12 और दिल्ली के 11 मैचों से 10 अंक हैं.

यदि ऐसा होता है पांच टीमें 14-14 अंकों की बराबरी पर आ जाएंगी, जिससे नेट-रनरेट अहम हो आ जाएगा। वैसे आरसीबी 12 अंकों के साथ भी प्लेऑफ में जगह बना सकती है।. यदि आरसीबी एक मैच हार जाती है तो उसे उम्मीद करनी होगी कि दिल्ली, चेन्नई, पंजाब, लखनऊ और हैदराबाद 12 से अधिक अंक न हासिल करें, तब जाकर नेट-रनरेट के जरिए प्लेऑफ के लिए फैसला होगा।

# सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जायेगी : शुक्ला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि सरकार की अनुमति के बाद ही भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अगले वर्ष होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजा जाएगा।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'चैंपियन ट्रॉफी के मामले में हम वही करेंगे जो सरकार हमसे करने को कहेगी। हम अपनी टीम तभी भेजते हैं जब सरकार हमें इसकी इजाजत देती है। हम सरकार के निर्णय के अनुसार चलेंगे।'

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस टूर्नामेंट को अपने यहां आयोजित करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। ऐसा माना जा रहा है कि लाहौर, कराची और रावलपिंडी में चैंपियंस ट्रॉफी की मैच खेले जाएंगे। अभी टूर्नामेंट के लिए हालांकि तारीखों की घोषणा नहीं हुई है।



## कोहली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक, उसके खिलाफ रणनीति बनाएंगे : बाबर आजम

लाहौर - पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि विराट कोहली भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से हैं और अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बल्ले पर अंकुश लगाने के लिये रणनीति जरूर बनाई जाएगी। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा जिसमें भारत और पाकिस्तान नौ जून को न्यूयॉर्क में आमने सामने होंगे। यहां प्रेस कांफ्रेंस में उनसे पूछा गया कि क्या वह शानदार फॉर्म में चल रहे कोहली के खिलाफ रणनीति बनाएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में विरोधी के टीम सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाई ही जाती है। उन्होंने कहा, 'हम दूसरी टीमों के सभी 11 खिलाड़ियों के खिलाफ रणनीति बनाते हैं। हमें न्यूयॉर्क के हालात के बारे में ज्यादा पता नहीं है लेकिन वह (कोहली) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है और हम उसके खिलाफ भी रणनीति बनाएंगे।' उन्होंने उम्मीद जताई कि गैरी कर्स्टन को सफेद गेंद के प्रारूप का मुख्य कोच बनाये जाने से पाकिस्तानी टीम का प्रदर्शन ग्राफ ऊपर जाएगा। कर्स्टन को पिछले महीने दो साल के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच बनाया गया है। उनके कोच रहते भारत ने 2011 वनडे विश्व कप जीता था। वह 2008 से 2011 तक भारत के और 2011 से 2013 तक दक्षिण अफ्रीका के कोच रहे हैं।

## राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप ने की आत्महत्या, भाखड़ा नहर में कूदकर दी जान

पटियाला - राष्ट्रीय स्तर की हॉकी खिलाड़ी सुमनदीप कौर ने कथित तौर पर अपने भाई और भाभी से झगड़े के बाद पंजाब के भाखड़ा नहर में कूदकर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिता की शिकायत पर भाई और भाभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सुमनदीप के पिता जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पंजाब यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई कर रही थी। वह अपने बेटे विक्रमजीत सिंह और उसकी पत्नी पिंकी की ओर से सुमनदीप के साथ दुर्व्यवहार से व्यथित हैं। पुलिस ने कहा कि सुमनदीप के भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि पिंकी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने सुमनदीप का शव बरामद कर लिया है तथा मामले की जांच कर रही है।



## रोहित के नाम है सबसे अधिक टी20 विश्वकप खेलने का रिकार्ड




मुम्बई । आईसीसी टी20 विश्वकप में रोहित शर्मा एक बार फिर भारतीय टीम की कप्तानी करते नजर आयेंगे। रोहित के नाम इस विश्वकप में एक ऐसा रिकार्ड है जिसके करीब आज तक कोई भी खिलाड़ी नहीं पहुंचा। यहां तक कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी इस मामले में पीछे रह गये हैं। रोहित ने सबसे अधिक बार इस टूर्नामेंट में खेला है। वह इस टूर्नामेंट के पहले सत्र से लेकर अब तक सभी विश्व कप में टीम में शामिल रहे हैं। इस प्रकार उनके नाम टी20 विश्व कप में कुल 39 मैच खेलने का रिकॉर्ड हो गया है। वहीं दूसरे नंबर पर 36 मैच खेलने वाले बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन शामिल हैं। ऐसे में शाकिब ही एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो उनका ये रिकार्ड तोड़ सकते हैं। टी20 विश्वकप में खेलने की इस सूची में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान, वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो, पाकिस्तान के शाहिद अफीरीद, शोएब मलिक, भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी, वेस्टइंडीज के क्रिस गेल भी शामिल हैं। इन सभी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, वहीं राट कोहली ने केवल 27 मुकाबले खेले हैं, इससे वह भी रोहित शर्मा के रिकॉर्ड तक नहीं पहुंच पाएंगे।

# धोनी के नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरने पर भड़के हरभजन

**धर्मशाला (एजेंसी)।** पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने सीएसके के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के पंजाब किंग्स के खिलाफ नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आने पर नाराजगी जतायी है। हरभजन ने कहा कि धोनी को अगर इस नंबर पर आना था तो उन्हें खेलना ही नहीं चाहिये था। धोनी टी20 करियर में पहली बार नंबर 9 पर बल्लेबाजी के लिए उतरे पर वह खाता खोल बिना ही आउट गये। इसी को लेकर हरभजन हरभजन ने कहा कि ऐसे में उन्हें अपनी जगह किसी तेज गेंदबाज हो अवसर देना चाहिये था। साथ ही कहा कि सीएसके इस मैच में जीती पर धोनी के फैसले से लोग निराश हुए।

भज्जी ने कहा कि धोनी ने अपने से पहले शार्दुल ठाकुर को भेजा पर सभी जानते हैं कि शार्दुल धोनी की तरह तेज नहीं खेल सकते। इसलिए मुझे समझ नहीं आता कि धोनी ने ऐसा क्यों किया। धोनी की सहमति के बिना कुछ नहीं होता और ऐसे में ये नहीं कहा जा सकता कि किसी ने उन्हें मजूबर किया। वहीं इस मैच में पंजाब किंग्स पर जीत से सीएसके अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंच गयी है। जीत से उत्साहित टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने इस मैच में अच्छे प्रदर्शन के लिए युवा तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह की प्रशंसा की है।



## टी-20 विश्व कप के बाद एमएलसी में खेलेंगे हेड




मुम्बई । भारत में अभी आईपीएल खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने कहा है कि वह टी-20 विश्व कप के बाद अमेरिकी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप 29 जून को खत्म होगा। इसके बाद सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया का कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं है। इसी का लाभ उठाते हुए हेड ने अमेरिकी लीग में खेलने का फैसला किया है। हेड ने आईपीएल के इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से अब तक शानदार प्रदर्शन किया है , इससे टी-20 प्रारुप में उनकी मांग भी बढ़ी है। हेड का कहना है कि उनका खेल से ब्रेक लेने का कोई इरादा नहीं है। वह मेजर लीग में वाशिंगटन फ्रीडम की ओर से खेलने के लिए टीम से जुड़ेंगे। हेड के अलावा इसमें ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ फ्रीडम भी खेलेंगे। टीम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग रहेंगे। पोंटिंग को इस लीग के लिए ग्रेग शिपर्ड की जगह कोच बनाया गया है। पोंटिंग भी अभी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कोच हैं। फ्रीडम की ओर से न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी खेलेंगे। टीम ने 2023 सत्र के लिए माकर जेन्सन और अकील होसेन जैसे दो विदेशी खिलाड़ियों को भी रखा है। इस लीग में एडम ज़म्पा लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स, स्पेंसर जॉनसन नाइट राइडर्स और टिम डेविड एमआई न्यूयार्क भी खेलेंगे। ) शामिल हो गए हैं। उन्होंने एमएलसी के दूसरे सत्र के लिए अनुबंध की पुष्टि की है।

# भारतीय महिला और पुरुष रिले टीम ने पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया

**बहामास (एजेंसी)।** भारतीय महिला और पुरुष रिले टीम ने यहां बहामास में जारी विश्व एथलेटिक्स रिले में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। इसमें भारतीय महिला टीम दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रही। वहीं पुरुष टीम भी अपनी दूसरी हीट में दूसरे स्थान पर आई। इससे दोनो की टीमों ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। इसमें महिलाओं की चार गुणा चार सौ मीटर रिले में रूपल चौधरी, एमआर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3 मिनट और 29.35 सेकंड का समय निकाला और वह दूसरे स्थान पर आई जबकि जमैका की टीम 3.28.54 के साथ पहले स्थान पर रही।

इसके अलावा पुरुषों की चार गुणा चार सौ मीटर रिले में मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब की टीम 3 मिनट और 3.23 सेकेंड का समय निकालकर अपनी हीट में दूसरे स्थान पर रहे। अमेरिकी पुरुष टीम 2-59.9 का समय निकालकर पहले स्थान पर रही।

वहीं इससे पहले भारतीय महिला टीम पहले दौर की क्वालिफाइंग हीट में 3 मिनट और 29.74 सेकेंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी जबकि पुरुष टीम पहले हीट में राजेश रमेश के बीच में हटने के कारण क्वालिफाइंग नहीं कर पाई थी।



## लखनऊ की हार से राजस्थान को झटका, केकेआर अंक तालिका में टॉप पर



स्पोर्ट्स डेस्क - कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 98 रन से जीत दर्ज करके आईपीएल 2024 अंक तालिका में पहले स्थान पर जगह बनाई। 236 रनों का पीछा करते हुए लखनऊ को हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती के तीन विकेटों की बदौलत 16.1 ओवर में 137 रन पर सिमट गई। शुरुआत में सुनील नारायण की 39 गेंदों पर 81 रनों की दमदार पारी की बदौलत केकेआर ने 20 ओवरों में 235/6 का स्कोर बनाया। इस बीच लखनई के लिए नवीन-उल-हक ने तीन विकेट लिए। केकेआर 11 मैचों में 16 अंकों के साथ आईपीएल 2024 अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद दूसरे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स (16) है, जिसके पास भी समान अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (12) तीसरे और सनराइजर्स हैदराबाद (12) चौथे स्थान पर हैं। लखनऊ 12 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। छठे स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स (10) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (8) सातवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स (8) आठवें, गुजरात टाइटंस (8) नौवें और मुंबई इंडियंस (10) दस टीमों की तालिका में सबसे नीचे हैं।

# टी20 विश्व कप को मिली आतंकवादी धमकी, त्रिनिदाद के पीएम का खुलासा

**पोर्ट आफ स्पेन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है। त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा किया जबकि आईसीसी ने कहा है कि एक जून से शुरू हो रहे टूर्नामेंट की सुरक्षा के लिए व्यापक और मजबूत योजना बनाई गई है। एक जून से होने वाले टी20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार धमकी वेस्टइंडीज को मिली है। वेस्टइंडीज में प्रारंभिक दौर के कुछ मैचों के अलावा पूरा सुपर आठ चरण, सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा। रोले ने 'त्रिनिदाद डेली एक्सप्रेस' से कहा, 'यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग अलग रूपों में बना हुआ है।'

उन्होंने किसी संगठन का नाम नहीं लिया लेकिन रपटों में कहा गया है कि इस्लामिक स्टेट ने अपने चैनल के जरिए यह धमकी दी है। आईसीसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'टूर्नामेंट में हर किसी की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए व्यापक तथा मजबूत सुरक्षा योजना बनाई गई है।' इसने कहा, 'हम मेजबान देश के अधिकारियों के संपर्क में हैं और हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं। किसी भी तरह के जोखिम से निपटने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए जा रहे हैं।'

रोले ने कहा, 'किसी भी जोखिम से निपटने के लिए स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर हम मुस्तैद हैं। हम स्थानीय और क्षेत्रीय स्तरों पर कई खतरों के प्रति सतर्क रहे हैं और अकेले या साथ में हमारी खुफिया और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूरे टूर्नामेंट के दौरान देशों और स्थानों पर आबादी की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं।' उन्होंने कहा कि वेस्टइंडीज में सभी छह आयोजन स्थलों की पूरे टूर्नामेंट के दौरान कड़ी निगरानी रखी जाएगी ताकि सुरक्षा में कोई सेंध नहीं मार सके।

वेस्टइंडीज में विश्व कप मैच एंटीगा और बारबुडा, बारबाडोस, गयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनाडा, त्रिनिदाद और टोबैगो में खेले जाएंगे। अमेरिका में मैच फ्लोरिडा, न्यूयॉर्क और टैक्सास में होंगे। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि विश्व कप की फुलप्रूफ सुरक्षा के पूरे उपाय किये जा रहे हैं । क्रिकेट वेस्टइंडीज के सीईओ जॉनी ग्रेव्स ने कहा, 'हम अधिकारियों के साथ मिलकर हालात पर लगातार नजर रखे हुए हैं और टूर्नामेंट की सुरक्षा के चाक चौबंद उपाय किए जा रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हम सभी हितधारकों को टी20 विश्व कप की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त करना चाहते हैं। हमने व्यापक और मजबूत सुरक्षा योजना बनाई है।'



## भारत में अनखोजे अवसर हैं, उनकी कंपनी भविष्य में तलाशेगी: वॉरेन बफेट



वाशिंगटन। अरबपति निवेशक वॉरेन बफेट ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में अनखोजे अवसर हैं, जिन्हें उनके समूह की होल्डिंग कंपनी बर्कशायर हैथवे भविष्य में तलाशना चाहेगी। बफेट की यह टिप्पणी हाल ही में बर्कशायर की वार्षिक बैठक के दौरान आई। भारतीय इक्विटी में निवेश करने वाले अमेरिका स्थित हेज फंड दूरदर्शी एडवाइजर्स के राजीव अग्रवाल ने उनसे दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत में बर्कशायर की संभावनाओं के बारे में पूछा था। बफेट से कहा कि यह एक बहुत अच्छा सवाल है। मुझे यकीन है कि भारत जैसे देशों में बहुत सारे अवसर हैं। बर्कशायर हैथवे के सह-संस्थापक, अध्यक्ष और सीईओ ने कहा कि हालांकि, सवाल यह है कि क्या हमारे पास भारत में उन व्यवसायों के बारे में कोई बढ़त या अंतर्दृष्टि है या कोई संपर्क है, जो बर्कशायर की भागीदारी के जरिए लेनदेन को संभव बना सके। उन्होंने कहा कि बर्कशायर में अधिक ऊर्जावान प्रबंधन इसे आगे बढ़ा सकता है। बफेट (93) ने कहा कि बर्कशायर की दुनिया भर में बहुत अधिक प्रतिष्ठा है। उन्होंने कहा कि जापान में उनका अनुभव काफी दिलचस्प रहा है। भारत के बारे में उन्होंने कहा, हो सकता है कि कोई ऐसा अवसर हो, जिसकी खोज न की गई हो या जिस पर ध्यान न दिया गया हो लेकिन ऐसा भविष्य में हो सकता है।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

### सेंसेक्स 17.39 अंक ऊपर आया , निफ्टी 33.15 अंक गिरा

**मुम्बई ।**




घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को सपाट कारोबार हुआ। दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 17.39 अंक करीब 0.02 फीसदी ऊपर आकर 73,895.54 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 33.15 अंक तकरीबन 0.15 फीसदी टूटकर 22,442.70 अंक पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर पांच फीसदी ऊपर आये। बैंक के शेयरों में यह तेजी मार्च तिमाही का लाभ फीसदी बढ़ने से आई है। इसके अलावा टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, टेक महिंद्रा और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ पर बंद हुए। वहीं टाइटन का शेयर 7 फीसदी जबकि भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर भी नीचे आये। इसके अलावा अगर दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में शंघाई और हांगकांग सकारात्मक रुख पर बंद हुए जबकि जापान और दक्षिण कोरिया के शेयर बाज़ार बंद थे।

यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे और अमेरिका का वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार की तेज शुरुआत रही। सुबह बाजार खुलते समय बीएसई का सेंसेक्स 318.53 अंकों की बढ़त के साथ 74,196 पर और निफ्टी 85.75 अंकों की तेजी के साथ 22,561 के लेवल पर खुला है। वहीं शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 480 अंक चढ़कर 74,359.69 अंक पर और निफ्टी करीब 113 अंक की बढ़त के साथ 22,588.80 अंक पर पहुंच गया

## एलआईसी एजेंट ने बुढ़ापे में खड़ी कर दी 23 हजार करोड़ की कंपनी

### - रिटायरमेंट की उम्र में की थी कारोबार की शुरुआत

**नई दिल्ली ।** दुनिया में ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने ढलती उम्र में बड़ी सफलता हासिल की है। ऐसे ही कहानी लक्ष्मण दास मित्तल की है। लक्ष्मण दास सोनालिका ट्रैक्टर्स के फाउंडर हैं। एक समय पर वह एलआईसी के एजेंट हुआ करते थे। उन्होंने अपनी सैलरी से पाई-पाई बचाई थी। रिटायरमेंट की उम्र में उन्होंने कारोबार की शुरुआत की थी। आज देश के टॉप ट्रैक्टर्स के ब्रांड में सोनालिका का नाम शामिल हो चुका है। वह देश के सबसे उम्रदराज अरबपति हैं। लक्ष्मण दास मित्तल की कहानी अनोखी है, उन्होंने लोगों के लिए एक मिसाल कायम की है। लक्ष्मण दास ने दिखा दिया कि सफलता किसी भी उम्र में हासिल की जा सकती है। लक्ष्मण दास मित्तल सोनालिका ग्रुप और सोनालिका ट्रैक्टर्स के चेयरमैन हैं। इनका जन्म 5 अगस्त 1931 को पंजाब के होशियारपुर में हुआ था। इनके पिता हुकुमचंद स्थानीय मंडी में अनाज के डीलर थे, इसलिए उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी। उनके पिता उन्हें हमेशा से ही पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करते थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद 1955 में लक्ष्मण दास ने एलआईसी एजेंट के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। लक्ष्मण दास शुरू से ही बिजनेस करना चाहते थे। लेकिन बिजनेस के लिए पूंजी की जरूरत होती है। इसके लिए उन्होंने एलआईसी एजेंट के रूप में काम करते हुए अपनी सैलरी से पाई-पाई बचाई। उसी बचत से उन्होंने 1962 में नौकरी करते हुए थ्रेशर मशीन बनाने का काम शुरू किया, लेकिन इसमें वो सफल नहीं सके। उनका यह कारोबार डूब गया और वे दिवालिया हो गए, इस दौरान उनकी नेटवर्थ सिर्फ 1 लाख रुपये रह गई। साल 1996 में लक्ष्मण दास मित्तल ने अपनी सारी जमा पूंजी लगाकर सोनालिका ट्रैक्टर्स की शुरुआत की थी। लक्ष्मणदास मित्तल की ट्रैक्टर कंपनी का उत्तर भारतीय राज्यों में मजबूत कारोबार है। सोनालिका ग्रुप के 5 प्लांट पांच अलग-अलग देशों में स्थित है। कंपनी 120 से अधिक देशों में ट्रैक्टर निर्यात करती है। फोर्ब्स की लिस्ट में उन्हें अरबपतियों की लिस्ट में शामिल किया गया। उनकी नेटवर्थ 2.5 अरब डॉलर के आस पास है। वर्तमान में सोनालिका समूह का नेटवर्थ करीब 23000 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

## थार और जिम्नी को टक्कर देने आ गई 2024 फोर्स गुरखा

### - कंपनी ने 3-डोर वेरिएंट और 5-डोर वेरिएंट किया लॉन्च

**नई दिल्ली।**

भारतीय बाजार में 2024 फोर्स गुरखा लॉन्च हो गई है जो महिंद्रा की थार और मारुति की जिम्नी को टक्कर देगी। 2024 फोर्स गुरखा का कंपनी ने अपडेटेड 3-डोर वेरिएंट और 5-डोर वेरिएंट लॉन्च किया है। 3-डोर वेरिएंट की कीमत 16.75 लाख रुपए है और नए 5-डोर वेरिएंट की कीमत 18 लाख रुपए एक्स शोरूम है। कंपनी ने 2024 फोर्स गुरखा की बुकिंग शुरू कर दी गई है। ग्राहक इसे 25,000 रुपए टोकन मनी देकर बुक कर सकते हैं। इसकी डिलीवरी मई माह के अंत में शुरू की जाएगी। यह कार महिंद्रा थार और मारुति जिम्नी को टक्कर देगी। फोर्स गुरखा के दोनों वेरिएंट में 2.6-लीटर 4 सिलेंडर डीजल इंजन लगा है, जो 138बीएचपी की पावर और 320एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है। 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के जरिए पावर चारों पहियों तक जाती है। 5-डोर वेरिएंट की लंबाई 4,390 मिमी, चौड़ाई 1,865 मिमी और ऊंचाई 2,095 मिमी है। इसका व्हीलबेस 2,825 मिमी लंबा है। वहीं 3-डोर वेरिएंट की लंबाई 3,965 मिमी, चौड़ाई 1,865 मिमी, ऊंचाई 2,080 मिमी और व्हीलबेस 2,400 मिमी है। 2024 फोर्स गुरखा एसयूवी में साइड टायर (255/65 आर18) पर नए आकर्षक 18 इंच के अलॉय व्हील दिए गए हैं।2024 फोर्स गुरखा बैज के साथ एक नया फ्रंट ग्रिल, एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइट्स (डीआरएल) के साथ रेट्रो-स्टाइल गोलाकार एलईडी हेडलैंप और बीच में एक छोटे एयर डैम और गोल फॉग लैंप के साथ एक ब्लैक फ्रंट बम्पर दिया गया है। गाड़ी में 9.0-इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, एप्पल कारप्ले और एंड्राइड ऑटो कनेक्टिविटी, एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, टेलीस्कोपिक स्टीयरिंग एडजस्ट, रियर कैमरा और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे फीचर्स दिए गए हैं जो ग्राहक को आरामदायक ड्रायविंग का अनुभव कराएंगे।

## भारत और घाना अपनी भुगतान प्रणा लियों को जोड़ने पर सहमत

**नई दिल्ली ।**

भारत और घाना अपनी भुगतान प्रणालियों यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को आपस में जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। दोनों देशों ने डिजिटल रूपांतरण पर समझौता ज्ञापन की संभावनाओं, स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) से मिलने वाले अवसरों पर भी चर्चा की है। वाणिज्य विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि वे छह महीने के भीतर घाना के जीएचआईपीएसएस पर एनपीसीआई (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) के यूपीआई के संचालन की दिशा में तेजी से काम करने के लिए सहमत हुए हैं। भारत का यूपीआई पहले ही सिंगापुर और यूएई जैसे देशों तक पहुंच चुका है। इसके लिए नाइजीरिया के साथ भी बातचीत चल रही है।



## सऊदी अरब के एक फैसले से कच्चा तेल हुआ महंगा

**मुंबई ।** सऊदी अरब के एक फैसले के बाद वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल के महंगे होने के आसार बढ़ गए हैं। सोमवार को भी क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। दरअसल सऊदी अरब ने ज्यादातर क्षेत्रों के लिए जून में कच्चे तेल की कीमत बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके बाद सोमवार को तेल वायदा में तेजी आई और गाजा युद्धविराम समझौते की संभावना भी कम दिखाई दे रही है। इससे यह आशंका फिर से बढ़ गई कि प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र में इजरायल-हमास संघर्ष अभी भी बढ़ सकता है। सऊदी अरब के इस तिमाही में ऑयल सप्लाई में कमी के बीच अधिकांश क्षेत्रों के लिए जून ओएसपी बढ़ाने के बाद तेल के दाम ऊपर जाने तय लग रहे हैं। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के भाव सोमवार को उछाल के साथ कारोबार कर रहे हैं। डब्ल्यूटीआई क्रूड 0.31 फीसदी चढ़कर 78.85 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है जबकि ब्रेंट क्रूड 0.24 फीसदी चढ़कर 83.16 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। सऊदी अरब ने जून में एशिया, उत्तर-पश्चिमी यूरोप और भूमध्य सागर में बेचे जाने वाले अपने कच्चे तेल की आधिकारिक बिक्री कीमतें बढ़ा दीं, जो इस गर्मी में मजबूत मांग की उम्मीद का संकेत है। इसी का असर है कि जियो-पॉलिटिकल टेंशन कम होने पिछले हफ्ते 7.3 फीसदी से थोड़ी ज्यादा गिरावट के बाद, आईसीई ब्रेंट ने मजबूत स्तर पर नए कारोबारी सप्ताह की शुरुआत की है।पिछले हफ्ते दोनों कच्चे तेल के दोनों कॉन्ट्रेक्ट्स में तीन महीने में अपना सबसे बड़ा साप्ताहिक घाटा दर्ज किया था। इसमें ब्रेंट 7 फीसदी से ज्यादा गिर गया और डब्ल्यूटीआई 6.8 फीसदी लुढ़का था।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज लॉन्च करेगी 30 हजार करोड़ का हाउसिंग प्रोजेक्ट



**नई दिल्ली ।**

रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज की योजना चालू वित्त वर्ष 2024-25 में प्रमुख शहरों में 30,000 करोड़ रुपये की आवासीय परियोजनाएं लाने की है। कंपनी के कार्यकारी चेयरपर्सन पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि भारी मांग के बीच कंपनी का लक्ष्य बिक्री बुकिंग में 20 प्रतिशत वृद्धि पाने की है। पिरोजशा ने एक साक्षात्कार में कहा कि हमने चालू वित्त वर्ष के लिए 27,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य दिया है, जो 2023-24 में उच्च आधार से 20 प्रतिशत की वृद्धि है।

पिछले वित्त वर्ष में कंपनी की बिक्री बुकिंग 84 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 22,527 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 12,232 करोड़ रुपये थी। यह पिछले वित्त वर्ष के लिए किसी भी सूचीबद्ध इकाई द्वारा दर्ज की गई अब तक की सबसे अधिक बिक्री है। पिरोजशा ने कहा कि आवास खंड में, खासकर प्रतिष्ठित ब्रांड्स में मांग मजबूत बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह (2023-24 वित्तीय वर्ष) कुल मिलाकर एक शानदार वर्ष था, चाहे आप नई परियोजना, बिक्री, ग्राहकों से संग्रह, व्यवसाय विकास, परियोजनाओं की आपूर्ति, नकदी प्रवाह और लाभ को देखें। कारोबार में जिस तरह की गति आ रही है, उसे देखकर हम वास्तव में उत्साहित हैं।

उन्हें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में आवास की मांग बनी रहेगी। इस मांग को पूरा करने के लिए पिरोजशा ने कहा कि कंपनी ने दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद के बाजारों के लिए कई परियोजनाएं शुरू करने के लिए तैयार रखी हैं। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में दिल्ली, गुरुग्राम और नोएडा में छह परियोजनाएं शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।

# एम्बेसी आरईआईटी कार्यालय स्थल के निर्माण में करेगी 3,800 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली ।**

एम्बेसी ऑफिस पार्क्स आरईआईटी अपने मौजूदा कार्यालय परिसरों का निर्माण कार्य पूरा करने अगले चार वर्षों में 3,800 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रीमियम कार्यस्थल की मांग को देखते हुए यह निवेश किराया खंड का विस्तार करने की उसकी रणनीति का हिस्सा है। एम्बेसी आरईआईटी भारत का पहला सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (आरईआईटी) है। इसके पास वर्तमान में बेंगलुरु, मुंबई, पुणे और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 3.65 करोड़ वर्ग फुट का पूर्ण कार्यालय स्थान है। एम्बेसी आरईआईटी के एक मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने एक साक्षात्कार में कहा कि कंपनी का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अपने खंड का विस्तार करने के लिए कंपनी वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) और घरेलू कंपनियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बेंगलुरु में 61 लाख वर्ग फुट प्रीमियम कार्यालय स्थान का निर्माण कर रही है। इसके अलावा कंपनी ने प्रायोजक एम्बेसी समूह से 1,269 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर एम्बेसी स्प्लेंडिड टेक जोन (ईएसटीजेड), एक ग्रेड-ए बिजनेस पार्क खरीदने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि हम फिलहाल 61 लाख वर्ग फुट ग्रेड ए कार्यालय स्थल का निर्माण कर रहे हैं। यह अगले चार वर्षों में पूरा हो जाएगा। इन कार्यालय भवनों को पूरा करने के लिए लंबित निर्माण लागत करीब 3,800 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। कंपनी नियोजित निवेश को मुख्य रूप से ऋण के जरिए वित्तपोषित करेगी।



# आईआईएचएल को आरकैप सौदे पर इरडा की मंजूरी नहीं मिली: हिंदुजा

**मुंबई ।**

आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने कहा कि उसे रिलायंस कैपिटल के 9,650 करोड़ रुपये के अधिग्रहण के लिए बीमा नियामक इरडा से अभी तक मंजूरी नहीं मिली है।उन्होंने कहा कि आईआईएचएल इस सौदे के लिए नवंबर से ही भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि आईआईएचएल को जल्द से जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है और कहा कि आमतौर पर ऐसी मंजूरी 2-3 महीने में मिल जाती है।हिंदुजा ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आईआईएचएल इरडा की मंजूरी के 48 घंटे के भीतर बोली राशि का भुगतान करके सौदा पूरा कर लेगी। आरकैप की 9,650 करोड़ रुपये की खरीद प्रक्रिया को अमलीजामा पहनाने के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की 27 मई की समयसीमा खत्म होने में तीन सप्ताह से कुछ अधिक समय बाकी है। अशोक हिंदुजा ने कहा कि मॉरीशस स्थित आईआईएचएल ने अधिग्रहण के लिए बैंकों के एक समूह से 7,500 करोड़ रुपये का करार किया है। उन्होंने हालांकि धन देने वाले बैंकों के बारे में कोई विवरण देने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि एक प्रमुख बैंक है, जो समय आने पर धन का प्रबंध करेगा। हिंदुजा ने कहा कि 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के बाकी हिस्से का इंतजाम आईआईएचएल करेगी।

## भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मार्च में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर: पीएमआई

नई दिल्ली । भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के दम पर अप्रैल में 14 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 थी जो अप्रैल में गिरकर 60.8 हो गई। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि अप्रैल में भारत की सेवा गतिविधियों में थोड़ी धीमी गति से वृद्धि हुई, जिसे घरेलू मांग में उल्लेखनीय मजबूती के साथ नए ठेकों और वृद्धि का समर्थन मिला। घरेलू मांग में तेजी के अलावा कंपनियों ने दुनिया के कई हिस्सों से नए कारोबारी लाभ का भी उल्लेख किया जिसने सामूहिक रूप से सितंबर 2014 में श्रृंखला शुरू होने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बिक्री में दूसरी सबसे तेज वृद्धि को बल दिया। इस बीच एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स अप्रैल में 61.5 रहा जो मार्च में 61.8 था। यह 14 वर्षों में दूसरे सबसे मजबूत उछाल को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि समग्र गतिविधि के संदर्भ में, विनिर्माण व सेवा दोनों क्षेत्रों में कुल उत्पादन अप्रैल में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा यद्यपि थोड़ी धीमी गति से जो इन क्षेत्रों में निरंतर बेहतरी का संकेत देता है।

## इस सप्ताह बाजार में आएंगे तीन कंपनियों के आईपीओ

### - 6,400 करोड़ रुपए जुटने की उम्मीद

**नई दिल्ली ।**

इस सप्ताह तीन कंपनियां ब्लैकस्टोन समर्थित आधार हाउसिंग फाइनेंस, चिकित्सा प्रौद्योगिकी कंपनी इंडिजेन और यात्रा क्षेत्र से जुड़ी कंपनी टीबीओ टेक कुल मिलाकर 6,400 करोड़ रुपए जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाएंगी। इससे पहले जेएनके इंडिया ने पिछले महीने आईपीओ के माध्यम से 650 करोड़ रुपए जुटाए थे। पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि साल 2004 के बाद से पिछले चार आम चुनाव चक्रों में मई के दौरान एक भी आईपीओ पेश नहीं हुआ है।

आमतौर पर, इन वर्षों के दौरान अप्रैल से जून की अवधि चुनावी अनिश्चितता के कारण प्राथमिक बाजारों के लिए धीमी रही है। हालांकि, यह प्रवृत्ति अब अगले सप्ताह तीन आईपीओ पेशकश के साथ बदल गई है। आनंद राठी एडवाइजर्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नया चलन एक सकारात्मक संकेत है जो भारतीय पूंजी बाजार के परिपक्व होने और राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद भारत की दीर्घकालिक वृद्धि गाथा में विश्वास का संकेत देता है। इंडिजेन का तीन दिन का आईपीओ छह मई को, जबकि आधार हाउसिंग फाइनेंस और टीबीओ टेक का आईपीओ आठ मई को खुलेगा। तीनों कंपनियों के कुल 6,393 करोड़ रुपए के आईपीओ में से 4,233 करोड़ रुपए बिक्री पेशकश (ओएफएस) के माध्यम से जुटाए जाएंगे।

सेंट्रम कैपिटल में एक साझेदार ने कहा कि समग्र सकारात्मक आर्थिक भावनाओं, शेयर बाजारों में तेजी और मजबूत प्रवाह के कारण प्राथमिक बाजार की गति जारी है। आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के 3,000 करोड़ रुपए के आईपीओ में 1,000 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी किए जाएंगे और ब्लैकस्टोन ग्रुप इंक की सहयोगी कंपनी बीसीपी टोप्को 7 प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 2,000 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। फिलहाल आधार हाउसिंग में बीसीपी टोप्को की 98.72 प्रतिशत हिस्सेदारी है और आईसीआईसीआई बैंक की 1.18 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

कंपनी के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 300-315 रुपए प्रति शेयर तय किया है। चिकित्सा क्षेत्र की प्रौद्योगिकी कंपनी इंडिजेन के 1,842 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 430-452 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। इसके आईपीओ में 760 करोड़ रुपए तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे और 1,082 करोड़ रुपए के 2.34 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश होगी।

## आरईसी गिफ्ट सिटी में अनुषंगी कंपनी स्थापित करेगी

**नई दिल्ली ।**

सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड को गुजरात के गिफ्ट सिटी में एक अनुषंगी कंपनी स्थापित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है।कंपनी ने कहा कि प्रस्तावित अनुषंगी कंपनी गिफ्ट सिटी के भीतर एक वित्त कंपनी के तौर पर कर्ज देने, निवेश समेत कई वित्तीय गतिविधियों में संलग्न होगी। कंपनी के अनुसार विद्युत मंत्रालय के अधीन और अग्रणी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) आरईसी लिमिटेड को गांधीनगर में गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में एक अनुषंगी कंपनी स्थापित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त हुआ है। कंपनी ने कहा कि भारत में वित्तीय सेवाओं के लिए उभरते केंद्र गिफ्ट सिटी में परिचालन का विस्तार करने का निर्णय तब लिया गया है जब आरईसी अपने पोर्टफोलियो में विविधता ला रही है और वृद्धि के नए रास्ते खोल रही है। आरईसी लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गिफ्ट सिटी मंच विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ अंतरराष्ट्रीय ऋण गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है। हमें विश्वास है कि आरईसी वैश्विक बाजार में अपने लिए जगह बनाने के लिए इन लाभों का उपयोग करेगी।

## वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर पांच फीसदी गिरे

**नई दिल्ली ।** वन97 कम्युनिकेशंस के शेयर में सोमवार को पांच प्रतिशत की गिरावट देखी गई। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी के चेयरमैन एवं मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता के इस्तीफा देने के बाद शेयरों में गिरावट आई। बीएसई पर फिनटेक कंपनी के शेयर 4.99 प्रतिशत गिरकर 351.70 रुपये पर आ गया। एनएसई पर यह पांच प्रतिशत गिरकर 351.40 रुपये पर आ गया। हाल ही मे एक आधिकारिक बयान में गुप्ता के इस्तीफा देने की जानकारी दी गई थी। वह 31 मई के बाद कंपनी से अलग हो जाएंगे।

# सोमवार कर दिन चाचा के श्राद्ध करम में भाग लेवे पहुंचलयं हेमंत सोरेन, परिवारमन से मिललयं होयलयं भावुक








# जीरो ऐरर में चुनाव करुवाएक हमिनकर लछ, काम में कोताही अछम्य : डीडीसी

- सेक्टर पदाधिकारीमन के मिललक चुनाव परसिछन

**पलामू।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू कर आदेस में सोमार के स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में सेक्टर पदाधिकारीमन के चुनाव परसिछन देल गेलक। परसिछन कोसांग कर नोडल पदाधिकारी सह उप बिकास आयुक्त रवि आनंद कहलयं कि सेक्टर पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी आउर पोलिंग पार्टी कर बीच कर कड़ी होवयंना। सेले सेक्टर पदाधिकारी के हर बिन्दु कर जानकारी होवेक चाही। चुनाव आयोग कर गाइडलाइन कर मोताबिक उके बेवहारिक रूप देवेक कर छमता होवेक चाही। जीरो इरर में चुनाव करुवाएक हमिन कर लछ हय। सेले काम में कोनों भी कोताही अछम्य हेके।



डीडीसी पोलिंग पार्टी कर संगे समन्वय, मतदान केन्द्र में पहुंचेक, रिजर्व सामग्री कर रखरखाव आउर जरुरत कर अनुसार उपयोग, विहित प्रपत्र में रिपोर्टिंग आउर सुरछित वापसी संगे प्रत्येक बिन्दुमन उपरे संवाद करते परसिछन आउर मार्गदरसन देलयं। कार्मिक कोसांग कर नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार त्रुटि रहित रिपोर्टिंग उपरे बिस्तार से जानकारी देलयं। मौका में हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, एलआरडीसी प्यारेलाल, छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा आउर डीएसओ प्रीति किस्कू मौजूद रहयं।

जिला परसिछक परशुराम तिवारी इवीएम रिप्लेस करेक कर समय बरतेक जाएक वाला सावधानीमन, भिजिट सीट, माकपोल आउर ढेइरे कठिन बिन्दुमन कर जानकारी देलयं। इके सफल बनाएक में परसिछन कोसांग कर प्रधान सहायक रामलखन राम, जिला परसिछक अमरेन्द्र पाठक, अजित कुमार आउर राजन बाखला सक्रिय रहयं। हुवें दूसर दन हेरिटेज इस्कूल मेदिनीनगर में जिला परसिछक रामानुज प्रसाद आउर अशोक सिंह कर अनुसमर्थन में पीडब्ल्यूडी बूथ कर मतदानकर्मी सहित 261 गो पोलिंग पार्टी के परसिछन देल गेलक।

# ब्लड डोनेट कइर के सदर अस्पताल में इलाजरत छउवा कर मदद करलयं



**गुमला।** मानवता कर परिचय देते मारवाडी युवा मंच गुमला कर सदस्य गोकुल अग्रवाल ए पॉजिटिव ब्लड डोनेट कइर के सदर अस्पताल में इलाजरत एक गो छउवा कर मदद करलयं। मारवाड़ी युवा मंच कर रक्तदान प्रभारी के रोहित खंडेलवाल बतालयं कि ब्लड बैंक में ए पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध नी रहे। छउवा के ए पॉजिटिव ब्लड कर एकदम जरुरत रहे।

इस्थिति कर गंभीरता के समझते गोकुल अग्रवाल तुरते ब्लड बैंक पहुंइच के रक्तदान करलयं। इनकर काम बहुते प्रसंसनीय हेके। ई मौका में लैब टेक्नीसियन संगीता कुजूर रोहित खंडेलवाल उपस्थित रहयं।

# गोस्सनर कॉलेज : चुनाव में मीडिया कर भूमिका उपरे बिद्यार्थीमन करलयं चर्चा



**रांची।** लोकसभा चुनाव के लेइ के तैयारी जोर-सोर से होवत हे। अदमीमन कर बीच मतदान के लेइ के जागरुकता अभियान चलाल जात हे। एहे बीच गोस्सनर कॉलेज कर मास कम्युनिकेसन बिभाग कर बिद्यार्थीमन चुनाव में मीडिया कर भूमिका उपरे चर्चा करलयं। इकर में बिद्यार्थीमन कर संख्या के दू टीम में बांटल गेलक।

पहिल टीम मीडिया कर भूमिका कर सकारात्मक बात उपरे चर्चा करलयं। ऊमन आपन पछ में कहलयं कि मीडिया कर वजह से हे हमिन के चुनाव से जुड़ल हर जानकारी मिलेला। मीडिया ई छेतर में आपन अहम भूमिका निभायेला। ऊ जनता के बतायेला कि आपन देस कर बिकास ले कौन पार्टी कैसन काम करत हे।

दूसर टीम मीडिया कर नकारात्मक बात उपरे चर्चा करलयं। ऊमन कहलयं कि मीडिया खली ओहे पार्टी कर पछ में रहेला, जेकर से उनके फायदा मिलेला। ऊ बहुत सा सच्चा बात के आम जनता तक पहुंचेक नी देवेला। बिद्यार्थीमन कहलयं कि मीडिया चुनाव कर प्रति जनता के जागरूक करत हे। मौका में मास कम्युनिकेसन कर सउब बिद्यार्थी, प्रो. अनुज कुमार, प्रो. संतोष कुमार मौजूद रहयं।



# पर्यटन मंत्रालय दुबई में आयोजित अरेबियन ट्रैवल मार्ट 2024 में भाग लेलक

**नई दिल्ली।** भारत सरकार कर पर्यटन मंत्रालय 6 मई से लेइ के 9 मई, 2024 कर दौरान दुबई में आयोजित होवेक वाला अरेबियन ट्रैवल मार्ट 2024 में भाग लेवत हे। ई आयोजन मध्य पूर्व कर पर्यटन बाजार में भारत कर उपस्थिति के मजबूत करेक कर दिसा में एक गो महतपूर्न कदम हेके।

अतुल्य भारत मंडप कर उद्घाटन आइज दुबई में भारत कर महावानिज्य दूत सतीश कुमार सिवन करलयं। संयुक्त अरब अमीरात कर पूरा बाजार में कब्जा करेक कर लछ कर संगे, ई मंडप सानदार ढंग से आपन कदम राईख हे। टूर ऑपरेटर, लक्जरी होटल, वेलनेस रिसॉर्ट्स आउर भारतीय रेलवे खानपान आउर पर्यटन निगम कर एक गो प्रतिनिधिमंडल कर नेतृत्व करते, भारत अपने के 365-दिवसीय गंतव्य कर रूप में परदर्सित करेक ले तैयार हेके।




कम-ज्ञात मकिल आकर्सक अस्थलमन में प्रकास डालते, पर्यटन मंत्रालय अरेबियन ट्रैवल मार्ट में 'कूल समर्स ऑफ इंडिया' अभियान कर सुरुआत कइर हे। ई डिजिटल अभियान गर्मी कर मौसम में यात्रा कर दृस्टि से भारत कर बेहद गरम होवेक कर धारना के चुनौती देवेला आउर इकर में हिमालय सहित बिभिन्न पहाड़ी रिसॉर्ट्स से संबंधित पेसकस उपरे जोर देवल जाय हे। ई अभियान कर लछ पूरा बछर भारत के एक गो समग्र गंतब्य कर रूप में बढ़ावा देवेक हय।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com